www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-20
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84
वर्ष-37, अंक-07, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in
प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 17.02.2020 से 23.02.2020

राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस

देश में उद्योगों के लिये सबसे अनुकूल है मध्यप्रदेश -मुख्यमंत्री

उद्योग मित्र प्रस्तावों और नीतियों से प्रोत्साहित होकर निवेशकों ने की घोषणाएं

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ नई दिल्ली में मध्यप्रदेश इंडस्ट्रीयल राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस में उद्योगपतियों को संबोधित करते हुये।

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने नई दिल्ली में राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस में वस्त्र और परिधान तथा खाद्य प्र-संस्करण सेक्टर की प्रमुख उद्योग इकाइयों के प्रमुखों के साथ चर्चा में उद्योग इकाइयों को प्रोत्साहन देने के लिये राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में 100 करोड़ रुपये से कम निवेश वाले, लेकिन 500 से अधिक लोगों को रोज़गार देने वाले उद्योग 'मेगा उद्योग' की श्रेणी में शामिल होंगे और उन्हें आवश्यक पैकेज मिलेगा। निवेश को बढ़ावा देने के लिए सात दिनों के भीतर 40 सेवाओं के लिए तत्काल मंजूरी और लाइसेंस अनिवार्य रूप से मिल जाएंगे। निवेश पोर्टल द्वारा प्रदान की गई डीम्ड स्वीकृति को वास्तविक स्वीकृति/मंजूरी के बराबर माना जाएगा और इसकी कानूनी मान्यता होगी। औद्योगिक पार्कों के बाहर स्थापित परिधान इकाइयों को परिधान क्षेत्र को दिये जा रहे पैकेज के तहत प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की सोच और उद्योग मित्र एप्रोच को देखते हुए राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस में देश के शीर्ष उद्योगपतियों ने 3250 करोड़ रुपये निवेश की घोषणा की। इससे 14 हजार लोगों को रोज़गार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश पूरे देश में उद्योगों के लिए सबसे अनुकूल राज्य है। यहां कुशल मानव संसाधन के साथ निवेश के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने इन सेक्टरों को आगे बढ़ाने में उद्योगपतियों से सहयोग मांगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जैविक कपास से कपड़ा और परिधान बनाने के लिए और अधिक प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

कॉटन उत्पादक किसानों और निर्माताओं की मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी

मुख्यमंत्री ने बताया कि कॉटन उत्पादक किसानों और संबंधित निर्माताओं को शामिल करते हुए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। समिति वस्त्र/परिधान के लिए कपास के उपयोग को बढ़ावा देने के उपायों पर अमल करेगी। राज्य सरकार कपड़ा क्षेत्र में समग्र और एकीकृत इकाइयों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नीति भी तैयार कर रही है।

निवेश विस्तार को प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने बताया कि पांच करोड़ रुपये से अधिक की निवेश विस्तार योजना को भी प्रोत्साहन राशि मिलेगी। अब तक यह प्रावधान था कि प्रोत्साहन राशि मूल निवेश के केवल 30 प्रतिशत राशि पर जो 10 करोड़ रुपये से कम नहीं, पर ही मिलती थी। इससे पहले से निवेश कर चुकी इकाइयों की निवेश विस्तार योजनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

बड़ियाखेड़ी में प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क

मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्राम बड़ियाखेड़ी (सीहोर) में 60 एकड़ क्षेत्र में प्लग एंड प्ले औद्योगिक पार्क विकसित किया जाएगा। यह क्षेत्र भोपाल हवाई अड्डे से केवल 28 किलोमीटर दूर है और भोपाल-इंदौर राजमार्ग के करीब है। मुख्यमंत्री ने सभी निजी डेवलपर्स से आग्रह किया कि वे इंदौर के समीप स्थित बरलाई क्षेत्र में पीपीपी मॉडल पर परिधान पार्क के विकास के लिए आगे आएं।

वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के प्रति सतर्क रहे उद्योग जगत

मुख्यमंत्री ने राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस में परिधान, वस्त्र एवं खाद्य प्र-संस्करण क्षेत्र में स्थापित 70 से अधिक शीर्ष उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था आज कई चुनौतियों का सामना कर रही है। इन चुनौतियों को देखते हुए स्थानीय और आर्थिक क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों के प्रति उद्योग जगत को सतर्क रहना होगा। हमें नए बदलावों को अपनाने के साथ अपनी सोच को भी उनके अनुकूल बनाना होगा।

देश का 60 प्रतिशत बाजार मध्यप्रदेश के आसपास

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश आज देश का सबसे बेहतर राज्य है, जहां उद्योगों की स्थापना और उनके विकास के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि देश का 60 प्रतिशत बाजार मध्यप्रदेश के आसपास मौजूद है। स्थानीय बाजार की दृष्टि से मध्यप्रदेश में व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।

कपड़ा उद्योग से जुड़ी शीर्ष कंपनी ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन श्री राजेन्द्र गुप्ता ने 3 हजार करोड़ रुपये का निवेश भोपाल में करने की घोषणा करते हुए कहा कि इससे 10 हजार लोगों को रोज़गार मिलेगा। गोकलदास एक्सपोर्ट कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री शिवा गणपति ने बताया कि भोपाल में ही 50 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

राइट टू वाटर विषयक राष्ट्रीय जल सम्मेलन

मध्यप्रदेश में प्रत्येक व्यक्ति को घर पर मिले शुद्ध जल -मुख्यमंत्री

भोपाल, आने वाले समय में पानी की उपलब्धता समाज और सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। सब मिलकर ही इसका मुकाबला कर पाएंगे। मेरा स्वप्न है कि हर व्यक्ति को शुद्ध जल उसके घर पर मिले। यह स्वप्न सबका हो, तो जरूर इसमें सफल होंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मिंटो हाल में जलाधिकार कानून को लेकर मध्यप्रदेश सरकार और जल-जन जोड़ो आंदोलन द्वारा संयुक्त रूप रूप से आयोजित राष्ट्रीय जल सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री कमल नाथ ने कहा कि हमारी सोच के अभाव और लापरवाही के कारण जल संकट बढ़ रहा है, जो आगे चलकर और भी गंभीर होने वाला है। श्री कमल नाथ ने कहा कि 1982 में हुए पृथ्वी सम्मेलन में मैंने इस मुद्दे को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठाया था कि पर्यावरण और जंगल तभी तक सुरक्षित और जीवित हैं, जब तक हमारे पास पानी है। इसलिए पानी बचाने और जल स्रोतों को संरक्षित करने का काम सबसे पहले करना होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज हमारे 65 बांध और 165 रिज़र्व वायर सूखे की चपेट में हैं। स्थानीय निकाय नागरिकों को 2 से 4 दिन में पानी उपलब्ध करवा पा रहे हैं। भविष्य में यह संकट गहराएगा। इसकी चिंता हमें आज से करनी होगी। उन्होंने कहा कि हमारे पर्यावरणविद् और जल संरक्षण के क्षेत्र में समर्पित भाव से काम करने वाले स्वयंसेवियों को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने मिलकर इसकी आज से चिंता नहीं की, तो आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री सुखदेव पांसे ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ के नेतृत्व में यह सरकार लोगों को पर्याप्त पानी, पहुंच में पानी और पीने योग्य पानी का कानूनी अधिकार देने जा रही है। ऐसा अधिकार देने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य होगा।

मध्यप्रदेश में जल अधिकार कानून होगा सराहनीय पहल

मैग्सेसे पुरस्कार विजेता प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ को बधाई दी कि उन्होंने जल अधिकार कानून बनाने की पहल कर पूरे देश को यह सोचने पर मजबूर किया है कि वे जल संरक्षण और इसके बेहतर उपयोग के लिए काम करें। सभी राज्य सरकारों को मध्यप्रदेश की इस पहल का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जलाधिकार कानून बनाने की पहल करके मुख्यमंत्री ने समाज में विश्वास पैदाकर उनके अंदर मालिकाना हक का भाव जाग्रत किया है कि जल संसाधन हमारा है और हमारे लिए है। यह एक अवसर है जब हम सब मिलकर जल का उपयोग अनुशासित होकर करें।

फल-सब्जियों के निर्यात के लिये इंदौर-भोपाल में बनेगा पेरिशेबल कमोडिटी हब

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने मध्यप्रदेश में खाद्य प्र-संस्करण क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए नई दिल्ली में इंडस्ट्रीयल राउण्ड टेबल कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर और भोपाल में फल और सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए पेरिशेबल कमोडिटी हब की स्थापना की जाएगी। इसी तरह, कृषि विपणन के क्षेत्र में हुए बदलावों के अनुरूप मण्डी अधिनियम में भी संशोधन किए जाएंगे।

कॉन्फ्रेंस में खाद्य प्र-संस्करण क्षेत्र से जुड़े प्रमुख उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री से चर्चा में उनकी उद्योग अनुकूल और सेक्टर वाइज नीतियों के प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए मध्यप्रदेश में निवेश के प्रति गहरी दिलचस्पी दिखायी। अडानी ग्रुप, पेप्सिको और कोका कोला कंपनी ने प्रदेश में निवेश की घोषणाएं भी कीं।

- **अडानी विल्मर अपने फार्चून आटे के व्यापार में प्रदेश में बड़ा निवेश करेगा। उन्होंने विदिशा में सोयाबड़ी और बासमती चावल प्र-संस्करण में निवेश करने की जानकारी दी।**
- **पेप्सिको ने मध्यप्रदेश से हर वर्ष 110 करोड़ मूल्य के आलू की खरीदी को भविष्य में दोगुना करने की बात कही। आलू से जुड़े उत्पादों की इकाई भी पेप्सिको प्रदेश में स्थापित करेगी।**
- **कोका कोला कंपनी ने संतरा और आम का ताजा रस बनाने की निर्माण इकाई स्थापित करने और इसमें निवेश के प्रति सहमति व्यक्त की।**

अगले शिक्षा सत्र से दो चरणों में होगा कैम्ब्रिज असेसमेंट इंग्लिश प्रशिक्षण

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री श्री जीतू पटवारी ने कहा है कि कैम्ब्रिज असेसमेंट इंग्लिश का प्रशिक्षण अगले शिक्षा सत्र से दो चरणों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक चरण में 25-25 हजार विद्यार्थी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। श्री पटवारी उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में कैम्ब्रिज असेसमेंट इंग्लिश के सर्टिफिकेशन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

श्री पटवारी ने विद्यार्थियों में न्यूज चैनल्स और समाचार-पत्रों के प्रति सम्मान पैदा करने पर जोर देते हुए कहा कि खबरों की हकीकत से रू-ब-रू होना अत्यावश्यक है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही खबरों की हकीकत से कम ही लोग वाकिफ होते हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग फेसबुक के साथ मिलकर युवाओं को असली-नकली खबरों में फर्क समझाने के लिए अभियान शुरू करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि फेसबुक द्वारा 200 मास्टर ट्रेनर्स तैयार कर प्रदेश के प्रत्येक कॉलेज में युवाओं को खबरों के बीच फर्क समझाने का काम किया जायेगा।

उच्चा शिक्षा मंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान की अपनी एक अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि संस्थान में अगले सत्र से सभी क्लासरूम में वाई-फाई लगाए जाएंगे।

संत रविदास के विचारों से एकता के सूत्र में बंधा है भारत - मुख्यमंत्री

सागर, संत रविदास महाराज के विचार और उनके समाज को दिये गये संदेश के कारण ही आज हमारा भारत एकता के सूत्र में बंधा हुआ है। हमारी सरकार जवाबदेह सरकार है। हमने अपने ग्यारह माह के कामकाज का ब्यौरा दिया है। आने वाले हर साल में सरकार बतायेगी कि कृषि के क्षेत्र में किसानों के साथ न्याय हुआ है, नौजवानों को रोज़गार मिला है, भूमिहीनों को पट्टा मिला है और प्रदेश के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास हुआ है। प्रदेश की जनता को हम निराश नहीं होने देंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने संत रविदास जी की 643वीं जयंती पर सागर में विशाल समागम समारोह को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने सागर में संत रविदास जी की स्मृति में 1 करोड़ रुपये की लागत से संत रविदास भवन बनाने की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता ने साढ़े बारह माह पहले विश्वास और उम्मीद के साथ सत्ता की बागडोर हमें सौंपी थी। प्रदेश के हालात अच्छे नहीं थे। किसानों की आत्महत्या, नौजवानों की बेरोज़गारी और महिलाओं के साथ होने वाले शारीरिक अत्याचारों में मध्यप्रदेश नम्बर वन था। सरकार की तिजोरी खाली थी।

इन विपरीत परिस्थितियों में हमने प्रदेश की बदहाल व्यवस्था को सुधारने की चुनौती स्वीकार की और हमें कुछ माह में ही बेहतर परिणाम भी देखने को मिले। इसका मुख्य कारण यह है कि हम अच्छी नीयत और नीति के साथ काम कर रहे हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

8 फरवरी

मोजाम्बिक में अवैध खदान धंसने से 11 लोगों की हुई मृत्यु

● अफ्रीकी देश मोजाम्बिक में अवैध खनन के दौरान एक खदान धंसने से 11 लोगों की मृत्यु हो गई। इस हादसे में कुछ लोग घायल भी हुए हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, ये लोग खदान में जमीन से 20 मीटर नीचे खनन कर रहे थे। ये खदान काबो डेलगाडो प्रांत में थी।

● फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूरोप के सहयोगी देशों को रणनीतिक वार्ता करने का प्रस्ताव दिया है। इस वार्ता में फ्रांस अपनी परमाणु प्रतिरोधक नीति का इस्तेमाल महाद्वीप की सुरक्षा के लिये करने पर चर्चा करेगा। रक्षा जानकारों के अनुसार, रक्षा संबंधी चुनौतियों को देखते हुये फ्रांस अब नई जिम्मेदारी संभालने पर विचार कर रहा है।

9 फरवरी

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत अब कंपनी शुरू करना होगा आसान

● देश में अब नई कंपनी शुरू करना आसान हो गया है। केंद्र सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत नई कंपनियों के गठन के लिये एकीकृत इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म (ई-फॉर्म) लागू करेगी। इसके तहत कंपनी को ईपीएफओ और ईएसआईसी रजिस्ट्रेशन नंबर तुरंत आवंटित किया जायेगा। इस संबंध में कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय 10 सेवाओं की पेशकश के लिये स्पाइसईप्लस (spice +) नाम से ई-फॉर्म शुरू करने जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, इस ई-फॉर्म के जरिये दी जाने वाली सेवाओं से देश में व्यापार शुरू करने के लिये प्रक्रियाओं में कमी आयेगी और समय की बचत होगी।

● मोरक्को में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किये गये। राजधानी रबात में संसद के बाहर 10 हजार से ज्यादा लोगों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी मध्य-पूर्व एशियाई देशों के लिये ट्रंप की शांति नीति का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों ने फिलीस्तिनियों पर इजराइली सैनिकों की कार्यवाही का भी विरोध किया।

10 फरवरी

ईरान ने बैलेस्टिक मिसाइल राद-500 को किया सार्वजनिक

● ईरान ने कम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल राद-500 को सार्वजनिक किया। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि इस मिसाइल में सेटेलाइट को कक्षा में स्थापित करने वाला नई पीढ़ी का इंजन लगा है। इस इंजन का नाम जुहैर है, जो मिश्र धातु का बना है। यह इंजन बेहद हल्का है, जिससे मिसाइल के तेज गति पकड़ने में आसानी होती है। रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के अनुसार, यह मिसाइल का वजन पूर्व में बनी फतेह-110 मिसाइल से आधा है, लेकिन इसकी क्षमता फतेह-110 से 200 किलोमीटर अधिक अर्थात् 500 किलोमीटर है।

● कजाकिस्तान के झाम्बील प्रांत में दो गुटों के बीच हिंसक संघर्ष हो गया। इस संघर्ष में 300 से अधिक लोग आपस में लड़ गये। इस संघर्ष में 8 लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक लोग घायल हो गये। हमलावरों ने कई मकानों में आग भी लगा दी। कजाकिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्री येरलान तुर्गम्बेव ने कहा कि इस संघर्ष के कारणों की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

11 फरवरी

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में अब भीम एप का होगा प्रयोग

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिये देश के सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में अन्य वाणिज्यिक बैंकों की तरह आधार पे, भीम एप और पीओएस टर्मिनल के इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। आरबीआई ने कहा कि ग्राहकों को कम लागत और सुविधाजनक सेवा उपलब्ध कराने के लिये इन सेवाओं की मंजूरी दी गई है। क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को इन सेवाओं का इस्तेमाल करने के लिये आरबीआई को आवेदन करना होगा, इस संबंध में विस्तृत गाइड लाइन जारी की गई है।

● मिस्र के सिनाई प्रांत में आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की चौकी पर हमला किया। इस हमले में 7 सैनिकों की मौत हो गई। मिस्र की सेना के अनुसार, आतंकियों पर सेना ने पलटवार किया और 10 आतंकी मार गिराये हैं। ये आतंकी सेना पर बड़े हमले के इरादे से आये थे। सेना ने आतंकियों के वाहनों को भी बम से उड़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि सिनाई प्रांत में वर्ष 2013 से संघर्ष चल रहा है।

12 फरवरी

डब्ल्यूएचओ ने कोरोना वायरस को दिया कोविड-19 नाम

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चीन में फैले कोरोना वायरस को कोविड-19 नाम दिया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह वायरस 31 दिसंबर 2019 को पहली बार चीन में पाया गया था। कोविड में CO से कोरोना, VI से वायरस तथा D से डिसीज उल्लेखित है। इस वायरस के कारण मरने वालों की संख्या एक हजार के पार पहुंच गई है। इस वायरस का संक्रमण रोकने के लिये चीन ने प्रतिबंधों को कड़ा कर दिया है और बुखार से पीड़ित लोगों से कहा है कि वे इलाज के लिये शहर के बाहर के अस्पतालों में न जायें।

● अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के रक्षा बजट को 740 अरब डॉलर (लगभग 52 लाख करोड़ रुपये) करने का प्रस्ताव रखा है। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका ने चीन और रूस से मिल रही चुनौतियों को देखते हुये सेना के आधुनिकीकरण के कार्यक्रमों में तेजी लाने के लिये रक्षा बजट में इजाफा किया है। ट्रंप ने रक्षा बजट में परमाणु आधुनिकीकरण के लिये 28.9 अरब डॉलर खर्च करने का प्रावधान भी रखा है।

13 फरवरी

आयकर विभाग सेबी से साझा करेगा पैन का डाटा

● आयकर विभाग पैन नंबर सहित करदाताओं से जुड़ी तमाम सूचनाएं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ साझा करेगा। इससे सेबी को शेयर बाजार में हेरफेर करने वालों के खिलाफ जांच करने में मदद मिल सकेगी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक आदेश जारी कर रहा कि यह डाटा मांगे जाने पर स्वतः संज्ञान या ऑटोमैटिक दिया जायेगा। सीबीडीटी के अनुसार, शेयर बाजार में गड़बड़ी से संबंधित नियमों के उल्लंघन से संबद्ध जांच वाले मामलों की सूची तथा सेबी के लिये जरूरी सूचनाएं उपलब्ध कराई जायेंगी।

● केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह को बढ़ावा देने के लिये 15 दिनों के लिये फास्टैग मुफ्त करने का फैसला किया है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने फास्टैग की लागत 100 रुपये को 15 दिनों के लिये माफ कर दिया है। यह नियम 15 फरवरी से 29 फरवरी तक प्रभावी रहेगा।

14 फरवरी

पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों का बनेगा नीले रंग वाला बाल आधार कार्ड

● भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिये बाल आधार कार्ड जारी किया है। यह आधार कार्ड नीले रंग का होगा। बाल आधार कार्ड किसी भी आधार केंद्र पर जाकर बनवाया जा सकता है। यूआईडीएआई ने ट्वीट कर कहा कि 5 वर्ष या उससे कम उम्र के बच्चों के लिये बाल आधार जरूरी है। यह 5 वर्ष तक वैध रहेगा। यूआईडीएआई के अनुसार, बाल आधार कार्ड पर बच्चों के बायोमैट्रिक्स डिटेल्स नहीं होंगे। 5 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद बच्चे की बायोमैट्रिक डिटेल्स अपडेट कराना होगा। 7 वर्ष की आयु तक बच्चे की बायोमैट्रिक डिटेल्स अपडेट नहीं कराने पर यह कार्ड सस्पेंड हो जायेगा। कार्ड अपडेट का काम किसी भी नजदीकी आधार केंद्र में मुफ्त में कराया जा सकता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

विनर्स
इंस्टीट्यूट, इन्दौर
संविदा शिक्षक वर्ग 3
MPSI आरक्षक
BATCHES
दिनांक 15 एवं 20 फरवरी
समय - 8 से 1 और 2 से 7
समय - 8 से 1 और 2 से 7
नये बैचेस प्रारंभ
फ्री ONLINE TEST SERIES
ONLINE CLASSES FACILITY
इन्दौर | Call : 9009335533
R-43536/2020

UPSC/ MPPSC की डगर आसान बनाने के लिए
कौटिल्य एकेडमी का नया प्रयास
प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पढ़ें
कौटिल्य भारत





- सिविल सेवा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए मुख्य परीक्षा तथा प्रारम्भिक परीक्षा से तारतम्यता रखने वाला भारत का एकमात्र पत्रिका।
- सम्पूर्ण माह के समसामयिक मुद्दो का (अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, आर्थिक, पर्यावरण तथा पारिस्थितिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा स्वास्थ्य) समग्र अवलोकन।
- मध्यप्रदेश सिविल सेवा हेतु मध्यप्रदेश करेंट अफेयर्स को कवर करने वाली एकमात्र पत्रिका।
- अभ्यर्थियों के मनोबल एवं मानसिक विकास हेतु टॉपर्स के साथ बात-चीत का प्रमुख बिंदु।
- निबंध प्रश्न पत्रों को ध्यान में रखते हुए समसामयिक आलेख की विशेष प्रस्तुति।
- अभ्यर्थियों के तैयारी को गति तथा स्वमूल्यांकन प्रदान करने हेतु समसामयिक प्रश्नोंकी अभ्यास शृंखला।
- पत्रिका में संकल्पनात्मक तथा तथ्यात्मक बिन्दुओं का विशेष समायोजन।
- माइंड मैप तथा डायग्राम के माध्यम से रूचिकर प्रस्तुति।
- मुख्य परीक्षा हेतु प्रश्नोत्तरी तथा उत्तर प्रारूप।

PANKAJ

विशेष आकर्षण: *नवीन समसामयिक मुद्दे, मध्य प्रदेश राज्य विशेष तथा समसामयिकी, मुख्य परीक्षा उत्तर प्रारूप, योजना/कुरूक्षेत्र चिस्ट एवं अभ्यास हेतु समसामयिकी वस्तुनिष्ठ प्रश्न*

HEAD OFFICE: Bhanwarkua Square, Indore | Mob.: 78981 02701, 75663 33396, 93990 96267

R-43523/2020

प्रयासKSG
An institute for MPPSC Examination
UPSC में 2000 से अधिक सलेक्शन देने के बाद MPPSCको समर्पित KSG का प्रतिबद्ध संस्थान- प्रयासKSG
Build Your Own Success Story

Our Proud Achievers
MPPSC

2nd Rank
Rachna Sharma

8th Rank
Gagan Bisen

15th Rank
Tanmay

तैयारी जीत की
MPPSC
2020
PRE+MAINS
WITH STUDY MATERIAL
New Batch Starting from
1st MARCH 2020
Both English and Hindi Medium
दिल्ली एवं म.प्र. के
अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन

Plot No. 43, S-1 & S-3, 2nd Floor,
R.R. Arcade, Zone-II, M.P. Nagar, Bhopal
7223901339, 0755-4940022

R-43535/2020

रोज़गार और निर्माण वर्ष-37, अंक-07, 17.02.2020 से 23.02.2020

● प्रबंध संचालक - संजय कुमार शुक्ल ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह, राकेश गौतम ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार वनवट (वित्त) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

मध्यप्रदेश में कोरोना वायरस का कोई प्रकरण नहीं

चीन में इन दिनों कोरोना वायरस के फैलने के बड़े पैमाने पर खबर आ रही है। वहां बड़ी संख्या में इस वायरस से लोगों की मृत्यु भी हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा नोवेल कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर अंतर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया गया। मध्यप्रदेश में यद्यपि कोरोना वायरस का कोई प्रकरण नहीं पाया गया है फिर भी डब्ल्यूएचओ की सलाह अनुसार, प्रदेश में अलर्ट किया गया है। मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ एवं लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने प्रदेश की जनता से कोरोना वायरस से बचाव के लिये सावधानी बरतने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित सभी को इसके बचाव एवं सावधानी के बारे में सभी आवश्यक उपाय तुरंत किये जाने के निर्देश दिये हैं। कोरोना वायरस बीमारी संबंधी जानकारी और सूचना के लिये राज्य स्तर पर कॉल सेंटर 104 स्थापित किया गया है। कॉल सेंटर में 30 ऑपरेटर्स कार्यरत हैं। सभी को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रदेश में चीन से आने वाले यात्रियों की एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई है। एयरपोर्ट पर अंतर्राष्ट्रीय विमानों से आने वाले यात्रियों से स्व-घोषणा पत्र भी भरवाये जा रहे हैं। विदेश मंत्रालय की सूचना पर चीन से आने वाले यात्रियों की निगरानी की जा रही है। प्रदेश के प्रत्येक जिला चिकित्सालय में 2 से 6 बिस्तरीय तक तथा सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में 10-10 बिस्तरीय आईसोलेशन वॉर्ड बनाये गये हैं। टर्शीअरी केअर के लिये निजी चिकित्सालयों की सेवाएं भी ली जायेंगी। एम्स तथा मेडिकल कॉलेज में राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी बनाये गये हैं। अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिला सर्विलेंस अधिकारी एवं जिला एपीडिमियोलॉजिस्ट को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रदेश में चीन एवं प्रभावित देशों से आये यात्रियों की पहचान के लिये होटल एसोसिएशन एवं पर्यटन विभाग से समन्वय कर कार्यवाही की जा रही है। होटल में रुके यात्रियों की भी पहचान की जा रही है। सांची स्तूप के पास विदेशी पर्यटकों की जांच की जा रही है। केमिस्ट एसोसिएशन के माध्यम से आमजन के लिये मास्क की व्यवस्था की जा रही है। चीन अथवा अन्य संक्रमित देशों से आने वाले यात्रियों का उनके घर पर ही आइसोलेशन किये जाने एवं स्वास्थ्य संबंधी जांच के निर्देश जारी किये गये हैं। अब तक विश्व के 25 देशों प्रमुखतः चीन, जापान, थाईलैंड, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, साउथ कोरिया, जर्मनी, मलेशिया, यूएसए एवं हांगकांग में इसके कुल 37 हजार 558 पॉजीटिव प्रकरण पाये गये हैं। चीन में इसके 37 हजार 251 प्रकरण पॉजीटिव पाये गये हैं। भारत में अभी तक इसके 3 मरीज केरल राज्य में पाए गये हैं। नोवल कोरोना एक प्रकार का वायरस है, इसकी गंभीरता को देखते हुये इसे नोवल कोरोना वायरस नाम दिया गया है। यह वायरस चीन के वुहान शहर में पहली बार पाया गया था इसलिये इसे वुहान वायरस भी कहा जा रहा है। कोरोना वायरस का संबंध वायरस के ऐसे परिवार से है, जिसके संक्रमण से जुकाम और साँस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं होती हैं। इस वायरस के जेनेरिक कोड के विश्लेषण से पता चलता है कि इस वायरस में इंसानों को संक्रमित करने की क्षमता एक अन्य संक्रामक वायरस सॉर्स जैसी है। सॉर्स वायरस भी पहली बार चीन में पाया गया था।

ब्रह्मांड को जानें

सौरमंडल

गतांक से आगे- अपनी स्थिति बदलने और कभी-कभी गायब होने की वजह से इन्हें प्लैनेट या घुमक्कड़ कहा गया। पहले ज्ञात ग्रहों का नामकरण रोम के देवताओं- मर्क्यूरी, वीनस, मार्स, ज्यूपिटर और सेटर्न के नाम से किया गया। शेष ग्रहों का जब पता चला, तब उनको भी पुराने ढर्रे पर यूरेनस, नेप्च्यून नाम दिया गया। आंतरिक ग्रह और बाहरी ग्रहों के रूप में इन ग्रहों का विभाजन किया गया।



आंतरिक ग्रह हैं- बुध, शुक्र, पृथ्वी और मंगल। पृथ्वी आंतरिक ग्रहों में सबसे बड़ी और घनी है। सभी आंतरिक ग्रह घनी चट्टानों से बने हैं और इन्हें पार्थिक ग्रह कहा जाता है, क्योंकि यह पृथ्वी के समान हैं। बाहरी ग्रह वृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेप्च्यून बहुत बड़े हैं और इनका बड़ा उपग्रहीय परिवार है। ये प्रायः हाइड्रोजन और हीलियम गैस से बने हैं। इनको बार्हस्पत्य या जोवियन कहते हैं। ये वृहस्पति के समान हैं। नोवियन, वृहस्पति का यूनानी नाम है। ये सभी ग्रह बड़ी तेजी से घूमते हैं, इनका वातावरण घना है और ये आंतरिक या पार्थिक ग्रहों की अपेक्षा अधिक महीन तत्वों से बना है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी

मां से सीखी भाषा ही है मातृभाषा

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, पत्रकार हैं)

हृदय की कोई भाषा नहीं है, हृदय-हृदय से बातचीत करता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का यह कथन बिल्कुल सही है, क्योंकि कई बार हम बिना कुछ कहे भी लोगों की बात को समझ लेते हैं। यही हृदय की भाषा भी कहलाती है। लेकिन वह भाषा जो संवाद को सरल बनाती है, अपनेपन से जोड़ती है वह मातृभाषा कहलाती है। भाग्य व्यक्ति अपने हाथ से लिखता है और जो व्यक्ति अपनी भाषा में ज्ञान प्राप्त करता है उसका बौद्धिक विकास बेहतर होता है। यह विज्ञान भी मानता है। मातृभाषा के इस महत्व को समझते हुए ही और इसे सम्मान देने के लिए हर वर्ष पूरे विश्व में 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। मातृभाषा से आशय जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है, उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं। मातृभाषा, किसी भी व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। मातृभाषा को मां से भी इसलिए जोड़ा गया है, क्योंकि जिस तरह से एक नन्हा बालक सबसे ज्यादा अनुराग अपनी मां से करता है, वही उसकी प्रथम गुरू होती हैं और वह जो जुड़ाव अपनी मां से रखता है। वही जुड़ाव बचपन में उसका अपनी मातृभाषा से होता है। जैसे मां एक बच्चे को कुछ सिखाए तो वह जल्दी सीखता है, समझता है उसी तरह मातृभाषा में कुछ कहा जाए, सिखाया जाए तो बालक उसे ज्यादा तीव्र गति से समझ सकता है। 17 नवंबर, 1999 को यूनेस्को ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को स्वीकृति दी थी।

दुनिया की 6 हजार भाषाओं को चाहिए संरक्षण

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा मिले। हर व्यक्ति की भाषा को पूरा सम्मान मिले। संयुक्त राष्ट्र के हिसाब से पूरी दुनिया में कुल 6 हजार से अधिक भाषाएं ऐसी हैं, जिन्हें संरक्षण की आवश्यकता है, जो विलुप्त होने के कगार पर हैं। इनमें से दो हजार भाषाएं ऐसी हैं, जिन्हें बोलने वाले लोग अब 1000 से भी कम हैं। यानी भाषाओं के संरक्षण के लिए सभी को प्रयास करना होगा।

20 बरस पूरे हुए अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के

पहली बार 21 फरवरी 2000 को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा औपचारिक रूप से प्रस्ताव पारित कर 2008 में इसे मान्यता दी गई। वर्ष 2008 को संयुक्त राष्ट्र ने 'अंतर्राष्ट्रीय भाषा वर्ष' के रूप में मनाया। दिलचस्प बात यह है कि इस दिवस के आरंभ की कहानी भी अविभाजित भारत का एक प्रमुख हिस्सा रहे पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से है। पाकिस्तान सरकार द्वारा उर्दू भाषा को जबरदस्ती बांग्लाभाषी लोगों पर थोपा जा रहा था। तब 21 फरवरी, 1952 को ढाका में छात्रों ने अपनी मातृभाषा बांग्ला के पक्ष में जबर्दस्त विरोध प्रदर्शन किए, जिसमें पुलिस और सेना की गोली से बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी मारे गए। मातृभाषा के सवाल से शुरू हुआ यही आंदोलन बाद में बांग्लादेश की मुक्ति के आंदोलन में परिणित हुआ। पूर्वी पाकिस्तान (पूर्वी बंगाल) के भाषा आंदोलन का एक और महत्वपूर्ण पक्ष है- बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी ने उर्दू का विरोध करते हुए बांग्ला के पक्ष में आंदोलन कर यह साबित कर दिया कि भाषा का मजहब से कोई नाता नहीं है। बांग्लादेश में 1952 के शहीदों को याद करने के लिए 21 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। बांग्लादेश ने अपनी आजादी के बाद बांग्लादेश का राष्ट्रगाना आमार सोनार

बांग्ला को चुना, जिसे गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा ही लिखा गया था।

चिड़ियों के चहचहाने की तरह है यह भाषा

कई बार हम कल्पना करते हैं कि काश पक्षियों की भाषा समझ पाते, लेकिन दुनिया में एक जगह है, जहां लोग बर्ड लैंग्वेज, यानी पक्षियों की भाषा में बात करते हैं। ये जगह है टर्की का गिरेसुन प्रांत। करीब 10 हजार की आबादी वाले इस पहाड़ी इलाके के लोग एक-दूसरे से बर्ड लैंग्वेज में बात करते हैं। यूनेस्को ने इस अनोखी भाषा को अब अपनी कल्चरल हैरिटेज की सूची में शामिल कर लिया है। चिड़ियों के चहचहाने, पक्षियों के कलरव या सीटी बजाने वाली भाषा की ये कला कोई 500 साल पुरानी है। उस वक्त जब यातायात के साधन नहीं थे, गाड़ियां नहीं थीं, मोबाइल फोन नहीं थे, ऐसे में अगर पहाड़ी इलाकों में दूसरे छोर पर रहने वाले शख्स तक तुरंत कोई संदेश पहुंचाना हो, तो कैसे पहुंचाया जाए? इस समस्या का हल टर्की के ओट्टोमैन एम्पायर के लोगों को प्रकृति से मिला। पक्षियों को देख सुनकर इलाके के लोगों ने अपनी एक खास भाषा ईजाद की, जिसमें शब्द नहीं हैं, सिर्फ तरह-तरह की सीटियां हैं। बर्ड लैंग्वेज की हर सीटी का एक अलग मतलब है। हाई-पिच की वजह से ये सीटियां बहुत दूर तक सुनाई देती हैं। इसलिए लोगों को किसी तक कोई संदेश पहुंचाने के लिए मीलों चलकर नहीं जाना पड़ता था, या चिल्ला-चिल्लाकर नहीं बोलना पड़ता था, बस कुछ सीटियां उनका संदेश सामने वाले तक पहुंचा देती थीं। सैकड़ों सालों तक परिवार के बड़े-बूढ़े अपनी अगली पीढ़ी को ये कला सिखाते रहे, लेकिन अब बर्ड लैंग्वेज जानने वाले, होठों, जीभ और अंगुलियों की मदद से अलग-अलग तरीके की सीटियां निकालने वाले लोग धीरे-धीरे बूढ़े हो रहे हैं और स्मार्टफोन चलाने वाली नई पीढ़ी इस प्राचीन कला को सीखने में ज़्यादा दिलचस्पी नहीं दिखा रही है, इसलिए ये अनोखी कला धीरे-धीरे खत्म हो रही है। एक वक्त था जब स्पेन के कैनेरी आयलैंड से लेकर मैक्सिको और ग्रीस के गांवों तक में बर्ड लैंग्वेज बोली जाती थी, लेकिन आज इस भाषा को जानने वाले दुनिया में सिर्फ 10 हजार लोग बचे हैं। ये अनोखी भाषा बची रहे, इसके लिए स्थानीय प्रशासन ने 2014 से प्राइमरी स्कूलों में बर्ड लैंग्वेज की पढ़ाई शुरू करवा दी है। यहां हर साल पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इस आवाज को सबसे बेहतर ढंग से कौन बोल सकता है, इसे लेकर प्रतियोगिता भी आयोजित की जाती है।

विलुप्त होती भाषाएं

भारतीय संस्कृति की विविधता को समझना है तो उसकी मातृभाषाओं को समझना जरूरी है। भारत में कार्यरत ऑल इंडिया रेडियो 23 भाषाओं और 146 बोलियों में प्रसारण का कार्य करता है, जबकि देश में 35 भाषाओं में अखबार प्रकाशित होते हैं। इसके बावजूद भी देश में ऐसी भाषाओं की बड़ी तादाद है, जो खत्म हो रही हैं। बीते कुछ सालों में लगातार मातृभाषाओं की विलुप्ति की चिंताजनक स्थिति पूरी दुनिया में ही नहीं, भारत में भी हो रही है। अगर भाषाओं को जीवंत रखना है तो उसके लिए मातृभाषा में प्राथमिक स्कूल की शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

भारत के संविधान में दर्ज हैं 22 भाषाएं

भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में संस्कृत सहित कुल 22 भाषाएं दर्ज हैं। देश की 96.7 प्रतिशत आबादी इन्हीं 22 भाषाओं को बोलती है। वहीं अन्य 3.3 प्रतिशत लोग अन्य भाषा बोलते हैं। हिंदी संवैधानिक रूप से देश की राजभाषा होने के साथ-साथ देश में सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा है। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत के 43.63 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं। बांग्ला दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। करीब 8.03 प्रतिशत भारतीय बांग्ला भाषा बोलते हैं। देश में 6.86 प्रतिशत अर्थात आठ करोड़ 30 लाख लोग मराठी भाषा बोलते हैं। तेलुगु भाषा आंध्रप्रदेश तथा तेलंगाना के अलावा तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों के कुछ हिस्सों में भी बोली जाती है, करीब 6.7 प्रतिशत लोग तेलुगु बोलते हैं। तमिल भाषा को करीब 5.7 प्रतिशत भारतीय बोलते हैं। देश में 4.58 प्रतिशत लोग गुजराती बोलते हैं। भारत की कुल जनसंख्या के 4.19 प्रतिशत लोग उर्दू बोलते हैं। देश में 3.61 प्रतिशत लोग कन्नड़ भाषा बोलते हैं, यह मुख्य रूप से कर्नाटक में बोली जाती है। उड़िया भारत के ओडिशा राज्य में बोली जाने वाली मुख्य भाषा है। देश में 3.1 प्रतिशत लोग उड़िया भाषा बोलते हैं। भारत में 2.88 प्रतिशल लोग मलयालम भाषा बोलते हैं, यह केरल राज्य की प्रमुख भाषा है लेकिन तमिलनाडु, कर्नाटक सहित देश के कई अन्य इलाकों में बसे मलयालियों द्वारा यह बोली जाती है। देश में 2.74 प्रतिशत लोग पंजाबी भाषा बोलते हैं, यह मुख्य रूप से पंजाब में बोली जाती है। इसे गुरमुखी लिपि में लिखा जाता है। असमिया भारत के असम राज्य की मुख्य भाषा है। देश के 1.26 प्रतिशत लोग यह भाषा बोलते हैं। देश में 1.12 प्रतिशत लोग मैथिली भाषा बोलते हैं। यह मुख्य रूप से बिहार के मिथिलांचल इलाके में बोली जाती है। इसके अलावा मैथिली झारखंड और नेपाल के तराई क्षेत्र में भी बोली जाती है। भारत में 0.61 प्रतिशत लोग संथाली बोलते हैं। संथाली भाषा का प्रयोग झारखंड, असम, बिहार, उड़ीसा, त्रिपुरा, और पश्चिम बंगाल में रहने वाले संथाल समुदाय के लोग करते हैं। कश्मीरी भाषा मुख्यतः कश्मीर घाटी तथा चिनाब घाटी में बोली जाती है, 0.56 प्रतिशत लोग कश्मीरी बोलते हैं। भारत के 0.24 प्रतिशत लोग नेपाली भाषा का इस्तेमाल बोलचाल में करते हैं। यह भारत के सिक्किम, पश्चिम बंगाल, उत्तर-पूर्वी राज्यों असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश राज्यों के कुछ इलाकों में बोली जाती है। भारत में 0.23 प्रतिशत लोग सिंधी भाषा बोलते हैं। यह पश्चिमी हिस्से और मुख्य रूप से सिंध प्रान्त में बोली जाने वाली एक प्रमुख भाषा है। डोगरी भारत के जम्मू और कश्मीर में बोली जाने वाली एक भाषा है, इस भाषा को बोलने वाले डोगरे कहलाते हैं। भारत में कुल 0.21 प्रतिशत लोग डोगरी भाषा बोलते हैं। भारत में कुल 0.19 प्रतिशत लोग कोंकणी भाषा बोलते हैं। यह गोवा, केरल, महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ इलाकों में बोली जाती है। भारत में कुल 0.12 प्रतिशत लोग बोडो भाषा का प्रयोग करते हैं। यह देवनागरी लिपी में लिखी जाती है। असम के कुछ इलाकों में बोली जाती है। संस्कृत भाषा को भी भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में जगह दी गई है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में करीब 24,821 लोगों ने संस्कृत को अपनी मातृभाषा के रूप में बताया है।

(फोटो गूगल से साभार)

उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर

//विज्ञप्ति//

क्रमांक : 469/परीक्षा/2020 जबलपुर, दिनांक- 11.02.2020

उच्च न्यायालय में असिस्टेंट लायब्रेरियन के नियमित रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति वर्ष-2020

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	:	10.03.2020 (12.00 PM)
आवेदन करने की अंतिम तिथि	:	03.04.2020 (11.59 PM)
आवेदन में त्रुटि सुधार प्रारंभ होने की तिथि	:	07.04.2020 (12.00 PM)
आवेदन में त्रुटि सुधार करने की अंतिम तिथि	:	10.04.2020 (11.59 PM)
ऑनलाइन मुख्य परीक्षा की तिथि	:	28.04.2020 (मंगलवार)
साक्षात्कार का दिनांक	:	बाद में अधिसूचित किया जावेगा।

उपरोक्त रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु अनुसूचित जाति के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन पत्र ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं।

खण्ड "अ"

(एक)- नियमित पद की अनुमानित संख्या :-

पदनाम	अनारक्षित	अ.पि.व.	अनु.जाति	अनु. जनजाति	कुल योग
असिस्टेंट लायब्रेरियन	-	-	01	-	01

(दो)- पदनाम, वेतनमान तथा शैक्षणिक एवं तकनीकी अर्हतायें :-

पदनाम एवं वेतनमान	न्यूनतम शैक्षणिक एवं तकनीकी अर्हता
असिस्टेंट लायब्रेरियन 5200-20200 + ग्रेड पे 2800 (7वें वेतनमान में लेवल 7 पे मेट्रीक्स 28700-91300)	1. He/she must be Post Graduate Degree in Library & Information Science from any recognize University. 2. PGDCA from any recognize institution/University. 3. Familiar with Library automation software. 4. Degree of Law (Desirable). 5. Graduate with Bachelor's degree in Library Science preference may be given to Law Graduate. 6. Knowledge of Computer Application.

(तीन)- संबंधित पद हेतु टीप :-
उपरोक्तानुसार दर्शित न्यूनतम अर्हतायें (कम्प्यूटर अर्हता सहित) ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

(चार)- आयु की गणना :-
दिनांक 01.01.2020 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो परंतु 35 वर्ष की आयु पूरी नहीं की हो, उक्त तिथि पर ही अधिकतम आयु सीमा की गणना निम्नानुसार होगी :-

1.	पुरुष आवेदक (अनुसूचित जाति)	40 वर्ष
2.	महिला आवेदक (अनुसूचित जाति)	40+10 = 50 वर्ष
3.	विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिला आवेदक (अनुसूचित जाति)	40+10+5 = 55 वर्ष

(पाँच)- आरक्षण संबंधी टीप :-
(1) केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी जो अनुसूचित जाति श्रेणी के हैं, वे आवेदन पत्र में तद्नुसार अपनी श्रेणी अंकित करें।

(छः)- नियुक्ति संबंधी टीप :-
(अ) चयनित आवेदक की नियुक्ति पूर्णतया अस्थाई रूप से दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएगी, जो कि नियमानुसार बढ़ाई जा सकेगी।
(ब) चयनित आवेदक को अधिकृत मेडीकल बोर्ड से निर्धारित शुल्क अदा कर मेडीकल फिटनेस सर्टिफिकेट पेश करना होगा।

(सात)- चयन एवं अभ्यर्थिता के संबंध में अन्य आवश्यक अर्हता एवं जानकारी :-
(1) आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना आवश्यक है।
(2) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम, 6 के अनुसार नियुक्ति के लिये वह उम्मीदवार अपात्र होगा जो निम्न में से कोई हो-
(क) उम्मीदवार जिसके एक से अधिक जीवित पति या पत्नियां (जैसी भी स्थिति हो) है। इसी प्रकार उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पत्नी या पति (जैसी भी स्थिति हो) जीवित हो।
(ख) जो शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं पाया जाए।
(ग) जिसे महिलाओं के विरुद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो।
(घ) जिसकी दो से अधिक सन्तान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ है, (परंतु निरर्हित नहीं होगा यदि एक संतान के जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है।)
(3) शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों/संस्था में कार्यरत् कर्मचारियों को नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न/प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा इसके अभाव में उनकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जावेगी। यदि अपने नियोजित होने के संबंध में जानकारी छिपायी जाती है तो उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की जावेगी तथा उनकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जावेगी।
(4) केन्द्र या राज्य सरकार के या केन्द्र या राज्य सरकार के अधिकारी या भारत के किसी भी न्यायालय द्वारा या स्थानीय प्राधिकारी या सरकारी निगम द्वारा या केन्द्र या राज्य सरकार के स्वामित्व वाले नियंत्रित व्यक्ति द्वारा सेवा से बर्खास्त किया गया अभ्यर्थी पात्र नहीं होगा।
(5) अभ्यर्थी किसी भी पद हेतु किसी भी स्थापना में नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा यदि उसके विरुद्ध किसी कार्यालय में विभागीय जांच लंबित हो।
(6) सभी परीक्षाओं में अभ्यर्थी का प्रवेश पूर्णतः प्राविधिक है। अभ्यर्थी को सभी परीक्षाओं में मूल फोटो परिचय-पत्र भी लाना आवश्यक है। अंतिम शैक्षणिक संस्था प्रमुख द्वारा जारी फोटो परिचय-पत्र भी मान्य किया जा सकेगा।
(7) पद की संख्या में वृद्धि हो सकती है।
(8) चयन प्रक्रिया को संशोधित या निरस्त करने का पूर्ण अधिकार माननीय मुख्य न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर को है।
(9) यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन की शर्तें पूरी न करते हुये भी आवेदन प्रेषित करता है या उसका आवेदन पत्र त्रुटिपूर्ण पाया जाता है तो किसी भी स्तर पर उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जायेगी, जिस पर कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।
(10) यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन में उल्लिखित शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता से संबंधित कोई भी दस्तावेज (उत्तीर्ण होने का) संलग्न नहीं करता है, तो अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जायेगी, जिस पर कोई पत्राचार मान्य नहीं होगा।
(11) ऑनलाइन आवेदन पत्र में की गई समस्त त्रुटियों के सुधार हेतु ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् 03 दिन का समय प्रदान किया गया है, ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने ऑनलाइन फार्म में किसी भी प्रकार की त्रुटि की है वे उक्त त्रुटि का सुधार कर सकते हैं, तिथि समाप्त होने के पश्चात् किसी भी तरह का कोई त्रुटि सुधार कार्य नहीं किया जावेगा तथा उपरोक्त संबंध में प्राप्त अभ्यावेदनों को नस्तीवद्ध कर दिया जावेगा। अभ्यर्थी इस तथ्य का विशेष ध्यान दें कि श्रेणी/जन्मतिथि/विकलांगता/लिंग एवं आपराधिक प्रकरण के संबंध में की गई त्रुटि का सुधार कार्य नहीं किये जाने पर तथा संज्ञान में आने पर अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जावेगी।
(12) आरक्षित वर्ग (अनुसूचित जाति) के अभ्यर्थी मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक एफ-7-13/2004/आ.-ग्र./एक भोपाल, दिनांक 11.07.2005 में दिये गये निर्देशों के अध्यधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही प्रस्तुत करें।
(13) यदि किसी अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थाने/न्यायालय में विचाराधीन हो अथवा किसी न्यायालय से निराकृत हो चुका हो तो निर्णय/संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक व दिनांक आदि की जानकारी अनिवार्यतः दें। यदि कोई अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन में दाण्डिक प्रकरण की जानकारी छिपाता है तो किसी भी समय संज्ञान में आने पर तत्काल उसकी अभ्यर्थिता बिना कोई कारण बताये निरस्त कर दी जायेगी और उसे परीक्षा के आगे के चरण में भाग लेने का अधिकार नहीं रहेगा।

(आठ)- अनर्हताएँ -
निम्नलिखित मामलों में, उल्लंघन करने वाले आवेदकों का अभियोजन किया जा सकेगा और/या चयन के लिये उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी और/या उसे या तो स्थायी रूप से या विशिष्ट अवधि के लिये विवर्जित कर दिया जाएगा :-
1. जिसने अपनी उम्मीदवारी के लिये मुख्य परीक्षा में किसी भी तरीके से समर्थन प्राप्त किया हो या इसके लिये प्रयास किया हो, या
2. प्रतिरूपण (इम्परसोनेशन) किया हो या कराया हो, या
3. कूटरचित दस्तावेज या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किये हों, जिनमें फेरबदल किया गया हो, या
4. चयन के किसी भी स्तर पर परीक्षा हेतु दिये गये किसी भी आवेदन/प्रपत्र/अनुप्रमाणन/दस्तावेज में, असत्य जानकारी दी हो या सारभूत जानकारी छिपाई हो, या
5. परीक्षा में प्रवेश पाने के लिये कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाया हो, या
6. परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का उपयोग किया हो या करने का प्रयास किया हो, या
7. परीक्षा संचालन में लगे कर्मचारियों/अधिकारियों को परेशान किया हो या धमकाया हो या शारीरिक क्षति पहुंचायी हो या किसी तरीके से दुर्व्यवहार किया हो, या
8. आवेदकों को प्रवेश पत्र में दिये गये किन्हीं निर्देशों या अन्य अनुदेशों, जिनमें परीक्षा संचालन में लगे केन्द्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारी द्वारा मौखिक रूप से दी गई हिदायतें भी शामिल हैं, का उल्लंघन किया हो।
9. यदि किसी अभ्यर्थी ने अपनी योग्यता, जन्मतिथि, लिंग, अर्हता अथवा श्रेणी से सम्बन्धित या अन्य कोई जानकारी जो परीक्षा या चयन प्रकिया के दौरान किसी भी समय ऑनलाइन आवेदन या आवेदन पत्र या दस्तावेज में चाही गयी है, से सम्बन्धित गलत जानकारी दिया है, तो किसी भी समय संज्ञान में आने पर तत्काल उसकी अभ्यर्थिता बिना कोई कारण बताये निरस्त कर दी जायेगी और उसे परीक्षा के आगे के चरण में भाग लेने का अधिकार नहीं रहेगा।

खण्ड "ब"

(एक)- पोर्टल शुल्क-
ऑनलाइन मुख्य परीक्षा में आवेदन करने हेतु अनुसूचित जाति श्रेणी के आवेदकों के लिए केवल सेवा प्रदाता का शुल्क रु. 395.30/- देय होगा।

(दो)- ऑनलाइन आवेदन भरने सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी :-
1. आवेदक स्वयं अपना ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं।
आवेदन पत्र म.प्र. उच्च न्यायालय की वेबसाइट **www.mphc.gov.in** पर ऑनलाइन उपलब्ध है, अभ्यर्थी को उक्त वेबसाइट में जाकर "Recruitment/Result" की बटन में क्लिक करना होगा, जिसमें उक्त पद की भर्ती का ऑनलाइन आवेदन उपलब्ध होगा, जिसे क्लिक करने पर 04 लिंक खुलेंगी, जो कि निम्नानुसार हैं :-
1. Advertisement
2. Registration
3. Application
4. Edit Application

Advertisement लिंक पर क्लिक कर विज्ञापन के पूरे निर्देशों को ध्यान से पढ़ लें, तत्पश्चात् Registration लिंक पर क्लिक कर चाही गई जानकारी को दर्ज करें, जिससे अभ्यर्थी द्वारा दिये गये मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. में User-ID & Password भेजा जायेगा, जिसके द्वारा अभ्यर्थी Application लिंक में क्लिक कर अपना आवेदन फार्म पूरा भरकर अपनी फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर सकेंगे। पूरे फार्म को भरने के उपरांत अभ्यर्थी फार्म को Preview कर Submit बटन पर क्लिक कर निर्धारित शुल्क का भुगतान कर सकेंगे।
2. उक्त प्रक्रिया पूरी होने के बाद अभ्यर्थी डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकेंगे। निर्धारित शुल्क का भुगतान होने के पश्चात् अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र का प्रिंट आउट, प्रिंट बटन पर क्लिक कर प्राप्त कर लें। उक्त प्रिंट को परीक्षा की अन्य प्रक्रियाओं के लिये अपने पास सुरक्षित रखें।

नोट :- कृपया विज्ञापन को सावधानीपूर्वक पढ़ लें और यदि आपको ऑनलाइन फार्म भरने में कोई समस्या आती है, तो दूरभाष नम्बर **(022-61306271)** पर तत्काल सम्पर्क करें।

खण्ड "स"

परीक्षा की योजना :- यह परीक्षा दो चरणों में होगी :-
1. **मुख्य परीक्षा (ऑनलाइन) (150 अंक)**
2. **साक्षात्कार (20 अंक)**

एक - मुख्य परीक्षा (ऑनलाइन) का दिनांक/समय/सत्र व केन्द्र -
1. ऑनलाइन मुख्य परीक्षा दिनांक-28.04.2020 (मंगलवार) को जबलपुर में स्थित परीक्षा केन्द्र में आयोजित की जावेगी। परीक्षार्थियों की संख्या को देखते हुए अन्य दिनांकों में भी भिन्न-भिन्न सत्रों में आयोजित कराई जा सकेगी, तथा यह स्पष्ट किया जाता है कि किसी तकनीकी खराबी या अन्य कारणों से किसी एक या अधिक केन्द्र/केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न न होने पर उन केन्द्र/केन्द्रों की परीक्षा निरस्त की जा सकेगी तथा उन केन्द्र/केन्द्रों के सभी परीक्षार्थियों की परीक्षा पुनः ली जा सकेगी और उनके प्रश्न-पत्र भी भिन्न होंगे। ऐसी परिस्थितियों में किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति करने का अधिकार नहीं होगा। परीक्षा केन्द्र व जिले तथा परीक्षा सत्र (Shift) के बारे में अंतिम निर्णय सेवा प्रदाता का परीक्षार्थियों की संख्या को देखते हुए होगा तथा इस संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति करने का अधिकार नहीं होगा।
2. यदि किसी अपरिहार्य कारणों से परीक्षा दिनांक/परीक्षा केन्द्र/स्थान/परीक्षा सत्र (Shift) को परिवर्तित करने की आवश्यकता होती है तो ऐसी स्थिति में माननीय चेयरमैन, एक्जामिनेशन-कम-सिलेक्शन एवं अपॉइन्मेंट कमेटी के अनुमोदन से उक्त परिवर्तन किया जा सकेगा।

नोट : कोई भी आवेदक जो इस विज्ञापन के तहत आवेदन करता है तो यह माना जावेगा कि उसे विज्ञापन की सभी शर्तें मान्य हैं एवं उसे किसी भी तरह की कोई आपत्ति नहीं है।

(दो)- प्रवेश पत्र :- ऑनलाइन मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु प्रवेश-पत्र सेवा प्रदाता (Service Provider) के माध्यम से उच्च न्यायालय की वेबसाइट **www.mphc.gov.in** में जारी किये जावेंगे, जिसका प्रिंट आउट स्वयं अभ्यर्थी को प्राप्त करना होगा। प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट लेने के लिए अभ्यर्थी को अपना आवेदन क्रमांक एवं जन्मतिथि दर्ज करना होगा। प्रिंट आउट की सुविधा परीक्षा तिथि के लगभग 10 दिन पूर्व से उपलब्ध होगी, जिसका पृथक से कोई शुल्क देय नहीं होगा।

तीन - मुख्य परीक्षा का पाठ्यक्रम :-

Online Main Exam for the post of	Subject	Marks
Assistant Librarian	Library and Information Science	100
	General English	25
	Computer knowledge	25
	Total	**150**

चार - मुख्य परीक्षा (ऑनलाइन) प्रक्रिया :-
(1) मुख्य परीक्षा हेतु 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमें प्रत्येक प्रश्न के 4 संभावित उत्तर/विकल्प होंगे अभ्यर्थी/परीक्षार्थी प्रश्नों को किसी भी क्रम में हल कर सकेगा अर्थात् किसी प्रश्न को हल न कर सकने की स्थिति में आगे बढ़ सकेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर पिछले पृष्ठ पर वापस जा सकेगा इस परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र हल करने की समय-सीमा 120 मिनट यानि 2 घण्टे की होगी।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, इंदौर संभाग 8, अरेरा हिल्स भोपाल, मध्यप्रदेश

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक/43/इं.सं./2019-20/128 **भोपाल, दिनांक 11.2.2020**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) **(http://mptenders.gov.in)** Department Directorate of Health Services से द्वितीय निविदा आमंत्रण से सरल क्रमांक 01 से 03 एवं प्रथम आमंत्रण से सरल क्रमांक 4 पर 02 लिफाफा पद्धति से एवं सरल क्रमांक 05 पर 03 लिफाफा पद्धति से प्रोजेक्ट डारेक्टर पी.आई.यू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा भवन एवं विद्युतीकरण एस.ओ.आर. 01.08.2014 एवं रोड एस.ओ.आर. दिनांक 06.06.2016 निविदा सूचना जारी होने तक किये गये संशोधनों सहित (भारत शासन द्वारा प्रावधानित जी.एस.टी. की शर्तें लागू होंगी) प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नानुसार है :-

प्रथम एवं द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना 43/2019-20 दिनांक 11/02/2020

स. क्र.	टेण्डर नं. 2019_DHS	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि रुपये (लाख में)	अमानत राशि रुपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु सहित)	ठेकेदार की उपयुक्त श्रेणी
1.	79663	जिला चिकित्सालय रतलाम में ब्लड कंपानेट यूनिट के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन कार्य। (द्वितीय निविदा आमंत्रण)	1.82	3640/-	1000/-	02 माह	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
2.	79665	सी.एच.सी. नाहरगढ़ जिला मंदसौर में 10 विस्तरीय नवीन एन.आर.सी. भवन (सिविल एवं विद्युतीकरण) का कार्य सहित। (द्वितीय निविदा आमंत्रण)	24.99	50000/-	5000/-	06 माह	
3.	79667	सी.एच.सी. भानपुरा जिला मंदसौर में 10 विस्तरीय नवीन एन.आर.सी. भवन (सिविल एवं विद्युतीकरण) का कार्य सहित। (द्वितीय निविदा आमंत्रण)	24.99	50000/-	5000/-	06 माह	
4.	79671	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोण्डवा जिला अलीराजपुर में विद्युत मरम्मत कार्य।	17.18	34360/-	2000/-	03 माह	
5.	79672	जिला इंदौर के अंतर्गत 40 सीटर होस्टल भवन R.H.F.W.T.C. (Regional Health & Family Welfare Training Centre) में का (सिविल एवं विद्युतीकरण) निर्माण कार्य सहित।	233.49	233490/-	15000/-	18 माह	

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट **(http://mptenders.gov.in)** पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 14.02.2020 प्रातः 10.30 बजे से **दिनांक 28.02.2020** सायं 17.30 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं। 3. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट **(http://mptenders.gov.in)** पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं। 4. आवश्यक अभिलेख कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन 8, अरेरा हिल्स जेल रोड भोपाल के कार्यालय में समस्त प्रपत्रों सहित दिनांक 02.03.2020 सायं 17.30 बजे तक स्पीड/रजिस्टर्ड डाक कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। 5. जो निविदाकार लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत नहीं हैं ऐसे निविदाकार लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया हो वे भी निविदा में भाग लेने की पात्रता रखते हैं लेकिन अनुबंध निष्पादन के पूर्व लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन इंदौर संभाग
8, अरेरा हिल्स जेल रोड, भोपाल

जी-22934/43510/2020

ग्रुप मुख्यालय एन.सी.सी., सागर (म.प्र.) निविदा सूचना

क्रमांक ग्रु.मु./7003/सिविल/एनसीसी **दिनांक : 06 फरवरी 2020**

1. एनसीसी ग्रुप मुख्यालय सागर के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यालय हेतु आउटसोर्सिंग 05 ड्राइवर एण्ड 28 लश्कर की नियुक्ति फाइनेंशियल ईयर 2020-21 के लिये आवश्यकता है -

वाहिनी	वाहन चालक	लश्कर	स्थान/जिला
11 म.प्र. बटा. एनसीसी सागर	01	05	सागर
3 म.प्र. बटा. एनसीसी सागर	01	05	रीवा
25 म.प्र. बटा. एनसीसी छतरपुर	02	04	छतरपुर
07 म.प्र. बालिका बटा. एनसीसी सागर	0	01	सागर
3 म.प्र. सिग्नल कम्पनी एनसीसी सागर	0	04	सागर
4 म.प्र. (इ) कम्पनी एनसीसी कटनी	0	04	कटनी
सैनिक स्कूल रीवा	0	02	रीवा
3 म.प्र. आर एण्ड डी स्का. एनसीसी रीवा	01	03	रीवा
कुल	**05**	**28**	

2. पूर्व निविदा वार्ता के लिए सभी इच्छुक सेवा प्रदाता के प्रतिनिधियों को ग्रुप मुख्यालय सागर में 03 मार्च को 12.00 बजे आमंत्रित किया जाता है।
3. अतः शासन द्वारा निर्धारित शर्तों की पूर्ति करने वाली फर्म बंद लिफाफे में निविदा (निर्धारित सभी कॉलम नियमानुसार भरे हुए) निविदा फार्म ग्रुप मुख्यालय सागर के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। **दिनांक 05 मार्च 2020** को समय 15.00 बजे तक उक्त निविदायें स्वीकार की जायेंगी। निविदा में प्रदत्त की जाने वाली जानकारी एवं दस्तावेजों के संलग्न करने की सूची एवं विवरण कार्यालय समय पर प्राप्त किये जा सकते हैं। समस्त निविदायें **दिनांक 05 मार्च 2020 को दोपहर 15.30 बजे** ग्रुप मुख्यालय सागर में खोली जायेंगी। निविदा खुलने पर किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार पीठासीन अधिकारी के पास रहेगा।

टेलीफोन - 07582 : 230798 **पीठासीन अधिकारी ग्रुप मुख्यालय**
जी-22933/43509/2020 **एनसीसी रजाखेड़ी मकरोनिया, सागर**

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल : ceproc.encwrd.bpl@nic.in, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 719/2019-20/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 11.02.2020**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 12.03.2020 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

आयु सीमा :		18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी.	

पद की प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार शावि (ओएल, बीएल, ओएएल, एलवी, पीडी, ओए) के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.

सं. सं.	फा. नं. ए-12012/36/2005/डीएएमबी /स्था./पीएफ-I/7999		दिनांक 21/10/2019
पद कोड :	101/20	पद का नाम	सहायक बैक्टीरिया विज्ञानी दिल्ली जल बोर्ड
रिक्तियों की सं.		(कुल-7)-	(ईडब्ल्यूएस-1, अना-4, अपिव-1 एवं अजजा-1) पीडब्ल्यूडी (ओएच)-1 सहित
शैक्षिक योग्यता		अनिवार्य	(क) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से जैव-रसायनविज्ञान/सूक्ष्म जीवविज्ञान/बैक्टीरिया विज्ञान/ जैव प्रौद्योगिकी/ जंतु विज्ञान में मास्टर डिग्री. या (ख) (i) मान्यताप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से रसायनविज्ञान/जैव-रसायनविज्ञान/जीवविज्ञान/सूक्ष्म जीवविज्ञान/बैक्टीरिया विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी के साथ विज्ञान में डिग्री; और (ii) जल के बैक्टीरिया विज्ञानीय परीक्षण में दो वर्ष का अनुभव.
		वांछनीय :	शून्य
अनुभव :		अनिवार्य :	शून्य
		वांछनीय :	शून्य
वेतनमान :		रु. 9300-34800/- + ग्रेड वेतन 4600/- समूह : 'ख'	
आयु सीमा :		30 वर्ष से अधिक नहीं, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी.	

पद की प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार शावि (ओएल) के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.

सं. सं.	फा. नं. डीजेबी/एसी (बी)/डीएसएसएसबी/सहा. बैक्टी./2019/डी-1240-41		दिनांक 26/12/2019
पद कोड :	102/20	पद का नाम	तकनीकी सहायक (सौंदर्य संस्कृति) प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
रिक्तियों की सं.		(कुल-1)-	(अपिव-1)
शैक्षिक योग्यता		अनिवार्य	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. (2) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.
		वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.
अनुभव :		अनिवार्य :	शून्य
		वांछनीय :	शून्य
वेतनमान :		रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'	
आयु सीमा :		18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.	

पद की प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (ओएल, ओए) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.

सं. सं.	फा. नं. एफ16/विविध/2004/टीई/एडी/ प्रयोगशाला परिचर/1118		दिनांक 12/09/2019
पद कोड :	103/20	पद का नाम	तकनीकी सहायक (वास्तुकला) प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
रिक्तियों की सं.		(कुल-3)-	(अना-1, अजा-1, अजजा-1)
शैक्षिक योग्यता		अनिवार्य	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. (2) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.
		वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.
अनुभव :		अनिवार्य :	शून्य
		वांछनीय :	शून्य

वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		
पद को प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (ओएल, ओए, बीएल, पीडी अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.			
सं. सं.	फा. नं. एफ.16/विविध/2004/टीई/एडी/ प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		
पद कोड : 104/20	**पद का नाम**	**तकनीकी सहायक** (सूचना प्रौद्योगिकी समर्थ सेवा एवं प्रबंधन) प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	**(कुल-4)-** (अना-2,अपिव-1, अजा-1)		
शैक्षिक योग्यता	**अनिवार्य**	**(1)** मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. **(2)** राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.	
अनुभव :	**अनिवार्य :**	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		
पद को प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (पीडी, ओए, ओएल, पीबी) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है			
सं. सं.	फा. नं. एफ.16/विविध/2004/टीई/एडी/ प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		
पद कोड : 105/20	**पद का नाम**	**तकनीकी सहायक (पोषाक गढ़ाई प्रौद्योगिकी)** प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	**(कुल-2)-** (अना-2)		
शैक्षिक योग्यता	**अनिवार्य**	**(1)** मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. **(2)** राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.	
अनुभव :	**अनिवार्य :**	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		
पद को प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (पीडी, ओएल) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.			
सं. सं.	फा. नं. एफ.16/विविध/2004/टीई/एडी/ प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		
पद कोड : 106/20	**पद का नाम**	**तकनीकी सहायक (वाणिज्यिक कला)** प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	**(कुल-1)-** (अना-1)		
शैक्षिक योग्यता	**अनिवार्य**	**(1)** मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. **(2)** राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान	
अनुभव :	**अनिवार्य :**	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		

पद को प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (पीडी, ओए, ओएल, ओएल) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.			
सं. सं.	फा. नं. एफ16/विविध/2004/टीई/एडी/ प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		
पद कोड : 107/20	**पद का नाम**	**तकनीकी सहायक (डिजिटल इलेक्ट्रानिकी)** प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	**(कुल-3)-** (अना-1,अपिव-1,अजा-1)		
शैक्षिक योग्यता	**अनिवार्य**	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. (2) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.	
अनुभव :	**अनिवार्य :**	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ. 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		
पद की प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (पीडी, ओएल) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.			
सं. सं.	फा. नं. एफ. 16/विविध/2004/टीई/एडी /प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		
पद कोड : 108/20	**पद का नाम**	**तकनीकी सहायक (यांत्रिक)** प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	**(कुल-14)-** (ईडब्ल्यूएस-1, अना-7, अपिव-3, अजा-2, अजजा-1)		
शैक्षिक योग्यता	**अनिवार्य**	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. (2) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.	
अनुभव :	**अनिवार्य :**	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ. 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		
पद को प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (पीडी,ओएल) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.			
सं. सं.	फा. नं. एफ. 16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		
पद कोड : 109/20	**पद का नाम**	**तकनीकी सहायक (चिकित्सा प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी)** प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	**(कुल-04)-** (अना-2, अपिव-1, अजा-1)		
शैक्षिक योग्यता	**अनिवार्य**	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. (2) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.	
अनुभव :	**अनिवार्य :**	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ. 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		
पद को प्रयोक्ता विभाग के मॉग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (पीडी, ओएल, बीएल) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.			
सं. सं.	फा. नं. एफ. 16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		

पद कोड : 110/20	पद का नाम	तकनीकी सहायक (आधुनिक कार्यालय पद्धति) अंग्रेजी	
		प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	(कुल-2)-(अना-1, अजा-1)		
शैक्षिक योग्यता	अनिवार्य	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. (2) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.	
अनुभव :	अनिवार्य :	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ. 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		
पद को प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (ओए,ओएल,बीएल) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.			
सं. सं.	फा. नं. एफ. 16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		
पद कोड : 111/20	पद का नाम	तकनीकी सहायक (विद्युत)	
		प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	(कुल-12)- (ईडब्ल्यूएस-1, अना-5, अपिव-3, अजा-2, अजजा-1)		
शैक्षिक योग्यता	अनिवार्य	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. (2) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.	
अनुभव :	अनिवार्य :	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ. 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		
पद को प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (पीडी, ओएल) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.			
सं. सं.	फा. नं. एफ. 16/विविध/2004/टीई/एडी/ प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		
पद कोड : 112/20	पद का नाम	तकनीकी सहायक (इलेक्ट्रॉनिक एवं संचार)	
		प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	(कुल-10)- (ईडब्ल्यूएस-1, अना-4, अपिव-3, अजा-1, अजजा-1)		
शैक्षिक योग्यता	अनिवार्य	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. (2) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.	
अनुभव :	अनिवार्य :	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ. 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		
पद को प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (पीडी, ओएल) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.			
सं. सं.	फा. नं. एफ. 16/विविध/2004/टीई/एडी/ प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		
पद कोड : 113/20	पद का नाम	तकनीकी सहायक (फार्मेसी)	
		प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	(कुल-4)- (अना-2, अपिव-1, अजा-1)		
शैक्षिक योग्यता	अनिवार्य	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. (2) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.	
अनुभव :	अनिवार्य :	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ. 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		
पद को प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (पीडी, ओएल, ओएएल, ओए) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.			
सं. सं.	फा. नं. एफ. 16/विविध/2004/टीई/एडी/ प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		
पद कोड : 114/20	पद का नाम	तकनीकी सहायक (पुस्तकालय विज्ञान)	
		प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	(कुल-1)- (अपिव-1) पीडब्ल्यूडी (वीएच-01) सहित		
शैक्षिक योग्यता	अनिवार्य	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. (2) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.	
अनुभव :	अनिवार्य :	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ. 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		
पद को प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (पीडी, ओएल, ओए, पीबी, बी) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.			
सं. सं.	फा. नं. एफ. 16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		
पद कोड : 115/20	पद का नाम	तकनीकी सहायक (कंप्यूटर)	
		प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	(कुल-28)- (ईडब्ल्यूएस-3, अना-13, अपिव-7, अजा-4, अजजा-1) पीडब्ल्यूडी (विविध निःशक्तता-2) सहित		
शैक्षिक योग्यता	अनिवार्य	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. (2) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.	
अनुभव :	अनिवार्य :	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		
आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ. 19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, बशर्ते कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.		
पद को प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शावि (पीडी, ओएल, ओए, पीबी, एमडी) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.			
सं. सं.	फा. नं. एफ. 16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019		
पद कोड : 116/20	पद का नाम	तकनीकी सहायक (फैशन डिजाइन)	
		प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा विभाग	
रिक्तियों की सं.	(कुल-2)- (ईडब्ल्यूएस-1, अपिव-1) पीडब्ल्यूडी (पीडी-1) सहित		
शैक्षिक योग्यता	अनिवार्य	(1) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समतुल्य. (2) राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त संगत ट्रेड में कम से कम 2 वर्ष की नियमित अवधि का डिप्लोमा या समतुल्य. **या** संगत क्षेत्र में विज्ञान स्नातक डिग्री या समतुल्य.	
	वांछनीय :	कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान.	
अनुभव :	अनिवार्य :	शून्य	
	वांछनीय :	शून्य	
वेतनमान :	रु. 5200-20200/- + ग्रेड वेतन 2400/- समूह : 'ग'		

(शेष पृष्ठ 23 पर)

हस्तशिल्प एवं हुनर का संरक्षण-संवर्धन समय की जरूरत-राज्यपाल

इंदौर, हस्तशिल्प भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। हस्तशिल्प के क्षेत्र में हुनर आने से कलाकारों को रोज़गार के अवसर के साथ सम्मान भी मिलता है। बाजारवाद तथा मशीनीकरण के युग में हस्तशिल्प का संरक्षण एवं संवर्धन अत्यंत जरूरी है। ये बातें राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने इंदौर में भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा आयोजित हुनर हाट मेले का उद्घाटन करते हुये कहीं।

राज्यपाल ने कहा कि भारत में हस्तशिल्प एवं कला का समृद्ध इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि बाजारवाद तथा मशीनीकरण के युग में हस्तशिल्प एवं हुनर को संरक्षित एवं संवर्धित करने की जरूरत है। हुनरमंद व्यक्ति आर्थिक रूप से स्वावलंबी होता है।

केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि दस्तकारी एवं शिल्पकारी को पुनर्स्थापित करना समय की जरूरत है। शिल्पकारों के आर्थिक उत्थान एवं उन्हें रोज़गार के अवसर देने के विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। यह हाट भी इसी का हिस्सा है। स्वदेशी उत्पादों को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मार्केट मुहैया कराने के प्रयास भी हो रहे हैं।

नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ सम्मेलन

वर्ष 2007 से 2016 तक के नगरीय निकायों के दैनिक वेतनभोगी होंगे नियमित

भोपाल, नगरीय निकायों के वर्ष 2007 से 2016 तक के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों एवं सफाई कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा। सामुदायिक संगठकों के नियमितिकरण का प्रस्ताव भी कैबिनेट में रखा जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री जयवर्द्धन सिंह ने मध्यप्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के स्नेह सम्मेलन में यह घोषणा की।

श्री सिंह ने कहा कि इस संबंध में संघ के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा कर जल्द आदेश जारी करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने, राष्ट्रीय पेंशन स्कीम का लाभ, अवकाश 290 से बढ़ाकर 340 दिन करने, सेवा समाप्ति और ईपीएफ के संबंध में भी सकरात्मक निर्णय लिये जाएंगे।

श्री सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों में नागरिकों की समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के लिये मानव संसाधन जरूरी है। उन्होंने कहा कि निकायों के सभी रिक्त पदों की पूर्ति की जाएगी। पदों की पूर्ति में दैनिक वेतनभोगियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

श्री सिंह ने कहा कि चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि के विषय में वित्तीय विभाग से चर्चा हुई है। वर्ष 2020-21 के बजट में इसमें वृद्धि की जाएगी। उन्होंने कहा कि निकायों के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिये हमारे घर और कार्यालय के द्वार हमेशा खुले हैं। श्री सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों के सभी कर्मचारी नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिये पूरी तत्परता से कार्य करें। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया।

'गौवंश संरक्षण' के लिये स्लोगन प्रतियोगिता

भोपाल, 'मुख्यमंत्री गौसेवा योजना' अंतर्गत 'गौवंश संरक्षण' के महत्व पर पशुपालन विभाग ने mp.mygov.in के माध्यम से स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की है। इसकी पुरस्कार राशि 10 हजार रुपये है। प्रविष्टियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29 फरवरी 2020 नियत की गई है।

इस प्रतियोगिता में नागरिक अधिकतम 20 शब्दों में स्लोगन दे सकते हैं। प्रविष्टि को उसके लॉग-इन विवरण के आधार पर ही प्रतियोगिता में शामिल किया जायेगा। प्राप्त प्रविष्टियों का उपयोग कर सर्वाधिकार गौपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड के पास सुरक्षित रहेगा।

मध्यप्रदेश पर्यटन संचालक मंडल की बैठक

पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार की बनाई जायेगी कार्ययोजना

पर्यटन-स्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने की कार्ययोजना स्वीकृत

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ भोपाल में मध्यप्रदेश पर्यटन संचालक मंडल की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मध्यप्रदेश पर्यटन संचालक मंडल की बैठक में प्रदेश के पर्यटन स्थलों का राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के लिए सुनियोजित कार्ययोजना बनाने और पर्यटन को प्रोत्साहित करने वाली एजेंसियों को भी इसमें शामिल करने को कहा है। संचालक मंडल द्वारा बैठक में पर्यटन स्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने के लिए कार्य-योजना स्वीकृत की गई। इससे लगभग 50 हजार बालिकाओं और महिलाओं को रोज़गार उपलब्ध कराने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन के मामले में समृद्ध प्रदेश है। हमारे यहां विविध सांस्कृतिक परिदृश्य, वन, नेशनल पार्क के साथ बड़ी संख्या में हेरिटेज संपत्ति भी उपलब्ध है। वर्तमान में जिन राज्यों में पर्यटन समृद्ध है, उसका कारण उनकी बेहतर मार्केटिंग है। आवश्यकता इस बात की है कि प्रदेश की पर्यटन संपदा के प्रचार-प्रसार के लिए प्रभावी संसाधनों का इस्तेमाल करें। उन्होंने इसके लिए पर्यटन से जुड़ी विभिन्न राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय टूर-ऑपरेटर, ट्रेवल एजेंट एवं होटल व्यवसाय से जुड़ी एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर उनका उपयोग करने को कहा।

देश के विभिन्न शहरों में टूर्स एवं ट्रेवल्स मीट

श्री कमल नाथ ने हेरिटेज संपत्ति के विकास और प्रमोशन के लिए देश के विभिन्न शहरों में टूर्स एवं ट्रेवल्स मीट करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पचमढ़ी में एयर स्ट्रिप का विकास करने और नेशनल पार्क के बफर एरिया में कैम्पि साइट स्थापित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने टूरिज़्म बोर्ड में पर्यटन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को भी शामिल करने के निर्देश दिये।

पर्यटन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल ने पर्यटन विकास निगम और बोर्ड में कार्यरत कर्मियों की समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। साथ ही, जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् में राज्य एवं जिला स्तर पर समन्वय की दृष्टि से शासन स्तर पर दो समन्वयकों की नियुक्ति का सुझाव भी दिया।

पर्यटन स्थलों के बनेंगे क्लस्टर्स

बैठक में पर्यटन स्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने की स्वीकृत कार्ययोजना में पर्यटन स्थलों को 20 क्लस्टर में विभाजित करने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक क्लस्टर में 50 पर्यटन स्थलों को शामिल किया जाएगा। इनमें महिला पर्यटकों के अनुकूल वातावरण निर्माण, संबंधित जानकारी की सहज उपलब्धता एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना में सुधार किया जाएगा। इसमें पर्यटन स्थल की स्थानीय महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला पर्यटकों की सुरक्षा एवं सहयोग के लिए तैयार किया जाएगा। उन्हें आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं पर्यटन से जुड़ी सुविधाओं के समीप कार्य करने के लिए कौशल उन्नयन रोज़गार एवं स्व-रोज़गार की दृष्टि से प्रशिक्षित किया जाएगा। इस योजना के जरिए 50 हजार महिलाओं एवं बालिकाओं को पर्यटन की गतिविधियों से जोड़ने का लक्ष्य है।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज़्म बोर्ड श्री फैज अहमद किदवई ने बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव श्री एस.आर. मोहंती और अपर मुख्य सचिव वन श्री ए.पी. श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

रेशम उत्पादक किसानों और बुनकरों के लिये स्थापित होंगे आधुनिक उपकरण

भोपाल, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री हर्ष यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न सिल्क फेडरेशन के संचालक मण्डल की बैठक में निर्णय लिया गया कि रेशम उत्पादक किसानों और बुनकरों की बेहतरी के लिये आधुनिक उपकरण स्थापित किये जायेंगे। प्रथम चरण में एक मल्टी एण्ड रीलिंग मशीन स्थापित की जायेगी।

श्री यादव ने कहा कि रेशम विभाग द्वारा ककून विक्रय के साथ स्वयं धागाकरण के कार्य को भी प्रोत्साहित किया जाये, जिससे अधिक से अधिक बुनकरों को रोज़गार प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि रेशम संचालनालय और सिल्क फेडरेशन की गतिविधियां रेशम उत्पादक किसानों और बुनकरों के हितों को ध्यान में रखकर संचालित की जायें।

श्री यादव ने कहा कि गतिविधियों के संचालन में अच्छे परिणाम देने वाले शासकीय सेवक पुरस्कृत किये जायेंगे। साथ ही, जिम्मेदारियों को निभाने में लापरवाही बरतने वाले शासकीय कर्मियों को दण्डित भी किया जायेगा।

रेशम उत्पादन में दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश

संचालक मण्डल की बैठक में बताया गया कि देश में रेशम उत्पादन के क्षेत्र में कर्नाटक के बाद मध्यप्रदेश एकमात्र दूसरा राज्य है। यहां रेशम वस्त्रों की बुनाई और आकल्पन के काम में सहकारी संस्थाओं को भी शामिल किया जा रहा है। बताया गया कि प्रदेश में आधुनिक संसाधनों के साथ रीलिंग सेंटर प्रारंभ किये जा रहे हैं। इन सेंटर्स को अधिक मात्रा में धागा तैयार करने के लिये भी प्रेरित किया जा रहा है।

कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री श्री हर्ष यादव भोपाल में सिल्क फेडरेशन के प्राकृत शो-रूम का अवलोकन करते हुये।

बैठक में बताया गया कि सिल्क फेडरेशन ने वर्ष 2018-19 में 1.44 करोड़ रुपये मूल्य के ककून का विक्रय किया, जबकि वर्ष 2019-20 में गत जनवरी माह तक 6 करोड़ रुपये मूल्य के ककून का विक्रय किया गया।

गौहर महल में यथावत रहेगा आउटलेट

संचालक मण्डल की बैठक में बताया गया कि भोपाल के गौहर महल स्थित सिल्क फेडरेशन के शो-रूम को अन्यत्र शिफ्ट नहीं किया जाएगा। यह शो-रूम यथावत संचालित होता रहेगा। गौहर महल में पूर्व के वर्षों में लगभग 40 दिन प्रदर्शनी और मेले आयोजित किये जाते थे। अब इनकी संख्या बढ़ाकर 200 के आसपास कर दी गई है।

पुराने और नये भोपाल के मध्य में स्थित होने की वजह से यहां नागरिकों को आने-जाने में हो रही सुविधा को देखते हुए आउटलेट पूर्व की तरह संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

नगरीय निकायों के विकास कार्यों का एक महीने में बनाया जायेगा रोडमैप

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री जयवर्द्धन सिंह ने नगरीय निकायों के विकास कार्यों का एक महीने का रोडमैप बनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि जिलावार स्वीकृत विकास कार्यों को समय-सीमा में शुरू कराया जाये। श्री सिंह विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद में प्राप्त प्रस्तावों पर उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के अनुसार जल्द स्वीकृति आदेश जारी करें। उन्होंने वर्ल्ड बैंक, एडीबी, केएफडब्ल्यू पोषित योजनाओं के कार्य जल्द शुरू कराने के निर्देश दिये। श्री सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन में डम्पिंग ग्राउण्ड और कम्पोस्ट यूनिट के लिये राशि आवंटित करें।

सामूहिक गृह प्रवेश करवायें

श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन हितग्राहियों के घर बन गये हैं, उनका सामूहिक गृह-प्रवेश करवायें तथा जिलेवार इसकी सूची अद्यतन करें। श्री सिंह ने कहा कि शहरी सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत बनाये गये एप में आ रही कठिनाईयों को तुरंत दूर करें। उन्होंने शहरी आजीविका मिशन में और अधिक स्व-सहायता समूह बनवाने के निर्देश दिये।

वाटर ऑडिट जल्द शुरू करवायें

श्री सिंह ने वाटर ऑडिट के कार्यों में देरी पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जल का अधिकार अधिनियम में सभी नगरों में प्रतिदिन नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। श्री सिंह ने कहा कि इस लक्ष्य को पूरा करने के लिये वाटर ऑडिट जल्द शुरू करवायें। बैठक में बताया गया कि वाटर ऑडिट के टेंडर हो गये हैं।

विशिष्ट आदिवासी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा 28 फरवरी को होगी

भोपाल, आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित 123 विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में छठवीं और नौवीं कक्षाओं की प्रवेश परीक्षा 28 फरवरी को होगी। परीक्षा के प्रवेश-पत्र विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं। विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में 28 फरवरी को छठवीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक और नौवीं कक्षा की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

प्रवेश-पत्र विभागीय वेबसाइट https://www.tribal.mp.gov/in/mptaas से प्राप्त किये जा सकते हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

जन अधिकार कार्यक्रम

सक्रिय माइक्रो फाइनेंस माफियाओं पर करें सख्त कार्यवाही - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ भोपाल में जन अधिकार कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने जन अधिकार कार्यक्रम में प्रदेश में माइक्रो फाइनेंस कम्पनियों की शिकायतों को देखते हुए लोगों को इनके खिलाफ शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि माइक्रो फाइनेंस माफिया पनपने से पहले इस पर अंकुश लगायें। सक्रिय माइक्रो फाइनेंस माफिया पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री ने किसानों के फसल ऋण माफी के दूसरे चरण की शुरुआत समय पर करने के निर्देश दिए। उन्होंने 31 मार्च तक अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे संबंधित प्रकरणों का निपटारा आवश्यक रूप से करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को पट्टे का अधिकार न मिलने के लिए और सामान्य तकनीकी कारणों के कारण दावा प्रकरणों के निरस्त होने के लिए संबंधित जिला कलेक्टरों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने युवा ग्राम शक्ति समिति फरवरी माह के अंत तक गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए शुद्ध के लिए युद्ध अभियान को और ज्यादा गतिशील बनाएं। नकली दवाईयां बनाने वाली कंपनियों और इससे जुड़े माफिया पर लगातार निगरानी रखें और इससे जुड़े लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में आ रही समस्याओं का भी तत्काल समाधान करें। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए सभी प्रकार के एहतिहाती उपाय करने के निर्देश दिये। श्री कमल नाथ ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समाधान किया। कुछ प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। टीकमगढ़ के एक शिकायतकर्ता द्वारा गलत परमिट पर वाहन चलाने, परमिट निरस्त नहीं किए जाने और डबल टैक्स वसूली संबंधी शिकायत पर टीकमगढ़ आरटीओ को हटाने और उसके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

भोपाल जिले के एक प्रकरण में शिकायतकर्ता श्रीमती यशोदा रजक की ओर से उनके पति ने मुख्यमंत्री को बताया कि ग्रीन लैंड गृह निर्माण सहकारी संस्था भोपाल द्वारा उनके प्लाट का नामांतरण नहीं किया गया। सोसायटी की मिलीभगत से सोसायटी के सदस्य द्वारा उन्हें अविकसित प्लाट बेच दिया गया। उन्होंने गृह निर्माण सोसायटी से वैधानिक तरीके से प्लाट लिया। बेचने वाले और सोसायटी की मिलीभगत से अविकसित जमीन बेचने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने सोसायटी और बेचने वाले दोनों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रकरण शुद्ध रूप से माफिया से जुड़ा प्रकरण है। इसमें सोसायटी और प्लाट बेचने वाले दोनों की मिलीभगत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गैर कानूनी कॉलोनी का प्रकरण है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री को बताया कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराने के बाद सोसायटी के अध्यक्ष का सुलह के लिए फोन आया था और इसके बाद उनकी जमीन पर अनावश्यक रूप से चिन्हांकन कर दिया गया। इस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को धोखे में रखकर प्लाट बेचने के लिए कार्रवाई करने और शिकायतकर्ता को पैसा वापस दिलाने के निर्देश दिए।

रीवा में धान खरीदी में आ रही अनियमितताओं के संबंध में मुख्यमंत्री ने रीवा कलेक्टर से पूछताछ की। उन्हें बताया कि रीवा के किसानों की शिकायत है कि उन्हें धान की तुलाई में परेशानी आ रही है साथ ही पहाड़ी हिस्सों और वन क्षेत्रों में राशन नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कलेक्टर को इसे प्राथमिकता से निराकृत करने के निर्देश दिये।

मध्यप्रदेश में पेयजल योजनाओं को बनाया जायेगा आत्मनिर्भर - मुख्यमंत्री

भोपाल, पेयजल योजनाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए और उनके क्रियान्वयन के लिए वित्तीय संसाधन जुटाए जाएं। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मध्यप्रदेश जल निगम के संचालक मंडल की बैठक में दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल योजनाओं के संचालन और संधारण की लागत का विश्लेषण किया जाना चाहिए और उन्हें स्वयं के वित्तीय स्रोतों के जरिए संचालित करने का प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान आम नागरिकों के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

श्री कमल नाथ ने निर्माणाधीन योजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि नई जल परियोजनाओं के सभी प्रस्ताव समयबद्ध कार्यक्रम के साथ प्रस्तुत किए जाएं। साथ ही उसके अनुसार योजनाएं पूरी हों यह भी सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने नई योजनाओं की वित्तीय रूपरेखा बनाने में अनुभवी संस्थाओं की सेवाएं लेने को कहा।

प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री संजय शुक्ला ने भारत सरकार के जल जीवन मिशन के प्रावधानों की जानकारी संचालक मंडल की बैठक में दी।

युवाओं को विश्व-स्तरीय निजी सुरक्षा ट्रेनिंग देने स्थापित होंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संस्थान

भोपाल, युवाओं को निजी सुरक्षा की विश्वस्तरीय ट्रेनिंग देने के लिए प्रदेश में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस संस्थान स्थापित किए जायेंगे। मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ की मंत्रालय में गृह एवं पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों एवं निजी सुरक्षा के सर्वोच्च संगठन सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश और दुनिया में निजी सुरक्षा की मांग बढ़ी है। यह आज रोज़गार के सेक्टर में सबसे प्रमुख केंद्रों में से एक है। इसमें रोज़गार की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारे प्रदेश के युवाओं को निजी सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न विधाओं का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाए, तो हम उन्हें बेहतर रोज़गार उपलब्ध करवा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के बेहतर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान और सुरक्षा एजेंसियों का अध्ययन कर प्रदेश में ऐसा ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया जाए, जिसमें हमारे युवाओं को विश्व-स्तरीय प्रशिक्षण मिल सके। उन्होंने इसके लिए शीघ्र ही एक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि देश में 22 हजार सुरक्षा एजेंसियां हैं, जिनमें लगभग 80 हजार लोग नौकरी करते हैं।

बैठक में मुख्य सचिव श्री एस.आर. मोहन्ती, प्रमुख सचिव गृह श्री एस.एन. मिश्रा, प्रमुख सचिव कौशल विकास श्रीमती दीपाली रस्तोगी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक निजी सुरक्षा एजेंसी श्री मनीष शंकर शर्मा, सेंट्रल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री के अध्यक्ष श्री विक्रम सिंह और जी-4 सुरक्षा एजेंसी के एमडी श्री राजीव शर्मा उपस्थित थे।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेंगे मोबाइल और साइकिलें

ग्वालियर, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने ग्वालियर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के एक दिवसीय राज्य-स्तरीय सम्मेलन में कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाइल फोन और साइकिलें दी जायेंगी, ताकि वे अपना कार्य बेहतर और सुचारु रूप से कर सकें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिये प्रदेश में शीघ्र ही नया ड्रेस कोड लागू किया जायेगा। श्रीमती इमरती देवी ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हितग्राहियों को सेवाएँ देने के अलावा अन्य कोई कार्य नहीं करेंगी।

श्रीमती इमरती देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ का प्रयास है कि प्रदेश कुपोषण से मुक्त हो।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिये योजनाओं पर विचारार्थ विभागवार समूह गठित

भोपाल, राज्य शासन ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए विभिन्न विभागों और क्षेत्रों की योजनाओं पर विचार कर अनुशंसाएं प्रस्तुत करने के लिए विभागवार वरिष्ठ अधिकारियों के समूह गठित किये हैं। सामान्य प्रशासन ने आदेश जारी कर निर्देश दिए हैं कि सभी समूह अनुशंसाओं सहित अपनी रिपोर्ट आगामी 18 फरवरी तक वित्त विभाग को प्रस्तुत करें।

ऊर्जा एवं अधोसंरचना समूह

इस समूह में अपर मुख्य सचिव श्री गोपाल रेड्डी को समन्वयक तथा अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान, प्रमुख सचिव श्री मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव श्री मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला, सचिव श्री नितेश व्यास तथा उप सचिव श्री अजय चौबे को सदस्य बनाया गया है।

कृषि एवं सहयोगी क्षेत्र समूह

इस समूह में अपर मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैस को समन्वयक तथा अपर मुख्य सचिव श्री जे.एन. कंसोटिया, प्रमुख सचिव राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव श्री अजीत केसरी, सचिव श्री एम. सेलवेन्द्रम तथा उप सचिव श्री शक्ति शरण को सदस्य बनाया गया है।

शिक्षा एवं स्वास्थ्य समूह

इस समूह में अपर मुख्य सचिव श्री के.के. सिंह को समन्वयक तथा अपर मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, प्रमुख सचिव श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव श्रीमती दीप्ति गौड मुखर्जी, प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरुण शमी, प्रमुख सचिव श्रीमती पल्लवी जैन गोविल, सचिव श्री शिव शेखर शुक्ला, उप सचिव डॉ. इलैया राजा टी. तथा उप सचिव श्री ओ.पी. गुप्ता को सदस्य बनाया गया है।

सामाजिक क्षेत्र समूह

इस समूह में अपर मुख्य सचिव श्री मनोज श्रीवास्तव को समन्वयक तथा अपर मुख्य सचिव श्री विनोद कुमार, प्रमुख सचिव श्री एस.एन. मिश्रा, प्रमुख सचिव श्री अशोक शाह, प्रमुख सचिव श्रीमती दीपाली रस्तोगी, सचिव श्री रमेश थेटे, सचिव श्री चन्द्रशेखर वी. तथा उप सचिव श्री रूपेश पठवार को सदस्य बनाया गया है।

अतिरिक्त राजस्व उपार्जन समूह

इस समूह में अपर मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन को समन्वयक तथा अपर मुख्य सचिव श्री आई.सी.पी. केसरी, प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई, प्रमुख सचिव श्री संजय दुबे, प्रमुख सचिव श्री अनिरुद्ध मुखर्जी, प्रमुख सचिव श्री मनीष रस्तोगी, सचिव श्री डी.पी. आहूजा, पंजीयन महानिरीक्षक श्री अमित राठौर तथा उप सचिव श्री मनोज जैन को सदस्य बनाया गया है।

हॉकी और शूटिंग खिलाड़ियों को मिली सिंथेटिक टर्फ, स्किट एवं ट्रैप रेंज की सौगात

भोपाल, मंत्रिपरिषद् के सदस्य श्री पी.सी. शर्मा, श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल और श्री जीतू पटवारी ने भोपाल के गोरेगांव हॉकी खिलाड़ियों के लिये 19 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत के 2 सिंथेटिक टर्फ और शूटिंग खिलाड़ियों के लिये 5 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत के दो ट्रैप एण्ड स्किट रेंज की आधारशिला रखी।

हॉकी की नर्सरी है भोपाल

जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा ने कहा कि भोपाल ने हॉकी की नर्सरी के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है और देश को कई ओलिंपियन खिलाड़ी दिये हैं, जिन्होंने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश को खेलों में अग्रणी राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ निरंतर प्रयासरत हैं। श्री शर्मा ने खिलाड़ियों को परिश्रम कर प्रतिभा निखारने और खेलों में कॅरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

6 हॉकी सिंथेटिक टर्फ वाला पहला शहर बना भोपाल

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री जीतू पटवारी ने प्रदेश में संचालित 24 हॉकी फीडर सेंटर और महिला एवं पुरुष हॉकी अकादमी का उल्लेख करते हुए कहा कि हॉकी के क्षेत्र में प्रदेश में जितने संसाधन हैं, उतने अन्य किसी प्रदेश में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्च-स्तरीय खेल सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए मध्यप्रदेश सरकार वचनबद्ध है। श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश को खेलों में नंबर वन राज्य बनाने के मुख्यमंत्री श्री कमल नाथ के स्वप्न को साकार किया जाएगा।

जनसम्पर्क मंत्री श्री पी.सी. शर्मा, खेल मंत्री श्री जीतू पटवारी और पर्यटन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल भोपाल में शॉटगन शूटिंग रेंज एवं हॉकी टर्फ का भूमिपूजन करते हुये।

श्री पटवारी ने बताया कि इंदौर में बिलावली तालाब को वाटर स्पोर्ट्स के लिए तैयार किया जा रहा है, जहां आगामी नवम्बर माह में अंतर्राष्ट्रीय ड्रेगन बोट प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि महेश्वर में स्पोर्ट्स टूरिज़्म की बेहतर संभावनाओं को देखते हुए नर्मदा की सहस्त्रधारा पर कैनो स्लालम कोर्स संचालित किया जा रहा है।

परफॉर्मेंस के लिये कमिटमेंट जरूरी

पर्यटन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह बघेल ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में पर्यटन की बेहतर संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए खेलों को पर्यटन से जोड़ने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। बेहतर परफॉर्मेंस के लिए कमिटमेंट बहुत जरूरी है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सामयिकी

पापुआ न्यू गिनी में 6.2 तीव्रता का भूकंप

अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण ने जानकारी देते हुए बताया कि पापुआ गिनी में 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केन्द्र पापुआ न्यू गिनी के ईस्ट न्यू ब्रिटेन प्रांत की राजधानी कोकोपो के दक्षिण में 122 किलोमीटर दूर 31 किलोमीटर की गइराई में स्थित था। ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठ भूकंप विज्ञानी ट्रेवोर एलेन ने कहा भूकंप का केंद्र रहे स्थानों के पास तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को भूकंप के जोरदार झटके महसूस हुए।

सोलर ऑर्बिटर मिशन

यूरोपीय स्पेस एजेन्सी और नासा ने मिलकर किया लॉन्च

यूरोपीय स्पेस एजेन्सी और नासा ने मिलकर सूर्य के अध्ययन के लिए सोलर ऑर्बिटर मिशन लॉन्च किया है। इस

- **सूर्य की झुलसा देने वाली गर्मी के बीच ऑर्बिटर के लिए खास हीट शील्ड तैयार की गई है।**
- **इसमें कैल्शियम फॉस्फेट की काली कोटिंग की गई है।**

ऑर्बिटर मिशन के जरिए सूर्य के ध्रुवों की जानकारी तस्वीरों के जरिए प्राप्त हो सकेगी। इसे फ्लोरिडा के केप कैनेवरल स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया है। इसे सूरज तक पहुँचने में 7 साल में करीब 4 करोड़ 18 लाख किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ेगी। इसके लिये एक खास हीट शील्ड तैयार की गई है। इसमें कैल्शियम फॉस्फेट की काली कोटिंग की गई है।

यह कोटिंग कोयले के चूरे की तरह होती है, जिसे हजारों साल पहले गुफाओं में चित्र बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। नासा के अनुसार अंतरिक्ष यान के टेलीस्कोप से हीट शील्ड के आर-पार देखा जा सकेगा। हीट शील्ड करीब 1,000 डिग्री फॉरेनहाइट तापमान से ऑर्बिटर को सुरक्षित रखेगा। नासा के अनुसार सोलर ऑर्बिटर को 2 टन भारी अंतरिक्ष यान में रखा गया है।

अफगानिस्तान सेना की कार्रवाई में 50 आतंकी मारे गए

अफगानिस्तान सेना के द्वारा आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट और तालिबान पर की गई कार्रवाई में 50 आतंकी मारे गए।

अफगानिस्तान के अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पश्चिमी कुनार प्रांत में सेना ने आईएस के ठिकानों पर हवाई हमला किया। कंधार, कुंदुज, हेरात, बल्ख और हलमंद प्रांतों में सेना द्वारा सिलसिलेवार तरीके से किए गए हवाई हमलों में ये आतंकी मारे गए। एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि नेशनल डायरेक्टर ऑफ सिक्योरिटी के विशेष सुरक्षा बलों द्वारा सेरा गुलक्षेत्र में किये गये हमले में आईएस कमांडर काजी अशमा भी मारा गया है।

कोरोना वायरस

ब्रिक्स देशों ने की मदद की पेशकश

ब्रिक्स के सदस्य देशों ने चीन के कोरोना वायरस आपदा पर मदद करने की पेशकश की है। चीन ने भी इन देशों की

- **ब्रिक्स पाँच देशों का संगठन है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।**

मदद करने की अपील की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया है।

ब्रिक्स के मौजूदा अध्यक्ष रूस ने बयान जारी कर ब्रिक्स देशों की ओर से चीन को सहयोग की पेशकश की है। ज्ञात रहे कि चीन में इस आपदा से अब तक 1200 लोगों से ज्यादा की मौत हो गई है। इन मौतों में 97 नए मामले कोरोना वायरस से सबसे अधिक प्रभावित हुबेई प्रांत से सामने आए हैं। इसके अलावा लगभग 44,653 से ज्यादा लोग इसकी चपेट में आए हैं।

ऑस्कर - 2020

"पैरासाइट" बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड पाने वाली पहली गैर अंग्रेजी फिल्म बनी

92वें एकेडमी अवॉर्ड्स का आयोजन लॉस एंजेलिस में रंगारंग समारोह के साथ संपन्न हुआ। दक्षिण कोरियन फिल्म

- **'लिटिल वुमन' के लिए नॉमिनेट हुईं 25 वर्षीय साओर्स रोनन चार बार बेस्ट एक्ट्रेस नॉमिनेशन पाने वाली दूसरी सबसे युवा एक्ट्रेस बनीं।**
- **बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड 'जोकर' के लिए जॉकिन फिनिक्स को मिला।**
- **फिल्म 'जूडी' के लिए 'रिनी जेलवेगर' बेस्ट एक्ट्रेस चुनी गई हैं।**

"पैरासाइट" ने बेस्ट पिक्चर का ऑस्कर अवॉर्ड जीतकर इतिहास रच दिया। अवॉर्ड जीतकर यह फिल्म पहली गैर-अंग्रेजी फिल्म

बन गई है।

पैरासाइट फिल्म को कुल चार अवॉर्ड मिले। फिल्म को बेस्ट ओरिजनल स्क्रीन प्ले, बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट इंटरनेशनल फीचर कैटेगरी में अवॉर्ड मिले हैं।

बांग्लादेश में नाव डूबने से रोहिंग्या शरणार्थियों की मौत

बांग्लादेश के निकट मलेशिया जाने की कोशिश करते हुए बंगाल की खाड़ी में नाव पलट जाने से तकरीबन 15 रोहिंग्या शरणार्थियों की मौत हो गई।

बचाव कार्य दल द्वारा 77 रोहिंग्याओं को बचा लिया गया, जबकि 40 अभी भी लापता हैं। तटरक्षक के मीडिया अधिकारी लेफ्टिनेंट हयात इल्ना सिद्धिकी ने बताया कि यह दुर्घटना सेंट मार्टिन द्वीप के पास एक बड़े पत्थर की नाव से टक्कर के बाद हुई।

तटरक्षक कमांडर नईम उल हक ने बताया कि तटरक्षक की नावें हताहतों को तलाश कर रही हैं।

ज्ञात रहे कि म्यांमार में 2017 में सैन्य कार्रवाई से घबराकर भागे अधिकतर रोहिंग्या बांग्लादेश के शरणार्थी शिविरों को

छोड़कर समुद्री मार्ग से ही लगातार मलेशिया की ओर जाने का प्रयास कर रहे हैं और उन्हीं में से एक दल के साथ पलायन के दौरान यह हादसा हुआ। बांग्लादेश सरकार इस हादसे की सही जानकारी जुटाने में लगी है।

यूरोप में सियारा तूफान का कहर

यूरोप के विभिन्न देशों में 'सियारा तूफान' अपना कहर बरपा रहा है। इसने जनजीवन अस्त-व्यस्त करने के साथ ही हवाई यातायात को बुरी तरह प्रभावित किया है। खबर के अनुसार ब्रिटेन के एक एयरपोर्ट पर रनवे पर विमान हिचकोले खाते हुए टेकऑफ करते हुये दिखा है। इस तरह की स्थिति का सामना कई विमानों को करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन और आयरलैंड में दस्तक देने के बाद तूफान अन्य देशों की तरफ बढ़ रहा है। अब तक 7 लोगों की मौत की पुष्टि की गयी है।

अटलांटिक महासागर से होते हुए ब्रिटेन के तट तक पहुँचने वाले सियारा तूफान से भारी बारिश हुई है। तूफान की रफ्तार 156 किलोमीटर प्रतिघंटा है। इसके कारण ब्रिटेन के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। 62 हजार घरों में बिजली गुल हो गई। खराब मौसम के चलते फ्रांस, बेल्जियम, नीदरलैंड्स, स्विट्ज़रलैंड और जर्मनी में भी कई उड़ानें रद्द कर दी गई। ब्रिटेन से लगे चेक गणराज्य के उद्योग, व्यापार और परिवहन मंत्रालय ने सियारा को लेकर चेतावनी जारी कर दी है।

तेजी से गर्म हो रहा अंटार्कटिका

दुनिया भर में ग्लोवल वार्मिंग का असर देखने को मिल रहा है हाल में अंटार्कटिका का बढ़ा हुआ तापमान भी

- **अंटार्कटिका में 18.3° C तापमान दर्ज किया गया।**
- **अभी WMO द्वारा इसे जाँचा जाना है।**

इसका उदाहरण है।

अंटार्कटिका पर ग्लोवल वॉर्मिंग का सीधा असर नजर आ रहा है। खबर है कि अंटार्कटिका तेजी से गर्म हो रहा है और यही वजह है कि नॉर्दन अंटार्कटिका में अब तक का सबसे ज्यादा 18.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रेकॉर्ड किया गया। अंटार्कटिका को स्नो आइस और पेंगुइन के लिए जाना जाता है। यह अब तक का सबसे ज्यादा तापमान है। यह तापमान अर्जेंटाइन रिसर्च बेस एस्परेंजा पर रिकॉर्ड किया गया, लेकिन इस तापमान को वर्ल्ड मीटरोलॉजिकल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा वेरिफाई किया जाना बाकी है। ऑर्गेनाइजेशन के लिए तापमान का लेखा-जोखा रखने वाले रेनडैल केरवैनी ने कहा कि तापमान का यह रिकॉर्ड सटीक है। ज्ञात रहे कि सन् 1971 के बाद से सबसे ज्यादा तापमान 14.1 सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

इस्लामिक क्रांति को अमेरिका नहीं कर रहा स्वीकार - रुहानी

ईरान के राष्ट्रपति हसन रुहानी ने कहा है कि 41 साल बाद भी अमेरिका इस्लामिक क्रांति को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। रुहानी ने तेहरान में एक रैली में कहा कि अमेरिका एक महान राष्ट्र की जीत को और इस सरजमीं से एक महाशक्ति को खदेड़े जाने को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। वर्ष 1979 में ईरान के शाह को अपदस्थ किए जाने और इस्लामिक गणतंत्र की स्थापना की वर्षगांठ के मौके पर रोहानी ने रैली को संबोधित करते हुए यह कहा।

अमेरिकी सेनाएं अब इराक छोड़ दें - खामनेई

ईरान के बड़े नेता ने कहा है कि अमेरिकी सेनाओं को अब इराक छोड़ देना चाहिए और सीरिया चले जाना चाहिए। ईरान के प्रमुख समाचार-पत्र ने सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्लाह अली खामनेई के हवाले से कहा कि अगर अमेरिकी सेना ने इराक नहीं छोड़ा तो उन्हें खदेड़ दिया जाएगा।

गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका द्वारा ईरानी शीर्ष कमांडर कासिम सुलेमानी की हत्या के बाद से दोनों देशों में तनाव का माहौल है और इसी के मद्देनजर ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता ने यह बयान दिया है। हालांकि अमेरिका ने इस खबर पर अभी तक अपनी कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

चर्चा में

काम्या कार्तिकेयन

माउंट एकांकागुआ फतह करने वाली सबसे युवा पर्वतारोही बनीं

मुंबई के नेवी चिल्ड्रन स्कूल की 7वीं कक्षा की विद्यार्थी

काम्या कार्तिकेयन साउथ अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट एकांकागुआ फतह करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की बालिका बन गई हैं। 12 वर्षीय काम्या ने एशिया के बाहर 6962 मीटर ऊंची चोटी को फतह किया है। 1 फरवरी को उन्होंने चोटी के शीर्ष पर तिरंगा फहराया। काम्या ने इससे पहले पिछले साल 24 अगस्त को लद्दाख की 6260 मीटर ऊंची चोटी माउंट मेंटोक कांग्री द्वितीय पर कठिन परिस्थिति में चढ़ाई पूरी की थी।

मुंबई लोकल ट्रेन सेवा

मुंबई की लाइफलाइन 95 साल की हुई

मुंबई की लाइफलाइन के नाम से जानी जाने वाली मुंबई

लोकल 95 साल की हो गई है। 4 डिब्बों वाली पहली ईएमयू लोकल 3 फरवरी 1925 को तत्कालीन बॉम्बे वीटी स्टेशन (सीएसएमटी) से हार्बर लाइन पर कुर्ला तक चली थी। मुंबई के तत्कालीन गवर्नर सर लेस्ली विल्सन ने हरी झंडी दिखा लोकल को रवाना किया था। मुंबई लोकल के गौरवशाली 95 साल पूरा होने पर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल पर मुंबई मंडल के अधिकारियों ने केक काटा। साथ ही स्पेशल पहली ईएमयू सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

गनशॉट लोकेटर

दुनिया का सबसे सस्ता लोकेटर भारत में हुआ तैयार

आर्मी कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग ने एक निजी

फर्म की मदद से देश का पहला और दुनिया का सबसे सस्ता गनशॉट लोकेटर बनाया है। यह गोली चलाने पर 400 मीटर दूर से उसकी सटीक लोकेशन बता सकेगा। इससे आतंकी घटनाओं और आतंकियों को आसानी से लोकेट कर ढेर किया जा सकेगा।

अविषेक डालमिया

बंगाल क्रिकेट संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत जगमोहन डालमिया

के बेटे 38 वर्षीय अविषेक बंगाल क्रिकेट संघ के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये हैं। लोढ़ा सिफारिशों वाले संविधान के अनुसार अविषेक 6 नवम्बर 2021 से 'कूलिंग ऑफ पीरियड' में चले जायेंगे, जिससे उनका कार्यकाल 22 महीनों का होगा। अविषेक बंगाल क्रिकेट संघ के 18वें अध्यक्ष हैं। उनके पिता ने भी यह पद दो बार संभाला था।

सेल्फ ड्राइविंग वाहन आर-2

अमेरिका के संघीय परिवहन विभाग ने दी मंजूरी

अमेरिका के संघीय परिवहन विभाग ने पहले सेल्फ ड्राइविंग वाहन आर-2 को मंजूरी दे दी है। इसे सिलिकॉन वैली के सेल्फ ड्राइविंग स्टार्टअप नुरो ने बनाया है। जिसके संस्थापक गूगल के दो इंजीनियर हैं। इसकी अधिकतम गति 25 किलोमीटर प्रति घंटे है। इस वाहन को मंजूरी देते समय उन मानकों से छूट दी गई है, जो अन्य वाहनों को पूरा करना अनिवार्य होता है। हालांकि अमेरिकी संसद ने अभी तक सेल्फ ड्राइविंग वाहन को लाइसेंस जारी करने का कानून नहीं बनाया है।

सुग्रीव यूनिवर्सिटी

इंडोनेशिया ने खोली पहली स्टेट हिन्दू यूनिवर्सिटी

इंडोनेशिया ने देश में पहली हिन्दू यूनिवर्सिटी खोली है।

यह सुग्रीव यूनिवर्सिटी बाली के देनपसार में स्थित है। 31 जनवरी 2020 को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडाडो ने नई यूनिवर्सिटी के लिए आदेश पर हस्ताक्षर किये। यह यूनिवर्सिटी आई गुस्ती बागुस सुग्रीव के नाम पर है। सुग्रीव इंडोनेशिया की जानी मानी हस्ती रहे हैं। धार्मिक, शिक्षा और सामुदायिक गतिविधियों में नेता के तौर पर उनका बहुत नाम रहा है।

तरनजीत सिंह संधू

अमेरिका में भारत के राजदूत बने

वरिष्ठ राजनयिक तरनजीत सिंह संधू अमेरिका में

भारत के नये राजदूत बन गये हैं। उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी औपचारिक मुलाकात की। भारतीय दूतावास में उप-राजदूत अमित कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी संधू जुलाई 2013 से जनवरी 2017 तक बतौर उप-राजदूत कार्यरत रहे थे।

कालीतारा मंडल

दिल्ली विधानसभा चुनाव की सबसे बुजुर्ग वोटर

दिल्ली विधानसभा चुनाव में बुजुर्ग वोटरों की संख्या

आश्चर्यजनक रूप से ज्यादा नजर आयी। इस चुनाव में कुल 1 करोड़ 47 लाख 86 हजार 382 वोटर थे। इसमें 147 वोटर 100 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके थे। कालीतारा मंडल सबसे बुजुर्ग वोटर के नाम पर चिन्हित की गई हैं। उनकी आयु 110 वर्ष से उपर है। चितरंजन पार्क में रहने वाली कालीतारा मंडल पूर्णतः स्वस्थ हैं। वो अपने परिवार के साथ वोट डालने निकटस्थ मतदान केंद्र पहुंची थीं।

केटी पेरी

बाल तस्करी रोकने ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट की दूत बनीं

ब्रिटेन के प्रिंस चार्ल्स ने अमेरिकी गायिका केटी पेरी को

ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट के भारत से जुड़े बाल संरक्षण कोप का नया दूत नियुक्त किया है। वर्ष 2007 में स्थापित ब्रिटिश एशियन ट्रस्ट एक चैरिटी संस्था है। प्रिंस चार्ल्स ने दक्षिण एशियाई परिवारों की गरीबी देखने के बाद इस ट्रस्ट की स्थापना की थी। प्रिंस चार्ल्स द्वारा इस ट्रस्ट की स्थापना का उद्देश्य बाल तस्करी में कमी लाना है।

नैंसी पेलोसी

राष्ट्रपति ट्रंप ने नहीं मिलाया हाथ, तो फाड़ी स्पीच की कॉपी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के बाद तुरंत हाथ मिलाने को आगे बढ़ीं नैंसी पेलोसी को इग्नोर कर

दिया। ऐसे में स्पीकर नैंसी ने राष्ट्रपति की मौजूदगी में ही स्पीच की कॉपी फाड़ कर अपना गुस्सा दिखाया। ट्रंप के इस व्यवहार से नैंसी के चेहरे पर नाराजगी साफ दिखायी दे रही थी। दुनियाभर में सोशल मीडिया पर नैंसी का गुस्सा चर्चा का विषय बन गया।

ऋषभ पंत

जेएसडब्ल्यू स्टील के ब्रांड दूत बने

जेएसडब्ल्यू स्टील ने भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत को

अपना ब्रांड दूत बनाने की घोषणा की है। पंत आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के लिये खेलते हैं और जेएसडब्ल्यू कंपनी टीम की सह-मालिक है। इस युवा विकेट कीपर बल्लेबाज से तीन साल का करार किया गया है, जिसमें वह जेएसडब्ल्यू स्टील के उत्पादों को प्रमोट करेंगे।

श्रीलंका

72वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

श्रीलंका के 72वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर श्रीलंका के

राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सहित द्वीपीय राष्ट्र में लोकतंत्र की रक्षा का लोगों को भरोसा दिलाया। समाचार पत्र कोलंबो गजट के अनुसार कोलंबो में इंडिपेंडेंस स्क्वेयर से राष्ट्र को संबोधित करते हुये राजपक्षे ने कहा कि श्रीलंका एकजुट देश है। गोटबाया ने ऑनलाइन कुछ भी पोस्ट करने से पहले जनता से दो बार सोचने का आग्रह किया।

नेपाल में

पहली बार जनगणना में शामिल होगा एलजीबीटी समुदाय

अल्पसंख्यक समुदाय के लिये सरकारी नौकरियों और

बेहतर शिक्षा के प्रबंध के लिये नेपाल में आगामी जनगणना में पहली बार एलजीबीटी की गणना की जायेगी। नेपाल में एलजीबीटी समुदाय लंबे समय से हर 10 साल में होने वाली जनगणना में उनकी गिनती करने की मांग करता रहा है। नेपाल के कानून के अनुसार कार्यस्थलों, स्कूलों और कॉलेजों में अल्पसंख्यकों के लिये विशेष आरक्षण और रियायती स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबधान है। इस जनगणना में शामिल होने से इस समुदाय को कॅरियर और आर्थिक उन्नति में मदद मिल सकेगी।

मंगा अनंतमूला

वर्जीनिया से प्रतिनिधि सभा के लिये प्रत्याशी होंगी

वर्जीनिया से अमेरिकी कांग्रेस में पहुंचने की दौड़ में

भारतीय मूल की मंगा अनंतमूला शामिल हो गई हैं। अमेरिका में इवी लीग स्कूलों में दाखिले में कथित भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने वाली भारतीय मूल की मंगा ने घोषणा करते हुये कहा कि वह प्रतिनिधि सभा के चुनाव में उतरेंगी। उन्होंने कहा कि वह अमेरिका में हिंदुओं के लिये शोर नहीं बल्कि आवाज बनना चाहती हैं। आंध्रप्रदेश में पैदा हुई मंगा रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रबंधन में संघ सरकार के ठेकेदार के तौर पर काम करती हैं।

झुमका तिराहा

बरेली में बनाया गया

सन् 1966 में आयी फिल्म 'मेरा साया' के गीत

'झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में', से लोकप्रिय हुये उत्तरप्रदेश के बरेली शहर के विकास प्राधिकरण ने नेशनल हाइवे 24 पर 'झुमका' प्रतिकृति लगाई है। इसे 'झुमका तिराहा' नाम दिया गया है। 200 किलो वजनी पीतल और तांबे से बना झुमका 14 फीट ऊंचे खंभे पर लगाया गया है। इसे गुरुग्राम के एक कलाकार ने बनाया है। स्ट्रक्चर और जगह की खूबसूरती बढ़ाने के लिये 10 लाख रुपये इस पर खर्च किये गये हैं।

स्मृति शेष

हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता किर्क डगलस का निधन

हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता किर्क डगलस का

103 साल की उम्र में लॉस एंजिलिस में निधन हो गया। उन्हें स्पार्टकस, पाथ्स ऑफ ग्लोरी जैसी बेहतरीन फिल्मों के लिये जाना जाता था। उन्हें ऑस्कर के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार के लिये तीन बार नामित किया गया था। 1996 में उन्हें ऑस्कर के मानद पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

प्रसिद्ध लेखक कृष्ण बलदेव वैद का निधन

हिंदी के मशहूर लेखक कृष्ण बलदेव वैद का 92



वर्ष की उम्र में न्यूयॉर्क के अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार थे। वे अमेरिका चले गये थे और वहीं बस गये। उनका जन्म अविभाजित पंजाब के डिंगा में 27 जुलाई 1927 को हुआ था। उन्होंने कई प्रसिद्ध कहानियां, उपन्यास और नाटक लिखे थे।

पद्मश्री से सम्मानित लेखक गिरिराज किशोर का निधन

पद्मश्री से सम्मानित लेखक गिरिराज किशोर

का 83 वर्ष की उम्र में कानपुर में निधन हो गया है। हिंदी के प्रसिद्ध उपन्यासकार होने के साथ एक कथाकार, नाटककार और आलोचक रहे गिरिराज किशोर ने 'पहला गिरमिटिया' नामक उपन्यास लिखा था, जो महात्मा गांधी के अफ्रीका प्रवास पर आधारित था। इसके लिये उन्हें के.के. बिरला फाउंडेशन द्वारा व्यास सम्मान से नवाजा गया था।

केन्या के पूर्व राष्ट्रपति डेनियल मोई का निधन

केन्या के पूर्व राष्ट्रपति डेनियल अराप मोई का 95

वर्ष की उम्र में निधन हो गया। पूर्व में स्कूल शिक्षक रहे मोई केन्या में सबसे लंबे समय तक राष्ट्रपति रहे हैं। मोई ने 24 वर्षों तक केन्या का शासन संभाला था। वह पिछले एक माह से अस्पताल में भर्ती थे।

भारतीय मूल की अमेरिकी उद्यमी लैला का निधन

भारतीय मूल की अमेरिकी उद्यमी लैला जानाह

का 37 वर्ष की उम्र में कैंसर से निधन हो गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी समसोर्स के जरिये वे दुनिया में गरीबी कम करने और बेरोज़गारों को रोज़गार दिलाने के लिये काम करती थीं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

अहिंसा का अर्थ कायरता नहीं है, बल्कि दूसरे पर अत्याचार न करना है – महात्मा गांधी

(पृष्ठ 18 का शेष)

आयु सीमा :	18-27 वर्ष, आयु में छूट पैरा 6 में दी गई सारणी के अनुसार दी जाएगी. **उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी:-** सेवा विभाग के पत्र/परिपत्र सं. एफ.19 (11)/2015/एस-IV/1751-1756 दिनांक 11/06/2019 के अनुसार उसी विभाग के संविदात्मक कर्मचारी के रूप में व्यतीत किए गए वास्तविक समय की सीमा तक एकबारगी उपाय के रूप में उपरी आयु सीमा में छूट अधिकतम 5 वर्ष के अध्यधीन, **बशर्ते** कि उन्होंने उस खास वर्ष में कम से कम 180 दिन काम किया हो.
पद को प्रयोक्ता विभाग के मांग के अनुसार अम्ल आक्रमण शिकार, बौनेपन, शारि (पीडी, ओएल, ओए, पीबी, एमडी) अभ्यर्थियों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान की गई है.	
सं. सं.	फा. नं. एफ. 16/विविध/2004/टीई/एडी/प्रयोगशाला परिचर/1118 दिनांक 12/09/2019

नोट :

1. उम्मीदवारों को केवल **ऑनलाइन** ही आवेदन करना चाहिये- **आवेदन की कोई अन्य पद्धति** स्वीकार नहीं की जायेगी.
2. उम्मीदवारों को, संबंधित पद (दों) के लिये ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने से पहले, **ऑनलाइन आवेदन के लिये अनुदेशों** को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ना चाहिये, जो कि बोर्ड की वेबसाइट **http://dsssbonline.nic.in (आवेदनपत्र भरने हेतु उम्मीदवारों द्वारा लॉगिन करने पर)** उपलब्ध हैं.
3. विभिन्न श्रेणियों अर्थात अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस आदि के लिये आरक्षण का लाभ रा-रा-क्षे- दिल्ली सरकार की नीति के अनुरूप प्रदान किया जायेगा.
4. सफल उम्मीदवारों के लिये दस्तावेजों के सत्यापन के समय ओएआरएस ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के प्रिंटआउट की हार्ड प्रति के साथ दस्तावेजों, इन्वीजिलेटर द्वारा हस्ताक्षरित प्रवेशपत्र (परीक्षा में प्रयुक्त) की स्पष्ट स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करना अपेक्षित है. (संलग्न प्रमाणपत्रों में वर्णित किसी भी सूचना पर विचार नहीं किया जायेगा **जब तक कि इसका आवेदन प्रपत्र में दावा नहीं किया जाता है**).
5. परीक्षा आयोजित करने के लिये केंद्र केवल दिल्ली/एनसीआर में होंगे.
6. उम्मीदवारों को परीक्षा केंद्र पर **आधार कार्ड /** सरकार द्वारा जारी किसी अन्य पहचान प्रमाण की मूल प्रति अवश्य लेकर आना चाहिये, अन्यथा उन्हें परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी.

1. **परीक्षा शुल्क और भुगतान की पद्धति: रु. 100/- (केवल एक सौ रुपये)**

क. महिला उम्मीदवारों और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, शारीरिक विकलांग और भूतपूर्व सैनिक श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट है.

ख. **भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने पहले से ही अपने पुनःरोज़गार के लिये भूतपूर्व सैनिक को दिये गये आरक्षण का लाभ लेने के उपरांत नियमित आधार पर केन्द्रीय सरकार के अधीन सिविल साइड में रोज़गार प्राप्त कर लिया है, वे शुल्क में छूट लेने के पात्र नहीं हैं.**

ग. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को अपेक्षित शुल्क का भुगतान केवल **एसबीआई ई-पे** के जरिये करना अपेक्षित है. भुगतान का अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जायेगा और ऐसे उम्मीदवारों के आवेदन-पत्र सीधे नामंजूर कर दिये जायेंगे और भुगतान को जब्त कर लिया जायेगा.

घ. शुल्क का एक बार भुगतान कर दिये जाने पर किसी भी स्थिति में इसे वापस नहीं किया जायेगा.

2. **चयन की पद्धति:** चयन **एक टियर एवं दो टियर** परीक्षा योजना और जहां कहीं लागू हो कौशल परीक्षा के जरिये किया जायेगा.

परीक्षा योजना :

दि.अ.से.च.बो. **परिशिष्ट-1** में दी गई परीक्षा योजना के अनुरूप पद कोडों के लिये एक टियर एवं दो टियर परीक्षा आयोजित करेगा. लेकिन दि.अ.से.च.बो. के पास परीक्षा से पूर्व किसी भी समय परीक्षा की योजना में परिवर्तन/संशोधन, यदि ऐसा करना अपेक्षित है, करने का अधिकार सुरक्षित है.

नोट:

(i) परीक्षा प्रश्न, भाषा पेपर्स को छोड़कर जो कि केवल संबंधित भाषा में होगी, द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेज़ी) रूप में होंगे.

(ii) दि.अ.से.च.बो. द्वारा आयोजित परीक्षाओं के संबंध में उत्तर पर्णियों/उत्तर पुस्तिकाओं के पुनःमूल्यांकन/पुनः जांच का कोई प्रावधान नहीं है.

(iii) दि.अ.से.च.बो. के पास किसी भी परीक्षा से किसी भी प्रश्न/प्रश्नों को निरस्त/हटाने का अधिकार सुरक्षित है.

(iv) बोर्ड ने गुणात्मक चयन हासिल करने और उपलब्ध श्रेष्ठ प्रतिभा की भर्ती के वास्ते दिनांक 26.04.2013 की सूचना सं. एफ-4 (130)/पी एंड पी/13/डीएसएसएसबी/20-33 के माध्यम से विभिन्न श्रेणियों (अना/अजा/ अजजा/अपिव/शारि/भूपूसै) के लिये न्यूनतम अर्हक अंक निर्धारित किये हैं और ये बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं, यद्यपि, विभिन्न श्रेणियों में चयन के लिये कट ऑफ अंक ऊपर जा सकते हैं जो कि उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों और रिक्तियों की संख्या पर निर्भर करेगा.

(v) बोर्ड उम्मीदवारों द्वारा उनके आवेदन पत्र में प्रदान की गई सूचना और दस्तावेज प्रस्तुति के समय उम्मीदवार द्वारा उलब्ध कराये गये दस्तावेजों/प्रमाण-पत्रों के आधार पर उम्मीदवारों का अनंतिम चयन करता है और मांगपत्र भेजने वाले प्रयोक्ता/विभाग को इनकी अनुशंसा करता है. इसके आगे नियुक्ति प्राधिकारी अर्थात मांगपत्र भेजने वाला/प्रयोक्ता विभाग उम्मीदवार की अंतिम नियुक्ति से पूर्व भर्ती नियमों गृह मंत्रालय के का. ज्ञा. सं. 2/29/54-आरपीएस 19/11/1954 के माध्यम से इस संबंध में जारी भारत सरकार के आदेशों के अनुरूप पात्रता और दस्तावेजों/ प्रमाण-पत्रों की प्रामाणिकता के बारे में सत्यापन करता है तथा स्वयं को संतुष्ट करता है. अतः किसी उम्मीदवार का अनंतिम चयन होने से उसे तब तक नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं हो जाएगा जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी ऐसी किसी जांच के उपरांत, जो भी आवश्यक समझी जाए, इस बात की संतुष्टि नहीं कर लेता कि पद पर नियुक्ति हेतु वह हर प्रकार से सुयोग्य है.

(vi) एक से अधिक संबंधित पदों के लिये संयुक्त परीक्षा के मामले में दस्तावेज /ई-डोजियर के सत्यापन के समय उम्मीदवार से पदों का वरीयता क्रम प्राप्त किया जायेगा.

(vii) संयुक्त पदों की संयुक्त परीक्षा के मामले में पहले के पद कोड के अधिसूचित परिणाम को पहले प्रोसेस किया जायेगा.

(viii) यदि एक ही श्रेणी में दो या अधिक उम्मीदवारों ने परीक्षा में समान अंक प्राप्त किए हैं तो :

i. **एक/दो टियर तकनीकी पदों के मामले में :**

(क) विषय विशिष्ट खंड में अधिक अंकपत्र प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को मैरिट में ऊपर रखा जाएगा.

(ख) उक्त (क) में उल्लिखित अंक भी समान होने के मामले में आयु में वरिष्ठ उम्मीदवार को मैरिट में ऊपर रखा जाएगा.

(ग) जन्म तिथि भी समान होने के मामले में, जिस उम्मीदवार का पहला नाम अंग्रेजी वर्णक्रम (अल्फाबेटिकल ऑर्डर) में पहले आता है उसे मैरिट में ऊपर रखा जाएगा.

ii. **गैर तकनीकी/सामान्य पदों के मामले में :**

(क) आयु में वरिष्ठ उम्मीदवार को मैरिट में ऊपर रखा जाएगा.

(ख) जन्म तिथि भी समान होने के मामले में जिस उम्मीदवार का पहला नाम अंग्रेजी वर्णक्रम (अल्फाबेटिकल ऑर्डर) के पहले आता है उसे मैरिट में ऊपर रखा जाएगा.

(ix) उम्मीदवार एक से अधिक पद कोड के लिये आवेदन कर सकते हैं परंतु बोर्ड एक ही दिन दो या अधिक भिन्न पद कोडों के लिये परीक्षा का आयोजन कर सकता है और उम्मीदवार केवल किसी एक पद कोड की परीक्षा देने का विकल्प दे सकता है.

3. **पाठ्यक्रम: (एक टियर एवं दो टियर परीक्षा योजनाओं के लिये)**

एक टियर (सामान्य/तकनीकी) परीक्षा:

खण्ड-क:

(i) **सामान्य जागरूकता:** प्रश्नों को उम्मीदवार की उसके आसपास के वातावरण की सामान्य जागरूकता तथा समाज पर इसके अनुप्रयोग की योग्यता की जांच के लिए डिज़ाइन किया जाएगा. प्रश्नों को ताज़ा घटनाओं और रोज़मर्रा अवलोकित होने वाले ऐसे मामलों के ज्ञान की जांच हेतु डिज़ाइन किया जाएगा जैसा कि किसी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षित होता है. परीक्षा में इतिहास, राजनीति, संविधान, खेलों, कला एवं संस्कृति, भूगोल, अर्थशास्त्र, रोज़मर्रा विज्ञान, वैज्ञानिक अनुसंधान, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय संगठनों/संस्थानों आदि से जुड़े प्रश्न भी शामिल किए जाएंगे.

(ii) **सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तार्किक योग्यता:** सामान्य बुद्धिमत्ता और तार्किक योग्यता में मौखिक और गैर मौखिक दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल हैं. परीक्षा में सादृश्य, समानता, भेद, स्पेस विज़ुअॅलाइज़ेशन, समस्या समाधान, विश्लेषण, निर्णय, निर्णय करना, दृश्य मेमोरी, विभेद, पर्यवेक्षण, संबंध, अवधारणा, अंकगणितीय तर्क, मौखिक और अंक वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या शृंखला आदि पर प्रश्न शामिल हो सकते हैं.

(iii) **अंकगणितीय एवं संख्यात्मक योग्यता:** अंकगणितीय और संख्यात्मक योग्यता की परीक्षा में संख्यात्मक प्रणालियां सम्मिलित होंगी जिनमें सामान्यीकरण, दशमलव, डाटा व्याख्या, फ्रेक्शन्स, एलसीएम, एचसीएफ, अनुपात एवं समानुपात, प्रतिशतता, औसत, लाभ एवं हानि, डिस्काउंट, साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज, मेन्सुरेशन, समय और कार्य, समय और दूरी, सारणी एवं ग्राफ आदि से संबंधित प्रश्नों को शामिल किया जाएगा.

(iv) **हिंदी भाषा और कम्प्रिहेन्शन और अंग्रेजी भाषा एवं कम्प्रिहेन्शन:** उम्मीदवार की अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं की समझ और कम्प्रिहेन्शन की जांच करने के अलावा, शब्द ज्ञान, व्याकरण, वाक्य संरचना, पर्यायवाची, विपरीतार्थक और इनके सही उपयोग आदि के बारे में भी प्रश्न शामिल किये जायेंगे.

खण्ड ख (केवल एक टियर तकनीकी परीक्षा हेतु लागू): पद विनिर्दिष्ट विषय संबंधी प्रश्नः पद के लिये भर्ती नियमों में निर्धारित अर्हता के अनुसार संबंधित विषय पर वस्तुनिष्ठ प्रकार के बहु विकल्प प्रश्न.

दो टियर परीक्षा योजनाएं :

i. टियर -I परीक्षा का पाठ्यक्रम एक टियर परीक्षा के समान ही होगा.

ii. टियर -II परीक्षा का पाठ्यक्रम :

क. **भाग-I (एमसीक्यू/ऑब्जेक्टिव प्रकृति का)**

(i) सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तार्किक योग्यता-एक टियर परीक्षा के समान ही किंतु स्तर थोड़ा सा उच्च होगा.

(ii) मात्रात्मक अभिवृत्ति-टियर-I की तरह अंकगणितीय तथा संख्यात्मक योग्यता के अतिरिक्त थोड़े उच्च स्तर के साथ, प्रश्न डेटा व्याख्या और विश्लेषण पर होंगे.

(iii) सामान्य जागरुकता टियर-I हेतु दिए गए विषयों के अतिरिक्त प्रश्न दिल्ली के इतिहास, संस्कृति, जनांकिकी, भूगोल एवं अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की प्रशासनिक संरचना और अभिशासन, दिल्ली सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रश्न होंगे.

(iv) अंग्रेजी भाषा एवं कम्प्रीहेंसन- टियर-I के समान किंतु स्तर थोड़ा उच्च होगा.

ख. **भाग-II (विवरणात्मक)**

परिशिष्ट-I में उल्लिखित परीक्षा योजना के अनुसार.

4. **पात्रता मानदंड:**

(i) उम्मीदवार भारत का नागरिक होना चाहिये.

(ii) जैसा कि विज्ञापन में निर्धारित किया गया है शैक्षणिक अर्हता, आयु, अनुभव आदि का निर्धारण आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को किया जायेगा.

5. **आरक्षण लाभ:**

(i) आरक्षण का लाभ ईडब्ल्यूएस/अजा/अजजा/अपिव/शारीरिक विकलांग और अन्य विशेष श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए दिल्ली सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों/आदेशों/परिपत्रों के अनुरूप प्रदान किया जाएगा.

(ii) जो उम्मीदवार आरक्षित रिक्तियों के तहत विचार किए जाने और/या आयु में छूट के इच्छुक हैं उन्हें **सक्षम/अधिसूचित प्राधिकारी द्वारा (निर्धारित प्रपत्र में) कट ऑफ तिथि (विज्ञापन बंद होने की तिथि) को या इससे पूर्व जारी संगत प्रमाण-पत्रों (ईडब्ल्यूएस/अजा/अजजा/अपिव/गैर-सम्पन्न वर्ग/शारि/शैक्षिक/अनुभव आदि) धारी होना चाहिए, अन्यथा** किसी भी श्रेणी हेतु उनके दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उनके आवेदन-पत्रों पर, यदि अन्य प्रकार से पात्र हुए, अनारक्षित (अना) के तहत विचार किया जाएगा. **उम्मीदवार को पद के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय उस विशेष श्रेणी का चयन करना होगा. बाद के किसी चरण पर श्रेणी में परिवर्तन करने के किसी अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा.**

(iii) केवल रा. रा. क्षे. दिल्ली सरकार द्वारा दिनांक 27.07.2007 के पत्र/आदेश सं. एफ 19 (10)/2001/एस-III/पार्ट फाइल/2278-2285 और दिनांक 28.7.2016 के एफ सं. एफ 19 (01)/2012/एस-IV/1241-1258 के माध्यम से अधिसूचित अपिव (दिल्ली) उम्मीदवारों को अपिव श्रेणी के अधीन आरक्षण/आयु में छूट का लाभ प्रदान किया जायेगा. **अपिव (बाहरी) उम्मीदवारों को अनारक्षित उम्मीदवार**

माना जायेगा और उन्हें अना श्रेणी के अधीन आवेदन करना चाहिये. अपिव उम्मीदवारों के पास अपने जाति प्रमाणपत्र के साथ-साथ गैर संपन्न वर्ग प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिये.

(iv) अपिव को आरक्षण का लाभ प्रदान करने के लिये केवल निम्नलिखित दो प्रकार के प्रमाण-पत्रों को वैध प्रमाण-पत्र के तौर पर स्वीकार किया जायेगा:-

(क) रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार द्वारा व्यक्तिशः परिवार के किसी सदस्य को जारी पुराने प्रमाण-पत्र के आधार पर रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग द्वारा जारी अपिव प्रमाणपत्र (दिल्ली).

(ख) रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार द्वारा अपिव के तौर पर विधिवत अधिसूचित किसी समुदाय से संबंधित किसी व्यक्ति को दिल्ली से बाहर किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपिव प्रमाणपत्र. यह प्रमाणपत्र अनिवार्यतः संबंधित व्यक्ति के परिवार के सदस्य को रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार द्वारा जारी अपिव प्रमाणपत्र के आधार पर जारी किया गया होना चाहिये जो कि दिल्ली में 08.09.1993 से पहले निवास कर रहा था.

(v) अजा/अजजा/अपिव से संबंधित उम्मीदवार जिसे सामान्य श्रेणी उम्मीदवारों के लिये यथा लागू समान मानदंड पर चयनित कर लिया जाता है और जो सामान्य मैरिट सूची में आ जाता है उसे स्वयं की मैरिट का उम्मीदवार समझा जाता है. ऐसे उम्मीदवार को आरक्षण रोस्टर के अनारक्षित बिंदु के तहत समायोजित किया जाता है. केवल ऐसे अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवारों को, जिनका चयन सामान्य उम्मीदवारों के लिये लागू समान मानदंड पर हो जाता है, उन्हें आरक्षित रिक्तियों के तहत समायोजित नहीं किया जायेगा. अन्य शब्दों में, जब किसी अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवार के चयन में शिथिल मानदंड अपनाया जाता है, उदाहरण के लिये आयु सीमा, अनुभव, अर्हता, लिखित परीक्षा में अनुमत अवसरों की संख्या, सामान्य श्रेणी उम्मीदवारों के लिये उपलब्धता अधिक विचारणीय विस्तारित जोन आदि, अजा/अजजा/अपिव उम्मीदवारों की गणना आरक्षित रिक्तियों के तहत की जानी होती है. ऐसे उम्मीदवारों को अनारक्षित रिक्तियों के तहत विचार के लिये अनुपलब्ध माना जायेगा.

6. आयु में छूट:

क्र. सं.	श्रेणियां	आयु में छूट की सीमा
1.	अजा/अजजा	05 वर्ष
2.	अपिव	03 वर्ष
3.	शावि	10 वर्ष
4.	शावि + अजा/अजजा	15 वर्ष
5.	शावि + अपिव	13 वर्ष
6.	रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार/इसके स्थानीय या स्वायत्त निकायों में कम से कम तीन वर्ष की नियमित सेवा रखने वाले विभागीय उम्मीदवार.	**समूह 'ख' पदों के लिये :** समूह ख पदों हेतु- का.प्र.वि. के दिनांक 27 मार्च, 2012 के का. ज्ञा. सं. 15012/2/2010-एस्ट (डी) के अनुसार 05 वर्ष तक (जो कि समान पंक्ति अथवा संबद्ध संवर्ग में है और जहां संबंध को स्थापित किया जा सके कि पद विशेष में पहले की गई सेवा पद की ड्यूटियों के दक्ष निर्वहन के लिये उपयोगी होगी).
		समूह 'ग' पदों के लिये : समूह ग पदों हेतु का. एवं प्र. वि. के दिनांक 27 मार्च 2012 के का. ज्ञा. सं. 15012/2/2010- एस्ट (डी) के अनुसार 40 वर्ष (अजा/अजजा हेतु 45 वर्ष एवं अपिव हेतु 43 वर्ष) की आयु तक (जो समान पंक्ति अथवा संबद्ध संवर्ग में हैं)
7.	उत्कृष्ट खिलाड़ी	**समूह 'ग' पदों के लिये :** 05 वर्ष तक (अजा/अजजा के लिये 10 वर्ष और अपिव उम्मीदवारों के लिये 08 वर्ष).
8.	भूतपूर्व सैनिक समूह ख एवं ग (अराजपत्रित)	सैन्य सेवा की अवधि जमा 3 वर्ष
9.	विकलांग रक्षा सेवा कार्मिक (समूह ग)	45 वर्ष (अजा/अजजा हेतु 50 वर्ष, अपिव हेतु 48 वर्ष)
10.	विधवाएं/तलाकशुदा महिलाएं/न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं और जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है (समूह 'ग' पदों के लिये).	35 वर्ष की आयु तक (अजा/अजजा के लिये 40 वर्ष और अपिव के लिये 38 वर्ष).

(नोट : आयु में उक्त छूट का. एवं प्र. वि. के दिशा-निर्देशों के अनुसार विनियमित की जाएगी.)

(i) एमसीडी, एनडीएमसी और दिल्ली सरकार के स्वायत्त निकायों के पदों के लिए भर्ती नियमों में दी गयी आयु में विशिष्ट छूट उन विशेष पदों के लिए लागू होगी.

(ii) एमसीडी, एनडीएमसी और दिल्ली सरकार के स्वायत्त निकायों के पदों के भर्ती नियमों में जहां कहीं भी यह उल्लेख है कि आयु में छूट भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार दी जाएगी, आयु में यहां ऊपर दी गयी छूट लागू होगी.

(iii) किसी भूतपूर्व सैनिक ने यदि पहले से ही केन्द्रीय सरकार/दिल्ली सरकार या इसकी स्वायत्त/स्थानीय निकायों के अधीन समूह ग और घ में रोजगार प्राप्त कर लिया है उसे समूह ग और घ में उच्चतर ग्रेड या संवर्ग में अन्य रोजगार अर्जित करने के लिये भूतपूर्व सैनिक के लिये यथा निर्धारित आयु में छूट का लाभ लेने की अनुमति होगी. यद्यपि ऐसे उम्मीदवार आरक्षण के लाभ के लिये पात्र नहीं होंगे.

(iv) शारीरिक विकलांगों/निःशक्त व्यक्तियों के मामले में, आयु सीमा में छूट इस तथ्य के बावजूद लागू होगी कि भले ही पद आरक्षित है या नहीं, बशर्ते कि पद की निःशक्त व्यक्तियों के लिये उपयुक्त तौर पर पहचान की गई है.

(v) यदि निःशक्त व्यक्ति विभागीय कर्मचारी होने के नाते आयु में छूट का हकदार है, उसे दी जाने वाली रियायत या तो निःशक्त व्यक्ति के तौर पर अथवा विभागीय कर्मचारी के तौर पर, जो कि उसके लिये अधिक फायदेमंद हो, देय होगी.

7. उम्मीदवारों के लिये सामान्य अनुदेश:

(i) विज्ञापित रिक्तियां अनंतिम हैं और इनमें परिवर्तन (वृद्धि या कमी) हो सकती है. यदि रिक्तियों की संख्या को किसी भी संख्या तक घटाया जाता है या यहां तक कि प्रयोक्ता विभाग द्वारा शून्य घोषित कर दिया जाता है, बोर्ड पर आवेदक को किसी प्रकार की परिणामी हानि/नुकसान की प्रतिपूर्ति करने की जिम्मेदारी नहीं होगी. इसके अतिरिक्त शावि/निःशक्त व्यक्तियों के संबंध में रिक्तियां परिवर्तित (वृद्धि या कमी) हो सकती हैं जो आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के अधीन होंगी.

(ii) डीएसएसएसबी विज्ञापन को या उसके किसी भी भाग को किसी भी चरण पर रद्द या संशोधित करने का अधिकार रखता है. रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इनमें परिवर्तन हो सकता है.

(iii) बोर्ड के पास परीक्षा प्रक्रिया के एक भाग या संपूर्ण प्रक्रिया को प्रशासनिक कारणों से और बोर्ड की सूचना में अनुचित तरीके, धोखेबाजी या अन्य अनियमितताएं/गलत व्यवहार आने पर रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. बोर्ड के पास, यदि अपेक्षित हुआ, किसी परीक्षा केंद्र को रद्द करने या नया परीक्षा केंद्र स्थापित करने और उम्मीदवारों को भिन्न परीक्षा केंद्र पर डालने का भी अधिकार सुरक्षित है.

(iv) बोर्ड के पास किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने और उस केंद्र के उम्मीदवारों को किसी अन्य केंद्र पर उपस्थित होने के लिए कहने का अधिकार सुरक्षित है. बोर्ड के पास किसी भी केंद्र के उम्मीदवारों को किसी अन्य केंद्र पर परीक्षा हेतु भेजने का भी अधिकार सुरक्षित है. किसी भी स्थिति में परीक्षा की तिथि, समय और केंद्र में परिवर्तन करने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा.

(v) बोर्ड के पास परिशिष्ट-1 में दी गई परीक्षा योजना में परीक्षा से पहले किसी भी समय, यदि अपेक्षित हुआ, परिवर्तन करने या संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है.

(vi) लिखित परीक्षा के लिये उम्मीदवार की उम्मीदवारी पूरी तरह अनंतिम और किसी भी कानूनी अदालत के निर्देश/निर्णय/आदेश/घोषणा के परिणाम के विषयाधीन है और प्रवेश-पत्र जारी करने या परीक्षा में उपस्थित होने मात्र से उसे पद के लिये कोई दावा करने का अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता है.

(vii) प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षरों का विवरण नीचे दिया गया है:
ईडब्ल्यूएस- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **अना**-अनारक्षित (सामान्य), **अजा**-अनुसूचित जाति, **अजजा**-अनुसूचित जनजाति, **अपिव**-अन्य पिछड़ा वर्ग, **शावि**-शारीरिक विकलांग, **ओएच**-अस्थि विकलांग, **बीएच**- दृष्टि विकलांग.

(viii) पद के तहत शैक्षणिक अर्हता, आयु, अनुभव और अन्य पात्रता शर्तों की गणना ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुति की बंद होने की तिथि को की जायेगी.

(ix) कैलकुलेटर, लैपटाप, पाल्मटोप, अन्य डिजिटल उपकरण/मोबाइल/सैल फोन, पेजर/इलेक्ट्रॉनिक घड़ियों तथा किसी धात्विक वस्तुओं आदि के उपयोग की अनुमति नहीं है. यदि किसी भी उम्मीदवार के पास कोई उपकरण/वस्तु पाई जाती है/पकड़ी जाती है, उसे परीक्षा से प्रतिबंधित कर दिया जायेगा और उम्मीदवारों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जायेगी.

(x) उम्मीदवारों को अनुदेश दिया जाता है कि डीएसएसएसबी परीक्षा में उपस्थित होने के समय निम्नलिखित ड्रेस कोड का पालन करें:

(क) सलवार/ट्राउजर सहित हल्के कपड़े जिन पर बड़े बटन/बॉश/बैज, फूल आदि बड़े न हों.

(ख) छोटी हील वाले चप्पल, सैंडल, जूतों की अनुमति नहीं है.

(xi) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में उपर्युक्त कोई भी वस्तु लेकर न आयें. केंद्र में इन वस्तुओं की सुरक्षा या इन्हें रखने के लिये कोई व्यवस्था नहीं होगी.

(xii) विज्ञापन/सूचना के अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू और पंजाबी रूपांतर में कोई त्रुटि होने पर अंग्रेजी रूपांतर को अंतिम माना जायेगा.

(xiii) ओएमआर शीट भरने में यदि कोई अशुद्धता या कमी होगी तो उनकी ओएमआर शीट का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा.

8. दुराचरण के दोषी पाए गए उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई :
उम्मीदवारों को चेतावनी दी जाती है कि आवेदनपत्र भरते समय वे कोई ऐसा विवरण नहीं दें जो असत्य हो किसी महत्वपूर्ण सूचना को नहीं छुपाएं. उम्मीदवारों को यह भी चेतावनी दी जाती है कि वे उनके द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले प्रलेख या स्व-सत्यापित प्रमाणित प्रति में कोई संशोधन न करें या उसमें कोई छेड़छाड़ न करें और न ही कोई टैम्पर्ड/फैब्रीकेटेड प्रलेख प्रस्तुत करें.
यदि कोई उम्मीदवार किसी निम्नलिखित कृत्य में संलिप्त पाया गया तो ऐसे उम्मीदवार के संबंध में अपराधिक कार्रवाई डीएसएसएसबी परीक्षा से वर्जित रखने के निर्णय पर किसी प्रतिकूल प्रभाव के बिना, उसकी उम्मीदवारी भर्ती के किसी भी चरण पर रद्द कर दी जाएगी :

(i) परीक्षा केंद्र के परिसर में मोबाइल फोन एवं उपकरण तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चालू अथवा स्विच ऑफ स्थिति में रखना.

(ii) कदाचार में संलिप्त होना.

(iii) परीक्षा भवन में अनुचित साधनों का प्रयोग करना.

(iv) अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में किसी भी रूप में सहायता प्राप्त करना.

(v) छद्म रूपण/किसी व्यक्ति द्वारा छद्म रूप प्राप्त करना.

(vi) जाली प्रलेख या छेड़छाड़ किए हुए प्रलेख प्रस्तुत करना.

(vii) असत्य या मिथ्या विवरण देना या कोई ठोस सूचना छुपाना.

(viii) परीक्षा हेतु अपनी उम्मीदवारी के समर्थन में किसी अनियमित या अनुचित साधान का प्रयोग करना.

(ix) परीक्षा भवन में पर्यवेक्षक, इनविजीलेटर या बोर्ड के प्रतिनिधियों से किसी अन्य तरीके से दुर्व्यवहार करना.

(x) परीक्षा के संचालन के दौरान परीक्षा भवन से उत्तर पुस्तिका ले जाना या किसी अनधिकृत व्यक्ति को देना.

(xi) परीक्षा के संचालन हेतु बोर्ड द्वारा तैनात स्टाफ को धमकाना या शारीरिक क्षति पहुंचाना.

(xii) सूचना में उल्लिखित पात्रता शर्तें पूरी नहीं करके परीक्षा के लिए अपात्र होना.

(xiii) भर्ती के किसी भी चरण पर उम्मीदवारी किसी भी ऐसे आधार पर रद्द की जा सकती है जिसे बोर्ड उम्मीदवारी रद्द करने का पर्याप्त कारण समझे.

9. यदि कोई उम्मीदवार आक्रामक/अपमानजनक/गलत भाषा/अश्लील चित्र का प्रयोग करता है तो उस पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के संगत प्रावधान के अधीन आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है.

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पृष्ठ 14 का शेष)

परिशिष्ट-I

टियर	पद कोड	परीक्षा कोड	समय	कुल प्रश्न (एमसीक्यू)	कुल अंक (एमसीक्यू)	कुल अंक (वर्णनात्मक)	महा योग	पाठ्यक्रम	
एक टियर (तकनीकी)	64/20 से 86/20	I. टी-टी	3 घंटे	300	300	ला.न.	300	खंड-I	1. मानसिक क्षमता और तार्किक क्षमता. 2. सामान्य जागरूकता. 3. अंग्रेजी भाषा और कम्प्रीहेंसन 4. हिंदी भाषा और कम्प्रीहेंसन, 5. संख्यात्मक अभिवृत्ति एवं डेटा व्याख्या. **(प्रत्येक के 20 अंक) : 100 अंक**
								खंड-II	पद के लिए अपेक्षित स्नातकोत्तर योग्यता एवं अध्यापन प्रणाली विज्ञान से संबंधित एमसीक्यू. **(200 प्रश्न) : 200 अंक**
एक टियर (तकनीकी)	87/20 से 92/20 एवं 93/20	I. टी-टी	2 घंटे	200	200	लागू नहीं	200	**खंड – क** वर्तमान परीक्षा योजना के अनुसार प्रत्येक एक अंक के एमसीक्यू प्रश्न. 1. सामान्य जागरूकता. 2. समान्य बुद्धिमत्ता एवं तार्किक क्षमता, 3. अंकगणितीय एवं संख्यात्मक क्षमता, 4. हिंदी भाषा तथा कम्प्रीहेंशन परीक्षा **(प्रत्येक के 20 अंक)** **खंड- ख** अध्यापन प्रणाली विज्ञान/बीएड पर प्रश्नों सहित संबंधित विषय से प्रत्येक एक अंक के एमसीक्यू. **(100 अंक)**	

टिप्पणी :

(i) पद कोड 87/20 से 92/20 के उम्मीदवारों को खंड क एवं ख अपनी श्रेणी (अना/अपिव/अजा/अजजा/शावि/भूपू सैनिक) के न्यूनतम उत्तीर्ण अंकों के साथ अलग-अलग रूप से उत्तीर्ण करना होगा. तथापि, अंतिम मैरिट खंड क एवं ख - दोनों के कुल अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी. (कृपया बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध दिनांक 28/07 और 03/01/2020 की सूचनाएं देखें).

(ii) दो टियर परीक्षा में, अल्पसूचीयन के लिए केवल टियर-I परीक्षा का उपयोग किया जाएगा. चयन टियर-II परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा.

(iii) बोर्ड अपने विवेकानुसार टियर-I परीक्षा समाप्त कर सकता है और सीधे टियर-II परीक्षा संचालित कर सकता है, बशर्ते कि उन पद कोडों-जिनकी परीक्षा योजना दो टियर है, के लिए पात्र उम्मीदवारों/आवेदकों की संख्या कम हो (अर्थात बहुत अधिक न हो).

(iv) गलत उत्तरों के अंक काटे जाएंगे और प्रत्यक गलत एमसीक्यू उत्तर के लिए 0.25 अंक काटा जाएगा.

(v) एक टियर/दो टियर लिखित परीक्षा (ऑब्जेक्टिव/विवरणात्मक प्रकृति) के लिए न्यूनतम उत्तीर्णता अंक निम्नानुसार हैं (बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध दिनांक 26.04.2013 की सूचना एफ सं. 4(130)/पीएंडपी/13/डीएसएसएसबी/20-33 देखें.)

सामान्य : 40 प्रतिशत
अपिव (दिल्ली) : 35 प्रतिशत
अजा/अजजा/शावि (दिव्यांगजन) : 30 प्रतिशत
भूतपूर्व सैनिकों को उनकी संबंधित श्रेणी में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी जो न्यूनतम 30 प्रतिशत के अधीन होगी.

(vi) बोर्ड के पास उम्मीदवारों की उपलब्धता के अनुसार किसी भी पद के लिए न्यूनतम कट ऑफ अंक निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित है.

(vii) कौशल परीक्षा/सक्षमता परीक्षा कार्य की अपेक्षा के अनुसार आयोजित की जाएगी.

स्पष्टीकरण : रिक्ति सूचना मांगकर्ता विभागों से प्राप्त मांग पर आधारित है. अनिवार्य योग्यताएं पदों के भर्ती नियमों में किए गए निर्धारण के अनुसार दी गई है. किसी भी टंकण-त्रुटि के मामले में भर्ती केवल भर्ती-नियमों के अनुसार की जाएगी.

(पिछले पृष्ठ का शेष)

परिशिष्ट-I

टियर	पद कोड	परीक्षा कोड	समय	कुल प्रश्न (एमसीक्यू)	कुल अंक (एमसीक्यू)	कुल अंक (वर्णनात्मक)	महा योग	पाठ्यक्रम
एक टियर (सामान्य)	94/20 95/20 97/20 98/20 99/20 100/20	I. टी-जी	2 घंटे	200	200	ला.न.	200	एमसीक्यूज एक अंक प्रत्येक का : 1. सामान्य जागरूकता. 2. सामान्य बुद्धिमता एवं तार्किक क्षमता. 3. अंक गणितीय एवं संख्यात्मक क्षमता. 4. अंग्रेजी भाषा और कम्प्रीहेंसन 5. हिंदी भाषा और कम्प्रीहेंसन, **(प्रत्येक के 40 अंक) : 200 अंक**
एक टियर (तकनीकी)	96/20 101/20 से 116/20	I. टी-टी	2 घंटे	200	200	ला.न.	200	**खंड- क:** 1. सामान्य जागरूकता. 2. सामान्य बुद्धिमता एवं तार्किक क्षमता. 3. अंक गणितीय एवं संख्यात्मक क्षमता. 4. अंग्रेजी भाषा एवं कम्प्रीहेंसन 5. अंग्रेजी भाषा और कम्प्रीहेंसन: **(20 अंक प्रत्येक)** **खंड- ख :** पद हेतु निर्धारित योग्यता के अनुसार संबंधित विषय पर वस्तुनिष्ठ प्रकार विविध विकल्प के प्रश्न. **(100 अंक)**

टिप्पणी :

(i) दो टियर परीक्षा में, अल्पसूचीयन के लिए केवल टियर-I परीक्षा का उपयोग किया जाएगा. चयन टियर-II परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा.

(ii) बोर्ड अपने विवेकानुसार टियर-I परीक्षा समाप्त कर सकता है और सीधे टियर-II परीक्षा संचालित कर सकता है, बशर्ते कि उन पद कोडों-जिनकी परीक्षा योजना दो टियर है, के लिए पात्र उम्मीदवारों/आवेदकों की संख्या कम हो (अर्थात बहुत अधिक न हो).

(iii) गलत उत्तरों के अंक काटे जाएंगे और प्रत्यक गलत एमसीक्यू उत्तर के लिए 0.25 अंक काटा जाएगा.

(iv) एक टियर/दो टियर लिखित परीक्षा (ऑब्जेक्टिव/विवरणात्मक प्रकृति) के लिए न्यूनतम उत्तीर्णता अंक निम्नानुसार हैं (बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध दिनांक 26.04.2013 की सूचना एफ सं. 4(130)/पीएंडपी/13/डीएसएसएसबी/20-33 देखें.)

सामान्य : 40 प्रतिशत
अपिव (दिल्ली) : 35 प्रतिशत
अजा/अजजा/शावि (दिव्यांगजन) : 30 प्रतिशत
भूतपूर्व सैनिकों को उनकी संबंधित श्रेणी में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी जो न्यूनतम 30 प्रतिशत के अधीन होगी.

(v) बोर्ड के पास उम्मीदवारों की उपलब्धता के अनुसार किसी भी पद के लिए न्यूनतम कट ऑफ अंक निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित है.

(vi) कौशल परीक्षा/सक्षमता परीक्षा कार्य की अपेक्षा के अनुसार आयोजित की जाएगी.

स्पष्टीकरण : रिक्ति सूचना मांगकर्ता विभागों से प्राप्त मांग पर आधारित है. अनिवार्य योग्यताएं पदों के भर्ती नियमों में किए गए निर्धारण के अनुसार दी गई है. किसी भी टंकण-त्रुटि के मामले में भर्ती केवल भर्ती-नियमों के अनुसार की जाएगी.

मौलाना अबुल कलाम आजाद पुण्यतिथि | 22 फरवरी

स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार, समाजसुधारक, दार्शनिक और अभूतपूर्व शिक्षा मंत्री थे मौलाना अबुल कलाम आजाद

'एक विशेषता जो आधुनिक भारत को दूसरों से अलग बनाती है, वह है लोकतंत्र की भावना का विकास जो अपने सभी नागरिकों को अवसर की समानता प्रदान करती है। पहले के सभी अवरोध जो जन्म, विशेषाधिकार, जाति या धन पर आधारित थे, टूट रहे हैं। एक धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक राज्य के रूप में, हम अवसरों और सभी के लिए अवसर की समानता को विस्तृत करने को प्रतिबद्ध हैं।'

भारत को इतनी समग्रता से परिभाषित करने वाले मौलाना अबुल कलाम आजाद स्वयं भी एक बहुआयामी शख्सियत के मालिक थे। भारतीय इतिहास के एक महान 'राष्ट्रवादी' और देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद पर महात्मा गांधी के सहयोगी महादेव देसाई ने 1940 में अंग्रेजी में एक किताब लिखी थी। जिसका नाम था- 'मौलाना अबुल कलाम आजाद'। यह एक संस्मरणात्मक जीवनी जैसी थी। महादेव देसाई ने गांधी जी से अनुरोध किया कि वे इस किताब की प्रस्तावना में मौलाना आजाद के बारे में दो शब्द लिख दें। 18 मई, 1940 को सेवाग्राम में गांधी जी ने मौलाना आजाद के बारे में लिखा- 'मुझे 1920 से ही राष्ट्रीय कार्य के सिलसिले में मौलाना अबुल कलाम आजाद के संपर्क में रहने का सौभाग्य प्राप्त रहा है। इस्लाम का जितना ज्ञान उन्हें है, उससे अधिक किसी को नहीं होगा। वे अरबी के उद्भट विद्वान हैं। उनकी जितनी दृढ़ श्रद्धा इस्लाम में है, उतनी ही दृढ़ श्रद्धा राष्ट्रवादिता में भी है और आज वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं, इसका एक गहरा अर्थ है, जिसकी उपेक्षा भारतीय राजनीति के किसी भी अध्येता को नहीं करनी चाहिए।

वहीं पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने अपनी प्रसिद्ध किताब 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' में लिखा है- (इस किताब को लिखने के दौरान आजाद भी नेहरू के ही साथ अहमदनगर किले में कैद थे) हिंदुस्तान के मुसलमानी दिमाग की तरक्की में सन् 1912 भी एक खास साल है, क्योंकि उसमें दो नए साप्ताहिक निकलने शुरू हुए। उनमें से एक तो 'अल-हिलाल' था, जो उर्दू में था और दूसरा अंग्रेजी में 'दि कॉमरेड' था। 'अल-हिलाल' को मौलाना अबुल कलाम आजाद (कांग्रेस के वर्तमान सभापति) ने चलाया था। वे एक चौबीस बरस के नौजवान थे। उनकी शुरू की पढ़ाई-लिखाई काहिरा में अल-अजहर विश्वविद्यालय में हुई थी और जिस वक्त वे पंद्रह और बीस बरस के ही बीच में थे, उसी वक्त अपनी अरबी और फारसी की काबिलियत के लिए मशहूर हो गए थे। इसके अलावा उन्हें हिंदुस्तान के बाहर की इस्लामी दुनिया की अच्छी जानकारी थी और उन सुधार-आंदोलनों का पूरा पता था, जो वहां पर चल रहे थे। साथ ही उन्हें यूरोपीय मामलों की भी अच्छी जानकारी थी।

हिन्दू-मुसलमानों के बीच एकता से राष्ट्र बनेगा मजबूत

शुरू से ही मौलाना यह जानते थे कि अगर भारत के लोग आपस में मिलजुल कर रहेंगे तभी वे एक मज़बूत राष्ट्र बना सकेंगे। एक ऐसे दौर में जब राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक पहचान को धर्म के साथ जोड़कर देखा जा रहा था, मौलाना आजाद एक ऐसे राष्ट्र की परिकल्पना कर रहे थे जहां धर्म, जाति, सम्प्रदाय और लिंग किसी के अधिकारों में आड़े न आने पाए। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सन् 1923 के अपने प्रथम अध्यक्षीय भाषण में उर्दू के अपने विशेष अन्दाज में मौलाना ने कहा था- 'आज अगर आसमान से फ़रिश्ता भी उतर आए और दिल्ली के कुतुब मीनार की चोटी से ऐलान करे कि हिन्दुस्तान अगर हिन्दू-मुस्लिम एकता का ख्याल छोड़ दें तो वह चौबीस घंटों में आजाद हो सकता है, तो हिन्दू-मुस्लिम एकता के बजाय देश की आजादी को मैं छोड़ दूंगा, क्योंकि अगर आजादी आने में देर लग भी जाए तो इससे सिर्फ भारत का ही नुक़सान होगा, लेकिन हिन्दू-मुसलमानों के बीच एकता अगर न रहे तो इससे दुनिया की सारी इन्सानियत का नुक़सान होगा।

बचपन से ही था किताबों से लगाव

आजाद को बचपन से ही किताबों से लगाव था। 10 वर्ष की आयु में ही वह कुरान पाठ में निपुण हो गए थे। अबुल कलाम आजाद का जन्म 11 नवंबर 1888 को सऊदी अरब के मक्का शहर में एक भारतीय परिवार में हुआ था। भारत में 1857 की असफल क्रांति के बाद उनका परिवार मक्का चला गया था। बाद में उनके पिता मौलाना खैरुद्दीन साल 1898 में परिवार सहित भारत लौट आए और कलकत्ता में बस गए। उनके पिता एक विद्वान थे। कहा जाता है कि वे इमाम हुसैन के वंश से थे। उनकी माँ आलिया अरब के एक प्रतिष्ठित परिवार से थीं। पिता मौलाना खैरूद्दीन ने उनका नाम मोहिउद्दीन अहमद या फ़िरोज़ बख़्त (खुश-क़िस्मत) रखा था। आगे चलकर वे मौलाना अबुल कलाम आजाद या 'मौलाना साहब' के नाम से प्रसिद्ध हुए। 13 साल की उम्र में उनकी शादी खदीजा बेगम से हो गई थी। काहिरा के 'अल अज़हर विश्वविद्यालय' में उन्होंने शिक्षा प्राप्त की जो उनके गहन ज्ञान का आधार बनी। बड़े-बड़े विद्वान शिक्षक उन्हें अरबी, फ़ारसी, उर्दू और धार्मिक विषयों के साथ-साथ गणित, यूनानी चिकित्सा पद्धति, सुलेखन और दूसरे विषयों की शिक्षा देते थे। उनके लेखन के बारे में एक बड़े विद्वान ने लिखा है, प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक सॉमरसेट मॉम की तरह ही मौलाना आजाद ने लिखना शुरू किया वैसे ही जैसे मछली अपने आप तैरना सीख लेती है या बच्चा सांस लेना सीख लेता है। आजाद में एक नया गुण यह था कि बहुत-सी बातों में वह अपनी उम्र से बहुत आगे रहे। जब वह केवल पन्द्रह वर्ष के थे, तब वह अपने से दुगुनी उम्र के विद्यार्थियों की एक क्लास को पढ़ाते थे।

गांधीजी उन्हें कहते थे 'ज्ञान सम्राट'

आजाद ने राजनीति में उस समय प्रवेश किया जब ब्रिटिश शासन ने 1905 में धार्मिक आधार पर बंगाल का विभाजन कर दिया था। आजाद ने स्वतंत्रता आन्दोलनों में सक्रिय भाग लिया। वह गुप्त सभाओं और क्रांतिकारी संगठन में शामिल हो गए। तत्पश्चात् आजाद अरविंद घोष और श्यामसुंदर चक्रवर्ती के संपर्क में आए और वे अखण्ड भारत के निर्माण में लग गये। वह जोशीले भाषण देते, उत्तेजना भरे लेख लिखते और लोगों के साथ सम्पर्क बढ़ा रहे थे। जब खिलाफत आंदोलन छेड़ा गया तो उसके प्रमुख नेताओं में से एक आजाद भी थे। उन्होंने अहिंसक नागरिक अवज्ञा आंदोलन में गांधीजी का खुलकर समर्थन किया और 1919 के रॉलेट एक्ट के खिलाफ असहयोग आंदोलन के आयोजन में भी अहम भूमिका निभाई। महात्मा गांधी उनको 'ज्ञान सम्राट' कहा करते थे। उनकी लोकप्रियता इतनी अधिक थी कि 35 वर्ष की आयु में 1923 में वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अब तक के सबसे युवा अध्यक्ष बन गये। उसके बाद दो बार और उन्हें यह दायित्व सौंपा गया। भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान उन्हें कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता के तौर पर चुना गया। 1946 में शिमला में, मंत्रिमंडल अभियान बातचीत में भी उन्हें यह उपलब्धि मिली।

देश के पहले शिक्षा मंत्री रहे

देश की आजादी के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू की कैबिनेट में 1947 से 1958 तक मौलाना शिक्षा मंत्री रहे। भारत सरकार के शिक्षा, सभ्यता और कला मंत्रालय के प्रथम मंत्री की हैसियत से वह शिक्षा का इस तरह प्रचार करना चाहते थे, जिससे भारत के लोगों में एक नई मनोवृत्ति पैदा हो सके। इस दौरान भारत के स्वतंत्रता संग्राम पर उन्होंने एक किताब भी लिखी, 'इंडिया विंस फ्रीडम' अर्थात् भारत की आजादी की जीत जिसे 1957 में प्रकाशित किया गया। यह उनकी राजनीतिक आत्मकथा है। उन्होंने संरक्षित स्मारकों की मरम्मत और उन्हें बनाए रखने के भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण के प्रयासों की ओर विशेष ध्यान दिया।

मरणोपरांत मिला देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न'

स्व. मौलाना अबुल कलाम आजाद का मानना था कि 'भारत की नृत्य, नाटक, और संगीत के क्षेत्र में लंबी विरासत और परंपरा पर गर्व किया जा सकता है। ललित कला के क्षेत्र में, दर्शन और विज्ञान की भांति ही, भारत और ग्रीस मानव इतिहास में लगभग एक अद्वितीय स्थान रखते हैं। मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि संगीत के क्षेत्र में भारत की उपलब्धि ग्रीस की तुलना में अधिक है। मुखर और वाद्य संगीत के अपने एकीकरण के रूप में भारतीय संगीत की चौड़ाई और गहराई शायद बेजोड़ है।

उनकी इसी सोच के कारण देश में विभिन्न कला अकादमियों की भी स्थापना हो सकी। उनके द्वारा 'भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद' की स्थापना भी की गई। केन्द्रीय सलाहकार शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सरकार से केन्द्र और राज्यों दोनों के अतिरिक्त विश्वविद्यालयों में सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा, 14 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा, कन्याओं की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कृषि शिक्षा और तकनीकी शिक्षा जैसे सुधारों की वकालत की। 22 फरवरी 1958 को मौलाना आजाद का निधन हो गया। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए वर्ष 1992 में मरणोपरान्त मौलाना को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। मौलाना ने हमेशा सादगी का जीवन पसंद किया। उनकी मृत्यु के समय उनके पास कोई संपत्ति नहीं थी और न ही कोई बैंक खाता था। किंतु वहां अनेक दुर्लभ पुस्तकें थी जो अब राष्ट्र की सम्पत्ति हैं। हैदराबाद में उन्हीं के नाम पर 'मौलाना आजाद नेशनल उर्दू युनिवर्सिटी' स्थापित कर राष्ट्र की ओर से एक स्वतन्त्रता सेनानी, क्रान्तिकारी, पत्रकार, समाजसुधारक, शिक्षा विशेषज्ञ और अभूतपूर्व शिक्षा मंत्री को श्रद्धांजली दी गयी है।

- रीता मोदी
(लेखिका, स्वतंत्र पत्रकार हैं)

RECRUITMENT FOR 2020-21
PROFESSORS / ASSOCIATE PROFESSORS
ASSISTANT PROFESSORS
In following disciplines:
BA (All streams) / B.Com. (All Streams) / BBA / BCA / BSW / M.Com.
Qualification and Salary as per UGC Norms.
Also Telecallers, Counsellors and Cashier Cum Accountant
Eligible candidate may send their resume within 15 days of advertisement by
Email at arihantcollege.ug@gmail.com
Arihant College
Affiliated to DAVV Indore, Recognized by MP Govt. Higher Education
Run By Arihant College and Hospital Society
453, Near Crystal IT Park, Indore
Call : 95221 87333, 95221 87444
R-43524/2020

ALL INDIA CIPET JEE 2020
प्लास्टिक इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी में 10वीं, 12वीं और स्नातक छात्रों के लिए उत्कृष्ट कैरियर का अ वसर
सेन्ट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी (सिपेट)
Central Institute of Plastics Engineering & Technology (CIPET)
(रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार)
प्रधान कार्यालय, टी.सी.के. इंडस्ट्रियल इस्टेट, गिंडी, चेन्नई – 600 032
ईमेल : hocipet2018@gmail.com, फोन : 044-22254514
कम्प्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) के माध्यम से प्रवेश : जेईई 2020
ऑनलाइन आवेदन करें : http://eadmission.cipet.gov.in
उत्कृष्ट प्लेसमेंट ट्रैक रिकार्ड
10 वीं, 12 वीं और स्नातक छात्रों के लिए डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा और स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

क्रम सं.	पाठ्यक्रम का नाम	अवधि (वर्षों में)	प्रवेश पात्रता
1.	डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डी.पी.एम.टी.)	3	फुल टाइम 10वी कक्षा
2.	डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डी.पी.टी.)	3	फुल टाइम 10वी कक्षा
3.	पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग एंड टेस्टिंग (पी.जी.डी.–पी.पी.टी.)	2	विज्ञान मे 3 साल की पूर्णकालिक डिग्री
4.	पोस्ट डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड डिजाइन विद कैड/कैम (पी.डी.–पी.एम.डी. विद कैड/कैम)	1½	3 साल का फुल टाइम डिप्लोमा इन मैकेनिकल/ प्लास्टिक / पॉलिमर / उपकरण / उत्पादन / मेक्ट्रोनिक्स / ऑटोमोबाइल / टूल एंड डाई मेकिंग / पेट्रोकेमिकल्स / औद्योगिक / इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग / प्रौद्योगिकी या डीपीएमटी / डीपीटी या समक्ष

उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों के लिए कोई आयु सीमा नहीं
उपरोक्त सभी पाठ्यक्रम एआईसीटीईए नई दिल्ली द्वारा प्रमाणित हैं

महत्वपूर्ण तिथियां	
जे ई ई आवेदन की अंतिम तिथि	22/05/2020
संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जे ई ई) की तिथि	31/05/2020

सिपेट सेंटर : अगरतला, अहमदाबाद, अमृतसर, औरंगाबाद, बद्दी, बालासोर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंदपुर, चेन्नई, देहरादून, गुवाहाटी, ग्वालियर, हैदराबाद, हाजीपुर, हल्दिया, इंफाल, जयपुर, कोच्चि, कोरबा, लखनऊ, मदुरै, मुरथल, मैसूर, रायपुर, रांची और विजयवाड़ा
संपर्क करें : ☎ 18001218820 / 9953718820 www.cipet.gov.in
स्थानीय नं. : ☎ 0755 - 4028622 / 23, 7509935255, 9589015185, 9691213339
OPEN HOUSE : दिनांक 11.02.2020 व 12.02.2020 को संस्थान में OPEN HOUSE DAY रखा गया है यदि कोई भी स्कूल/ कॉलिज के छात्र व अभिभावक भ्रमण करना चाहते हैं तो उक्त दिनांक पर संस्थान पधार कर सुविधाएं/जानकारी प्राप्त कर सकते हैं
R-43525/2020

Shri Gujarati Samaj, Indore
1, Nasia Road, Indore Phone : 0731-2706468
P.M.B. Gujarati Commerce College
(Affiliated to DAVV, Indore)
1, Nasia Road, Indore Ph.: 0731-2701203, 2701205
e-mail : pmbgujcom@yahoo.co.in
Faculty Requirements (Under College Code-28)
Asst. Professors in Commerce - 06
Associate Professors / Professors
Commerce-09 **Computer**-02
Hindi-02 **Management**-01 **English**-01
Qualification : As per UGC / AICTE norms.
Salary : As per Shri Gujarati Samaj norms.
Application complete in all respect with full details alongwith all necessary documents, should reach the College Office within 10 days from the date of publication of this advertisement during 8 am to 12.30 pm. Incomplete application will not be considered.
Pankajbhai Sanghvi, Hon. Gen. Secretary
Narendrabhai G. Patel, Chairman - E.B. (College)
Narendrabhai V. Patel, Chairman - Governing Body
Dr. Kamlesh Bhandari, Principal
VIGILANCE
R-43526/2020

मध्यप्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग

कार्यालय मुख्य अभियंता रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)

निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)

मध्यप्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्में जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है -

स. क्र.	निविदा क्रमांक	अनुमानित लागत (लाख रुपये में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
कार्य का नाम - चिखली माइनर नहर की सब माइनर नहरों में विभिन्न जगह 05 नग व्ही.आर.बी. का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)।					
1.	46/सा./मु.अ./ 2019-20 दि. 07.02.2020	रु. 21.78 लाख (रु. इक्कीस लाख अठहत्तर हजार मात्र) (यू.सी.एस.आर. 01.09.2017 पर लागू)	रु. 43000/- (तैतालीस हजार रुपये मात्र)	रु. 5000/- (पाँच हजार रुपये मात्र)	06 माह वर्षाकाल सहित
कार्य का नाम - चिखली माइनर नहर की सब माइनर नहरों में विभिन्न जगह 06 नग सी.डी. निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)।					
2.	47/सा./मु.अ./ 2019-20 दि. 07.02.2020	रु. 22.63 लाख (रु. वाईस लाख त्रेसठ हजार मात्र) (यू.सी.एस.आर. 01.09.2017 पर लागू)	रु. 46000/- (छियालीस हजार रुपये मात्र)	रु. 5000/- (पाँच हजार रुपये मात्र)	06 माह वर्षाकाल छोड़कर
कार्य का नाम - लम्हेटा माइनर नहर की आर.डी. 550 मी. 1750 मी., 2450 मी, 5550 मी., पर पुनः व्ही.आर.बी. का निर्माण कार्य एवं लम्हेटा माइनर की छपरी सब माइनर नहर की आर.डी. 725 मी. पर सी.डी. निर्माण का कार्य (प्रथम आमंत्रण)।					
3.	48/सा./मु.अ./ 2019-20 दि. 07.02.2020	रु. 25.82 लाख (रु. पच्चीस लाख बयासी हजार मात्र) (यू.सी.एस.आर. 01.09.2017 पर लागू)	रु. 50000/- (पचास हजार रुपये मात्र)	रु. 5000/- (पाँच हजार रुपये मात्र)	06 माह वर्षाकाल छोड़कर
कार्य का नाम - खैरी माइनर नहर प्रणाली में 04 नग बारों एरिया क्रासिंग का निर्माण कार्य, खजूरी वितरण नहर प्रणाली में 02 नग व्ही.आर.बी. का निर्माण एवं खजूरी वितरण नहर की पौंडी सब माइनर नं. 02 में नहर की आर.डी. 250 मी. पर व्ही.आर.बी. का सुधार एवं चौड़ीकरण का कार्य (प्रथम आमंत्रण)।					
क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 7. (1) पोई से वलखड़िया पहुंच मार्ग लंबाई 6.60 कि.मी. (2) सुर्वा से दोंदवाडा व्हाया ललनी पहुंच मार्ग लंबाई 5.00 कि.मी., (3) सोनवाडा से घुसई फाल्या पहुंच मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. कुल लंबाई 13.10 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2020_PWDRB_79336_1	खरगोन	848.51	848510/-	20,000/-	15 माह वर्षाकाल सहित

क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 8. (1) सगुर से सिरलाय पहुंच मार्ग लंबाई 4.70 कि.मी. (2) सगुर हनुमान मंदिर से भोपाडा पहुंच मार्ग लंबाई 7.70 कि.मी., कुल लंबाई 12.40 कि.मी. का निर्माण कार्य।

2020_PWDRB_79337_1	खरगोन	851.45	851450/-	20,000/-	15 माह वर्षाकाल सहित

निविदा प्रपत्र उपरोक्त दर्शित वेबसाइट से निविदा का निर्धारित मूल्य ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय **दि. 29.02.2020 सायं 17.30 बजे तक** निर्धारित है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं नियम उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती हैं।

निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, यदि हो तो उसे समाचार-पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाकर केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जावेगा।

मूल अमानत राशि, मूल शपथ-पत्र एवं अन्य निविदा में उल्लेखित अन्य दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक/निविदाकार के स्वयं के हस्ते **दिनांक 02.03.2020 सायं 17.30 तक** ही स्वीकार किये जावेंगे। डाक विभाग से होने वाली किसी भी देरी के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं रहेगा।

मुख्य अभियंता

जी-23000/43520/2020 लो.नि.वि. पश्चिम परिक्षेत्र, इंदौर

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, अनूपपुर (म.प्र.)

एनआईटी नं. :- 04/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/एपीडी/पी.आई.यू./2125 रीवा, दिनांक 07.02.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती हैं।

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. 50 सीटर सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास करपा, जिला अनूपपुर (म.प्र.) (प्रथम आमंत्रण)।

पोर्टल टेंडर आई.डी.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल)	90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
2020_PWPIU_अनूपपुर 79426_1		174.99	174990/-	12500/-	12 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. 50 सीटर सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास लेढ़रा, जिला अनूपपुर (म.प्र.) (प्रथम आमंत्रण)।

2020_PWPIU_अनूपपुर 79429_1		174.99	174990/-	12500/-	12 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. मॉडल स्कूल अनूपपुर में 100 सीटर कन्या छात्रावास एवं 50 सीटर बालक छात्रावास का निर्माण।

2020_PWPIU_अनूपपुर 79432_1		476.22	476220/-	15000/-	18 माह वर्षाकाल सहित	भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर विना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेविड/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 12.02.2020 समय 9.00 AM से दिनांक 24.02.2020 समय 6.00 PM तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग

जी-23009/43522/2020 पी.आई.यू., अनूपपुर

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

तर्कशक्ति तथा संख्यात्मक अभियोग्यता

1. एक सीढ़ी पर सात व्यक्ति अशोक, बलराम, चेतन, दिनेश, इरमान, फागुन, गणेश (इस क्रम में नहीं) बैठे हैं। अशोक, इरमान से ऊपर है, लेकिन चेतन से नीचे है। बलराम मध्य में है। गणेश, अशोक तथा बलराम के मध्य है। इरमान, बलराम तथा फागुन के मध्य में है। यदि फागुन, इरमान तथा दिनेश के बीच में है तो सीढ़ी के सबसे निचले सोपान (स्टेप) पर कौनसा व्यक्ति है -

(A) दिनेश
(B) इरमान
(C) गणेश
(D) फागुन

उत्तर- (A)

हल- अभीष्ट क्रम निम्न होगा -

चेतन
अशोक
गणेश
बलराम
इरमान
फागुन
दिनेश

इस प्रकार सबसे निचले सौपान पर दिनेश होगा।

2. किसी कोडिंग प्रणाली में GODREJ को KFSEPH लिखा जाता है तो इसी तरह की प्रणाली में READ लिखा जाएगा -

(A) EBFS
(B) EFBS
(C) SBFE
(D) EBSF

उत्तर- (A)

हल- जिस प्रकार



उसी प्रकार



3. यदि 6742 को सांकेतिक रूप से FGDB के रूप में लिखा जाता है तो 97385 को लिखा जाएगा-

(A) IGCHE
(B) ICGHE
(C) IGCEH
(D) IJCHE

उत्तर- (A)

हल- जिस प्रकार

6 → अंग्रेजी वर्णमाला का छटा अक्षर → F
7 → अंग्रेजी वर्णमाला का सातवां अक्षर → G
4 → अंग्रेजी वर्णमाला का चौथा अक्षर → D
2 → अंग्रेजी वर्णमाला का दूसरा अक्षर → B

इसी प्रकार

9 → अंग्रेजी वर्णमाला का नौंवा अक्षर → I
7 → अंग्रेजी वर्णमाला का सातवां अक्षर → G
3 → अंग्रेजी वर्णमाला का तीसरा अक्षर → C
8 → अंग्रेजी वर्णमाला का आठवां अक्षर → H
5 → अंग्रेजी वर्णमाला का पाँचवां अक्षर → E

4. यदि T = 40, TH = 56 तो THE = ?

(A) 66
(B) 64
(C) 63
(D) 61

उत्तर- (A)

हल- चूंकि T वर्णमाला में 20वाँ अक्षर है।
∴ T = 20 x 2 = 40 लिखा गया है।
इसी तरह H वर्णमाला में आठवां अक्षर है।
∴ H = 8 x 2 = 16 होगा।
अतः TH = 40 +16 = 56 होगा।
पुनः E वर्णमाला का पाँचवां अक्षर है।
∴ E = 5 x 2 = 10 होगा।
अतः THE = 40+16+10 = 66 होगा।
अतः उत्तर (A) होगा।

5. लुप्त संख्या को खोजें -

(A) 78
(B) 80
(C) 82
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (A)

हल- जिस प्रकार
$(5^2 + 2^2 + 3^2 + 4^2)$
$= 25 + 04 + 09 + 16 = 54$
$(2^2 + 4^2 + 6^2 + 3^2)$
$= 4 + 16 + 36 + 09 = 65$
इसी प्रकार
$(2^2 + 4^2 + 7^2 + 3^2)$
$= 4 + 16 + 49 + 09 =$ 78

6. नीचे दिए गए वैकल्पिक शब्दों में से उस शब्द को छाँटिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करते हुए बनाया जा सकता है - MEASUREMENT

(A) MASTER
(B) MINU
(C) MANTLE
(D) SUMIT

उत्तर- (A)

हल- केवल MASTER शब्द ही दिए हुए शब्द के अक्षरों से बनाया जा सकता है।

7. दिए गए विकल्प शब्दों में से उस एक को चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों से नहीं बन सकता है - AWANTI PUR BARODIA

(A) ROAD
(B) INDIA
(C) PUNA
(D) INDORE

उत्तर- (D)

हल- दिए गए शब्द में E अक्षर नहीं है अतः INDORE नहीं बन सकता है।

8. दिए गए समूह से संबंधित विकल्प को चुनिए-
23, 40, 57

(A) 20, 36, 52
(B) 21, 38, 54
(C) 10, 26, 43
(D) 21, 38, 55

उत्तर- (D)

हल- संख्याओं का दिया हुआ समूह उस गुण को संतुष्ट करता है जिसकी क्रमागत संख्याओं के मध्य अंतर 17 है तथा जिसे केवल 21, 38, 55 संतुष्ट करते हैं।

9. संख्या के उस युग्म को ढूंढिए जो अन्य युग्मों से समान गुण के अभाव के कारण उनके वर्ग से संबंधित नहीं है -

(A) 3 : 6
(B) 18 : 27
(C) 38 : 50
(D) 66 : 83

उत्तर- (D)

हल- केवल D को छोड़कर अन्य युग्म कुछ समान गुणनखंड से विभाज्य हैं जबकि युग्म D में दोनों संख्याएं किसी समान गुणनखंड द्वारा विभाज्य नहीं हैं।

10. P तथा Q दोनों R के बच्चे हैं। यदि R, P का पिता है किंतु Q, R का पुत्र नहीं है तो Q और R में क्या संबंध है -

(A) बहन तथा भाई
(B) भतीजी तथा चाचा
(C) भांजी तथा मामा
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (D)

हल- चूंकि P तथा Q दोनों R के बच्चे हैं। अतः P तथा Q, R के या तो पुत्र या पुत्री ही हो सकते हैं। चूंकि Q, R का पुत्र नहीं है अतः Q, R की पुत्री होगी। अर्थात् Q तथा R का संबंध पुत्री तथा पिता का है। इसीलिए उत्तर (D) होगा।

निर्देश (प्र. 11 से 13) दी गई संख्याओं की श्रेणी में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा -

11. 4, 10, 33, 136, 685, ?

(A) 4000
(B) 4060
(C) 4114
(D) 4116

उत्तर- (D)

हल-



12. 60, 120, ? 80, 40, 16

(A) 70
(B) 72
(C) 75
(D) 120

उत्तर- (D)

हल-



13. 1, 3, 7, 15, 31, 63, ?

(A) 120
(B) 123
(C) 125
(D) 127

उत्तर- (D)

हल-



14. यदि 8 x 4 = 420 हो
4 x 8 = 240 हो
7 x 7 = 385 हो
तो 8 x 8 = ?

(A) 400
(B) 410
(C) 430
(D) 440

उत्तर- (D)

हल- तीनों समीकरणों का सावधानीपूर्वक अवलोकन करने पर पता चलता है कि प्रत्येक स्थिति में अंकगणितीय चिन्ह को हटाया गया है तथा उसके बाद बनी संख्या में 05 का गुणा करके = के बाद की संख्या लिखी गई है

जैसे 84 x 5 = 420
48 x 5 = 240
77 x 5 = 385

इसी प्रकार 88 x 5 = 440

15. यदि + से अभिप्राय है ÷ , ÷ से अभिप्राय है − , − से अभिप्राय है x तथा x से अभिप्राय है +, तो
$48+16\div4-2\times8=?$

(A) 12
(B) −12
(C) −3
(D) 3

उत्तर- (D)

हल- $48+16\div4-2\times8$ के स्थान पर चिन्ह प्रतिस्थापित करने पर
$48\div16-4\times2+8$
$= 3 - 8 + 8$
$=$ 3

निर्देश (प्र. 16 से 18) निम्न दी गई संख्या श्रृंखलाओं में कौनसी संख्या गलत है -

16. 2, 3, 8, 63, 3960

(A) 3
(B) 8
(C) 63
(D) 3960

उत्तर- (D)

हल-



[अतः 3960 के स्थान पर 3968 आएगा]

17. 1, 5, 13, 29, 61, 124, 253

(A) 13
(B) 29
(C) 61
(D) 124

उत्तर- (D)

हल-



[अतः 124 के स्थान पर 125 आएगा]

18. 133, 119, 105, 91, 78

(A) 119
(B) 105
(C) 91
(D) 78

उत्तर- (D)

हल-

[अतः 78 के स्थान पर 77 आएगा]

19. नीचे दी गई तालिका के स्तम्भों के अंकों में एक निश्चित संबंध पर विचार कीजिए -

07	18	06
04	03	x
14	27	03
02	02	08

कौन सा अंक x के स्थान पर लुप्त है -

(A) 02
(B) 03
(C) 04
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (C)

हल- 07 x 04 = 14 x 2
18 x 03 = 27 x 2
इसी प्रकार
06 x 04 = 03 x 8

- डॉ. डी.सी. राठी
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय राऊ में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)

अगर आप में मंजिल पाने की ललक होती है तो परिस्थितियां भी अनुकूल हो जाती हैं - रस्किन बांड

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, नई दिल्ली

पद का नाम - निश्चित समयावधि के लिए निर्माण स्थलों पर बतौर कमीशनिंग इंजीनियर्स - केमिकल - एग्जिक्यूटिव ग्रेड -1, एग्जिक्यूटिव ग्रेड-2, एग्जिक्यूटिव ग्रेड-3
पदों की संख्या - 10, 04, 03
योग्यता - बीई/बीटेक/बीएससी (इंजीनियरिंग) केमिकल विषय में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ।
अंतिम तिथि - 20 फरवरी 2020
https://www.engineersindia.com

श्री गुरू गोविंद सिंह वाणिज्य महाविद्यालय, नई दिल्ली

पद का नाम - प्रशासनिक अधिकारी (स्थायी गैर अध्यापन पद)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 22 फरवरी 2020
www.sggscc.ac.in

संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली

पद का नाम - वैज्ञानिक 'बी' (भू-भौतिक), वैज्ञानिक 'बी' (भौतिकी), वैज्ञानिक 'बी' (रसायन), सहायक भू भौतिकीविद्, वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (हृदय रोग), वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (हृदय वक्ष शल्य चिकित्सा), वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी (कैंसर शल्य चिकित्सा), प्रणाली (सिस्टम) विश्लेषक
पदों की संख्या - 02, 02, 01, 17, 03, 04, 03, 05
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 27 फरवरी 2020
http://www.upsconline.nic.in

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली

पद का नाम - सॉफ्टवेयर इंजीनियर (संविदा) (पदस्थापना - चेन्नई)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - बीई/बीटेक/बीएसी (सीएस/आईटी) या समकक्ष बेथ डिजाइन, सॉफ्टवेयर विकास, विकास और रखरखाव में 4 साल का अनुभव, एएसपी नेट एचटीएमएल, जावा स्क्रिप्ट, सीएसएस फ्रेम वर्क, बूटस्ट्रैप में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का अनुभव।
अंतिम तिथि - 13 मार्च 2020
www.nift.ac.in

सैनिक स्कूल छिंगछिप, मिजोरम

पद का नाम - टीजीटी (अंग्रेजी), टीजीटी (गणित), लाइब्रेरियन, कार्यालय (अधीक्षक), प्रवर श्रेणी लिपिक, अवर श्रेणी लिपिक, वार्ड ब्वॉय (अनुबंधात्मक), शारीरिक शिक्षा अनुदेशक (अनुबंधात्मक), सामान्य कर्मचारी (नियमित), सामान्य कर्मचारी (अनुबंधात्मक)
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 01, 01, 01, 02, 01, 05, 01
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 29 फरवरी 2020
www.sschhingchhip.mizoram.gov.in

केन्द्रीय चिकित्सा सेवा सोसाइटी, नई दिल्ली

पद का नाम - निजी सचिव, कार्यालय सहायक
पदों की संख्या - 01, 01
योग्यता - **निजी सचिव** - स्नातक, शॉर्ट हैन्ड/अंग्रेजी टंकण में 100 से 120 शब्द प्रति मिनट, टंकण में 60 शब्द प्रति मिनट स्टेनोग्राफर के पद पर कार्यरत होने का कम से कम 10 वर्षों का अनुभव जिसमें किसी वरिष्ठ अधिकारी के साथ सेक्रेटेरियट स्टाफ के रूप में कार्य करने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव। कम्प्यूटर का ज्ञान, एमएस ऑफिस में दक्षता, फाइल/रिकॉर्ड रखने का अनुभव।
कार्यालय सहायक - स्नातक, शॉर्ट हैन्ड टंकण, में क्षमता, वरिष्ठ अधिकारी के साथ सेक्रेटेरियट स्टाफ के रूप में कार्य करने का 5 वर्षों का अनुभव, कम्प्यूटर का ज्ञान, एमएस ऑफिस
अंतिम तिथि - 28 फरवरी 2020
www.cmss.gov.in

छावनी परिषद्, देहुरोड, पुणे

पद का नाम - रेजिडेंट चिकित्सा अधिकारी
पदों की संख्या - 01
योग्यता - न्यूनतम एम.बी.बी.एस, वांछनीय - एम.डी और 2 वर्ष का अनुभव।
अंतिम तिथि - 5 मार्च 2020
www.canttboardrecruit.org

होटल प्रबंध खानपान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषण संस्थान, राजबाग, श्रीनगर

पद का नाम - प्रशासनिक-सह-लेखाधिकारी
पदों की संख्या - 01
योग्यता - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य अथवा व्यवसाय प्रशासन में स्नातक डिग्री कुल न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए। कम्प्यूटर सक्षमता अनिवार्य योग्यता है। पात्रता - किसी केन्द्र/राज्य सरकार होटल प्रबंधन संस्थान अथवा खाद्य शिल्प संस्थान अथवा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम अथवा स्वायत्त निकाय में वेतन स्तर-6, ग्रेड 4200 अथवा समकक्ष/अथवा अधिक के अंतर्गत प्रशासन एवं लेखा तथा कार्यालय प्रलेखन में न्यूनतम 08 वर्षों की सेवा। अधिकतम आयु - 50 वर्ष तक।
अंतिम तिथि - 20 फरवरी 2020
www.ihmsrinagar.edu.in

सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र, गुजरात

पद का नाम - वैज्ञानिक-ई (पुस्तकालय विज्ञान), वैज्ञानिक-ई (कम्प्यूटर साइंस), वैज्ञानिक-डी (पुस्तकालय विज्ञान), प्रशासनिक अधिकारी (वित्त), वैज्ञानिक तकनीकी अधिकारी (पुस्तकालय विज्ञान), वैज्ञानिक अधिकारी-1 (कम्प्यूटर साइंस), वैज्ञानिक तकनीकी सहायक (पुस्तकालय विज्ञान), वैज्ञानिक तकनीकी सहायक (कम्प्यूटर साइंस), निजी सचिव, कार्यालय सहायक-II, सहायक, लिपिक-सह-टंकक
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 01, 01, 01, 01, 01, 01, 01, 01, 01, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 28 फरवरी 2020
www.inflibnet.ac.in

दयाल सिंह कॉलेज (सांध्य), नई दिल्ली

पद का नाम - अर्धपेशेवर सहायक (पुस्तकालय), वरिष्ठ तकनीकी सहायक (कम्प्यूटर), सहायक, एमटीएस-लाइब्रेरी
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 02
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 22 फरवरी 2020
www.dsce.du.ac.in

कीटनाशक सूत्रीकरण प्रौद्योगिकी संस्थान, गुरूग्राम

पद का नाम - परामर्शदाता/वैज्ञानिक अधिकारी-II, वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता (एसआरएफ), परियोजना सहयोगी-1, कार्यालय सहायक (सु.प्रौ.)/प्रयोगशाला परिचर, परामर्शदाता (जैव विज्ञान), वैज्ञानिक अधिकारी-1, परामर्शदाता (प्रशासनिक)-I एवं II
पदों की संख्या - 02, 03, 02, 01/01, 01, 01, 02
योग्यता - पदानुसार अलग-अलग
अंतिम तिथि - 24 फरवरी और 25 फरवरी 2020 को प्रातः 11.30 बजे वॉक-इन-इंटरव्यू
www.ipft.gov.in

मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जयपुर

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए प्रोग्राम्स 2020-21
योग्यता - स्नातक के साथ-साथ कैट/जीमैट/सीमैट/मैट का वैलिड स्कोर कार्ड जरूरी है।
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
www.mnit.ac.in

यूपीईएस, देहरादून

पाठ्यक्रम का नाम - एमबीए, बीबीए प्रोग्राम्स
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
www.upes.ac.in

टीएपीएमआई, मनिपाल (एल.ई.ए.डी. द फ्यूचर)

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (11th month प्रोग्राम) (5 माह एमयू सिग्मा, 6 माह मनिपाल) - लीडरशिप थ्रू एनालिटिक्स एंड डिसिजन साइंस
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
https://www.tapmi.edu.in/lead-programme

झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय

पाठ्यक्रम का नाम - मास्टर्स ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन 2020-22 (दो वर्षीय अवधि)
योग्यता - स्नातक 50 प्रतिशत अंकों के साथ, कैट 2019 का वैलिड स्कोर कार्ड।
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
www.cuj.ac.in

राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन, फरीदाबाद

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (फायनेंस)
योग्यता - स्नातक के साथ, कैट/जैट/सीमैट/एटीएमए/मैट/जीमैट का वैलिड स्कोर कार्ड
अंतिम तिथि - 6 मार्च 2020
www.nifm.ac.in

इंडियन कल्नरी इंस्टीट्यूट तिरुपति एंड नोएडा (इंदिरा गांधी नेशनल ट्रायबल यूनिवर्सिटी, अमरकंटक के तत्वाधान में)

पाठ्यक्रम का नाम - बीबीए इन कल्नरी आर्ट्स (2020-23) एमबीए इन कल्नरी आर्ट्स (2020-22)
योग्यता - **बीबीए** - 10+2 के बारहवीं कक्षा या समकक्ष उत्तीर्ण। **एमबीए** - बैचलर डिग्री इन कल्नरी आर्ट/हॉस्पेटिलिटी/होटल मैनेजमेंट या समकक्ष
अंतिम तिथि - 27 अप्रैल 2020
www.thims.gov.in

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान, हैदराबाद

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट - रूरल मैनेजमेंट 2020-22 बैच 3 (दो वर्ष रेसिडेंशियल प्रोग्राम), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल डेवलपमेंट मैनेजमेंट (पीजीडीआरडीएम) 2020-21 बैच-18 (एक वर्षीय)
योग्यता - स्नातक के साथ-साथ कैट/मैट/जैट/एटीएमए/सीमैट/जीमैट का वैलिड स्कोर कार्ड
अंतिम तिथि - 10 अप्रैल 2020
www.nirdpr.org.in

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु

पाठ्यक्रम का नाम - रिसर्च प्रोग्राम (पीएचडी/एमटेक (रिसर्च), एम.टेक/एमडेस/एम मैनेज, इंटीग्रेटेड पीएचडी प्रोग्राम पीएचडी अंडर एक्सटरनल रजिस्ट्रेशन प्रोग्राम्स
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 23 मार्च 2020
www.iisc.ac.in/admissions

अवंतिका यूनिवर्सिटी, उज्जैन

पाठ्यक्रम का नाम - बी.डेस, एम.डेस प्रोग्राम्स - इंटीरियर स्पेस एंड फर्नीचर, प्रोडक्ट रिटेल ट्रांसपोर्टेशन, एनीमेशन, फिल्म एंड विडियो, ग्राफिक गेम इम्मरसिव मीडिया डिजाइन, ट्रांसकल्चरल डिजाइन, फैशन डिजाइन मैनेजमेंट, फैशन कम्युनिकेशन, ऑटोमोटिव क्ले एंड डिजिटल स्कल्पटिंग, फैशन मैनेजमेंट एंड मार्केटिंग
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 29 फरवरी 2020
www.avantikauniversity.edu.in

भारत सेवक समाज, नेशनल डेवलपमेंट एजेंसी, चेन्नई

पाठ्यक्रम का नाम - वोकेशनल डिप्लोमा पाठ्यक्रम
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
www.bssve.in

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, तिरुचिरापल्ली

पाठ्यक्रम का नाम - फैलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट - पीएचडी इन - फायनेंस एंड एकाउंटिंग, इंफॉर्मेशन सिस्टम्स एंड एनालिटिक्स मार्केटिंग, ऑपरेशन्स मैनेजमेंट एंड क्वांटेटिव टेक्निक्स, ऑर्गेनाइजेशनल बिहेवियर एंड ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, स्ट्रैटजी
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है।
www.iimtrichy.ac.in/fpm

स्कॉलरशिप और इन्टर्नशिप अलर्ट

कैम्पस फेलो प्रोग्राम्स - 2020

संस्था का नाम - इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंस) बैंगलुरु
किसके लिए - इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स ने पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च पर चार वर्ष से अधिक काम न किया हो। साथ ही एनसीबीएस के मेंबर या स्टेम फैकल्टी द्वारा स्पॉन्सर किया होना जरूरी है।
योग्यता - विषयानुसार
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
https://www.ncbs.res.in/academic/postdoc-cfp

जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल फंड स्कॉलरशिप - 2020

संस्था का नाम - जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल ऑर्गेनाइजेशन, नई दिल्ली
किसके लिए - पोस्ट ग्रेजुएट कर पीएचडी में एडमिशन ले चुके छात्र जिन्हें आर्थिक सहायता की जरूरत हो।
योग्यता - भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/इंस्टीट्यूशन में पीएचडी कोर्स में एडमिशन ले चुके स्टूडेंट्स इस स्कॉलरशिप के पात्र हैं। इसके अलावा आवेदकों के ग्रेजुएशन और पीजी में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना जरूरी है।
अंतिम तिथि - 31 मई 2020
www.jnmf.in

आगा खान फाउंडेशन इंटरनेशनल स्कॉलरशिप 2020-21

संस्था का नाम - आगा खान फाउंडेशन, नई दिल्ली, इंडिया
किसके लिए - ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूर्ण कर चुके और उसके बाद पीजी या पीएचडी करने के इच्छुक छात्र आवेदन के पात्र हैं।
योग्यता - पीजी की पढ़ाई के इच्छुक स्टूडेंट्स भी इस स्कॉलरशिप के पात्र हैं। हालांकि वे स्टूडेंट्स भी आवेदन कर सकते हैं जो पीएचडी की पढ़ाई करना चाहते हों उनकी आयु 30 वर्ष से अधिक न हो और उनके पास प्रोफेसर का रिकमंडेशन लेटर भी हो।
अंतिम तिथि - 20 मार्च 2020
https://www.akdn.org

कीप इंडिया स्माइलिंग फाउंडेशन स्कॉलरशिप प्रोग्राम

संस्था का नाम - कोलगेट - पामोलिव इंडिया, मुंबई
किसके लिए - फाउंडेशन खेल में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए (खिलाड़ी विद्यार्थियों से) आवेदन आमंत्रित कर रही है।
योग्यता - नेशनल/स्टेट/डिस्ट्रिक्ट लेवल खेल चुके खिलाड़ी आवेदन के लिए पात्र हैं। हालांकि नेशनल रैंकिंग में 500/स्टेट रैंकिंग में 100/डिस्ट्रिक्ट रैंकिंग में 10 रैंक अंदर आना जरूरी हैं, साथ ही परिवार की सालाना आय 5 लाख रुपये से कम होनी चाहिए।
अंतिम तिथि - 31 मार्च 2020
http://www.buddy4study.com/colgate-scholarship

मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास मंत्रिपरिषद् उप समिति गठित

भोपाल, राज्य शासन ने मछली पालन नीति क्षेत्र के विषयों पर समग्र रूप से योजना बनाने एवं निर्णय लेने के लिये मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास मंत्रिपरिषद् उप समिति का गठन किया गया है। पशुपालन, मत्स्य विकास एवं मछुआ कल्याण मंत्री श्री लाखन सिंह यादव अध्यक्ष होंगे।

पांच सदस्यीय उप समिति में डॉ. विजयलक्ष्मी साधौ मंत्री संस्कृति तथा चिकित्सा-शिक्षा, श्री जयवर्द्धन सिंह मंत्री नगरीय विकास एवं आवास, श्री कमलेश्वर पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्री सचिन यादव मंत्री किसान कल्याण तथा कृषि विकास सदस्य होंगे। प्रमुख सचिव मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास को उप समिति का सचिव नियुक्त किया गया है। संचालक मत्स्योद्योग उप समिति के सह-सचिव होंगे।

उप समिति मछुआ कल्याण से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के साथ मत्स्य-पालन एवं मछुआरों के अधिकार मान्य करने, मत्स्यपालन का अधिकार केवल मछुआरों एवं आदिवासी सहकारी समिति को देने पर विचार करेगी। प्रदेश में मत्स्य कृषकों की समस्याओं एवं मत्स्य उद्योग की संभावनाओं पर भी विचार करेगी। पड़ोसी राज्यों की तुलना में केन्द्रांश सहित 20-25 करोड़ का बजट है जो पड़ोसी राज्यों के 400-500 करोड़ रुपये के बजट की तुलना में काफी कम है। समिति इसे बढ़ाने पर भी ध्यान देगी। इसके साथ मत्स्य बीज में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने, नदियों के समीप रहने वाले मछुआरों के लिये योजनाएं, प्रदेश में फिश पौण्ड हेल्थ कार्ड योजना बनाने के साथ नवीन मत्स्य पालन नीति बनाने पर भी विचार करेगी।

समिति में संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव तथा सचिव स्थायी रूप से आमंत्रित होंगे।

(स्रोत : समाचार जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार।)

खेलचर्चा

देश के सात शहरों में खुलेंगे हॉकी के हाई परफॉर्मेंस सेंटर

नई दिल्ली, हॉकी इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण देश के सात शहरों में हॉकी के हाई परफॉर्मेंस सेंटर बनायेगा। इन सेंटर्स को बनाने का उद्देश्य वर्ष 2024 और 2028 के ओलिंपिक खेलों के लिये युवा खिलाड़ियों को तैयार करना है। इन सेंटर्स के बनने से जूनियर और सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। ये सेंटर खेलो इंडिया योजना के तहत बनाये जा रहे हैं। ये सेंटर्स बेंगलुरु, नई दिल्ली, सुंदरगढ़, भोपाल, इंफाल, पुणे और रांची में बनाये जायेंगे।

गोपीचंद को मिला आईओसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

नई दिल्ली, अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) ने भारत के बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया है। आईओसी द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, गोपीचंद को 2019 आईओसी कोच लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड्स के पुरुष वर्ग के लिये चुना गया है। आईओसी उनके भारत में बैडमिंटन के विकास, खिलाड़ियों को सहयोग देने और ओलिंपिक मूवमेंट में योगदान के लिये किये गये प्रयासों को सराहना चाहता है।

स्वीडन के डुप्लेंटिस ने पोल वॉल्ट में बनाया विश्व रिकॉर्ड

तोरून (पोलैंड), स्वीडन के अरमांड डुप्लेंटिस ने पोल वॉल्ट में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। डुप्लेंटिस ने पोलैंड में आयोजित वर्ल्ड एथेलेटिक्स इंडोर मीट में 6.17 मीटर जंप कर फ्रांस के रेनॉड लाविलेनी (6.16) का रिकॉर्ड तोड़ा है। डुप्लेंटिस वर्ष 2019 में विश्व चैंपियनशिप में पोल वॉल्ट में रजत पदक जीत चुके हैं, अब उनकी नजर टोक्यो ओलिंपिक में पदक जीतने पर है।

फ्रंटफुट नो बॉल को लेकर आईसीसी ने बनाया नया नियम

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) ने फ्रंटफुट नो बॉल को लेकर नया नियम बनाया है। नये नियम का इस्तेमाल आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप में होगा। आईसीसी ने एक बयान में कहा कि अब थर्ड अंपायर फ्रंटफुट नो बॉल को चेक करेगा। थर्ड अंपायर प्रत्येक बॉल के बाद यह देखेगा कि गेंदबाज का अगला पैर पॉपिंग क्रीज के पार था या नहीं। वह हर गेंद के बाद मैदानी अंपायर को सही या गलत गेंद की सूचना देगा। हालांकि मैदानी अंपायर के पास भी फ्रंटफुट नो बॉल देने का अधिकार रहेगा।

टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले सबसे युवा गेंदबाज बने नसीम

रावलपिंडी, पाकिस्तान के उभरते तेज गेंदबाज नसीम शाह ने टेस्ट क्रिकेट में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। नसीम टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले सबसे युवा गेंदबाज बन गये हैं। 16 वर्षीय नसीम ने बांग्लादेश के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गये टेस्ट मैच में बांग्लादेश की दूसरी पारी में लगातार गेंदों पर नजमल हुसैन, तैजुल इस्लाम और महमुदुल्लाह रियाद के विकेट लिये। नसीम से पहले टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम उम्र में हैट्रिक लेने का रिकॉर्ड बांग्लादेश के लेग स्पिनर आलोक कपाली के नाम था। आलोक ने वर्ष 2003 में पाकिस्तान के खिलाफ 19 वर्ष की आयु में टेस्ट हैट्रिक ली थी।

आईसीसी अंडर-19 विश्वकप

भारत को हराकर बांग्लादेश पहली बार बना विश्व चैंपियन

पोचेफ्स्ट्रूम, बांग्लादेश की युवा क्रिकेट टीम ने आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप के फाइनल में भारत को 3 विकेट से हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया है।

मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। विश्वकप में अब तक भारत को बढ़िया शुरुआत दिलाने वाले सलामी बल्लेबाज दिव्यांश सक्सेना इस मैच में महज 2 रन ही बना सके, वहीं उनके जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल ने 88 रनों की पारी खेली। यशस्वी के अलावा तिलक वर्मा (38) और ध्रुवचंद जुरेल (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। भारतीय टीम एक समय 4 विकेट पर 156 रन बनाकर मजबूत स्थिति में लग रही थी, लेकिन बांग्लादेश ने अगले 21 रनों पर 6 विकेट झटक कर भारत को 177 रन पर ऑलआउट कर बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया।

भारतीय गेंदबाजों ने भी किया पलटवार

जीत के लिये मिले 178 रनों के आसान लक्ष्य के जवाब में बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन (47) और तनजिद हसन (17) ने शानदार शुरुआत की। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद बांग्लादेश की पारी लड़खड़ा गई। इसके बाद कप्तान अकबर अली (43) ने संघर्षपूर्ण पारी खेलकर बांग्लादेश को लक्ष्य के पार पहुंचाया।

- आईसीसी अंडर-19 विश्वकप जीतने वाला सातवां देश है बांग्लादेश।
- बांग्लादेश ने पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट जीता है।
- भारत आईसीसी अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में 4 बार जीता तथा 3 बार हारा है।
- भारत वर्ष 2000, 2008, 2012 और 2018 में यह टूर्नामेंट जीता है।
- ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 1988, 2002 तथा 2010 में जीता है आईसीसी अंडर-19 विश्वकप।
- पाकिस्तान ने वर्ष 2004 और 2006 में जीता है यह विश्वकप।
- इंग्लैंड (1998), दक्षिण अफ्रीका (2014) तथा वेस्टइंडीज (2016) में बना है चैंपियन।

आईसीसी टीम ऑफ द टूर्नामेंट में 3 भारतीय

अंडर-19 विश्वकप के समापन के बाद आईसीसी ने टीम ऑफ द टूर्नामेंट का ऐलान किया। इस टीम में भारत के यशस्वी जायसवाल, रवि बिश्नोई और कार्तिक त्यागी को जगह मिली है। बांग्लादेश को विश्व चैंपियन बनाने वाले अकबर अली को आईसीसी ने अपनी टीम का कप्तान बनाया है।

टीम इस प्रकार है- यशस्वी जायसवाल, इब्राहिम जादरान, महमुदुल हसन जॉय, अकिल कुमार, अकबर अली, नयीम यंग, शहादत हुसैन, रविंदु रमन्था, जयदीन सील, शफिकुल्लाह गफारी, रवि बिश्नोई और कार्तिक त्यागी।

ब्रांड वैल्यू के मामले में विराट लगातार तीसरे वर्ष शीर्ष पर

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली सेलेब्रिटी ब्रांड वैल्यू के मामले में भारत में लगातार तीसरे वर्ष शीर्ष पर हैं। अमेरिका की ग्लोबल एडवाइजरी फर्म डफ एंड फेल्प्स की एक रिपोर्ट के अनुसार विराट कोहली की ब्रांड वैल्यू 237.5 मिलियन डॉलर (लगभग 1691 करोड़ रुपये) तक पहुंच गई है। सेलेब्रिटी ब्रांड वैल्यू के मामले में विराट के बाद भारतीय अभिनेता अक्षय कुमार (745 करोड़ रुपये) है।

अंकिता रैना ने जीता आईटीएफ महिला युगल खिताब

नॉनथाबुरी, भारत की दिग्गज महिला टेनिस खेलाड़ी अंकिता रैना ने आईटीएफ महिला युगल खिताब जीत लिया है। यह एक सप्ताह में अंकिता का दूसरा आईटीएफ खिताब है। अंकिता ने महिला युगल वर्ग में नीदरलैंड्स की विबियाने स्कूफ्स के साथ मिलकर मियावी इनौये और जिया कि कांग की जोड़ी 6-3, 3-6, 10-7 से हराया।

जेम्स फॉस्टर केकेआर के फील्डिंग कोच बने

कोलकाता, कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के 13वें सत्र के लिए इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर जेम्स फॉस्टर को अपना फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। फॉस्टर ने साल 2001 से 2009 के बीच इंग्लैंड के लिए 7 टेस्ट, 11 वनडे और 5 ट्वेंटी-20 खेले हैं। फॉस्टर ने 2001 में मोहाली में भारत के खिलाफ टेस्ट पदार्पण किया था। गौरतलब है कि 29 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में दिनेश कार्तिक कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया ने जीती त्रिकोणीय ट्वेंटी-20 सीरीज

मेलबर्न, आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप से पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुये तीन देशों की ट्वेंटी-20 सीरीज जीत ली है। टूर्नामेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 11 रन से हराया।

मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट पर 155 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया के लिये वेथ मूनी ने 71 तथा मेग लेनिंग और एश्ले गार्डनर ने 26-26 रनों की पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की पारी 144 रनों पर सिमट गई। भारत के लिये स्मृति मंधाना ने 37 गेंदों में 66 रन बनाये, लेकिन वे टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सकीं। मंधाना और हरमनप्रीत कौर ने चौथे विकेट के लिये 50 रनों की साझेदारी की। लेकिन तीन रन के अंतराल में दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारतीय पारी बिखर गई। ऑस्ट्रेलिया के लिये लेफ्ट आर्म स्पिनर जेस जोनासेन ने 12 रन देकर 5 विकेट लिये।

उल्लेखनीय है कि इस त्रिकोणीय श्रृंखला की तीसरी टीम इंग्लैंड थी। टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में तीनों टीमों ने दो-दो मैच जीते थे।

ओलिंपिक क्वालिफायर रैंकिंग में अमित पंघाल बने नंबर वन

नई दिल्ली, अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) द्वारा अगले महीने आयोजित होने वाले ओलिंपिक क्वालिफायर के लिये रैंकिंग जारी की गई है। इस रैंकिंग में भारत के अमित पंघाल ने शीर्ष स्थान हासिल किया है।

अमित को 52 किलोग्राम भारवर्ग में नंबर वन रैंकिंग मिली है। वे मुक्केबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पिछले 11 वर्षों में पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज हैं। इससे पहले वर्ष 2009 में विजेंदर सिंह 75 किलोग्राम भारवर्ग की रैंकिंग में पहले पायदान पर पहुंचे थे।

मुक्केबाजी कार्यबल द्वारा जारी इस रैंकिंग में अमित को 420 अंक मिले हैं। वहीं छह बार की विश्व चैम्पियन एम.सी. मेरीकॉम 51 किलोग्राम भारवर्ग में पांचवें स्थान पर हैं, जबकि युवा मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन 69 किलोग्राम भारवर्ग

में तीसरे पायदान पर काबिज हैं। इनके अलावा कविंदर सिंह बिष्ट 57 किलोग्राम भारवर्ग रैंकिंग में सातवें स्थान पर जगह बनाने में कामयाब हुये हैं।

मुक्केबाजी कार्यबल ने अमित पंघाल, कविंदर सिंह बिस्ट, एम.सी. मेरीकॉम और लवलीना बोरगोहेन के अलावा सोनिया चहल, निखत जरीन, मनीष कौशिक, गौरव बिधूड़ी, शिव थापा और मनोज कुमार को भी रैंकिंग में शामिल किया है।

भारत-न्यूजीलैंड वन-डे सीरीज

न्यूजीलैंड ने 3-0 से क्लीन स्वीप की सीरीज

माउंट मोंगनुई, ट्वेंटी-20 सीरीज में भारत के हाथों 5-0 से करारी हार झेलने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ने धमाकेदार वापसी करते हुये तीन मैचों की वन-डे सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। न्यूजीलैंड ने पहला मैच 4 विकेट, दूसरा मैच 22 रन और तीसरा मैच 5 विकेट से जीता।

तीसरे मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने 62 रन पर भारत के तीन विकेट झटककर भारत को दबाव में ला दिया। इसके बाद श्रेयस अय्यर (62) और के.एल. राहुल (112) ने चौथे विकेट के लिये 100 रनों की साझेदारी की। वहीं मनीष पांडे ने 42 रनों की पारी खेल भारत का स्कोर 7 विकेट पर 296 रन तक पहुंचाया।

इस लक्ष्य के जवाब में न्यूजीलैंड के

सलामी बल्लेबाज मार्टिन गप्टिल (66) और हेनरी निकोल्स (80) ने तेज शुरुआत करते हुये पहले विकेट के लिये 106 रन जोड़े। इनके बाद कॉलिन डि ग्रैंडहोम (58) और टॉम लॉथम (32) ने बढ़िया पारी खेलते हुये 47.1 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

- 31 वर्षों में पहली बार भारतीय टीम को वन-डे में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा।
- वेस्टइंडीज ने वर्ष 1989 में भारत को 5-0 से क्लीन स्वीप किया था।

महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप में लक्ष्मी होंगी पहली महिला रेफरी

मेलबर्न, आईसीसी ने महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप के लिये मैच अधिकारियों की सूची जारी की है। सूची में तीन मैच रेफरियों का नाम शामिल है,

जिनमें भारत की जी.एस. लक्ष्मी भी शामिल हैं। लक्ष्मी आईसीसी विश्वकप में मैच रेफरी की भूमिका निभाने वाली पहली महिला रेफरी बनेंगी। आईसीसी द्वारा जारी सूची में लक्ष्मी के साथ स्टीव बर्नार्ड और क्रिस ब्राड भी शामिल हैं। आईसीसी सूची में 12 अंपायरों का नाम भी शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मी के नाम पुरुष वन-डे मैच में रेफरी की भूमिका निभाने वाली विश्व की पहली महिला होने का रिकॉर्ड भी दर्ज है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड-462 011

❍ **मैं फार्मास्युटिकल बिजनेस मार्केटिंग एंड मैनेजमेंट के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें?**

- नरेन्द्र मदान, गंधवानी (धार)

● मेडिकल के क्षेत्र का जिस तेजी से

विकास हो रहा है, उससे दवाओं का बाजार भी व्यापारिक दृष्टि से बहुत विस्तृत हुआ है। अगर भारत में दवा व्यापार की बात करें तो यह साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। आलम यह है कि भारत के दवा व्यापार में आए इस उछाल का लाभ सभी देशी-विदेशी कंपनियाँ उठाने से चूकना नहीं चाहती हैं। दवा कंपनियों की इसी चाह के चलते इस क्षेत्र में रोज़गार के अवसरों में भारी वृद्धि हुई है। दवा व्यापार के क्षेत्र में मार्केटिंग और मैनेजमेंट के लिए चिकित्सा क्षेत्र के आधारभूत तथ्यों की उम्दा जानकारी होना बहुत आवश्यक है। अर्थात कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पास मैनेजमेंट, चिकित्सा और दवा तीनों की पर्याप्त जानकारी हो। पहले कई तकनीकी क्षेत्रों में डॉक्टरों को मैनेजमेंट और मार्केटिंग के काम में लगाया जाता था, लेकिन आज हमारे पास ऐसे कार्यों के लिए इतने चिकित्सक नहीं हैं जो इस तरह के कार्यों को अंजाम दें। कुछ समय पहले तक बी.एससी. रसायन या जीवविज्ञान के छात्रों को भी दवाओं की मार्केटिंग के लिए नियुक्त किया जाता था, लेकिन लगातार बढ़ती प्रतिस्पर्धा को देखते हुए इस क्षेत्र में विशेषज्ञ व्यक्तियों की मांग बहुत ज्यादा है। इसी बढ़ती मांग को देखते हुए बहुत से विश्वविद्यालयों में फार्मास्युटिकल बिजनेस मैनेजमेंट तथा फार्मास्युटिकल मार्केटिंग के पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फार्मास्युटिकल एंड हेल्थ केयर मार्केटिंग, डिप्लोमा इन फार्मास्युटिकल मार्केटिंग, एडवांस डिप्लोमा इन फार्मास्युटिकल मार्केटिंग एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फार्मास्युटिकल मार्केटिंग के कोर्स किए जा सकते हैं। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की अवधि 6 माह है। इनमें प्रवेश के लिए अनिवार्य योग्यता 12वीं विज्ञान विषय से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पाठ्यक्रम की अवधि एक वर्ष है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता बी.एससी. या बी.फार्मा. निर्धारित है। बारहवीं विज्ञान विषय समूह से उत्तीर्ण करने के बाद तीन वर्षीय फार्मास्युटिकल में बीबीए पाठ्यक्रम भी किया जा सकता है। वर्तमान समय में राष्ट्रीय तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत एक उम्दा दवा बाजार के रूप में उभरा है। इन कंपनियों में प्रशिक्षित श्रमशक्ति की भारी मांग है। इस क्षेत्र में एरिया मैनेजर, एचआर मैनेजर, प्रोडक्ट मैनेजर, क्वालिटी कंट्रोल मैनेजर, ब्रांड मैनेजर या मैनेजमेंट प्रशिक्षु के रूप में कार्य के अवसर उपलब्ध हैं। बीबीए तथा डिप्लोमा कोर्स के बाद मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव, प्रोडक्ट एग्जिक्यूटिव, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव, बिजनेस एग्जिक्यूटिव के रूप में नियुक्ति होती है।

फार्मास्युटिकल बिजनेस मार्केटिंग एंड मैनेजमेंट का पाठ्यक्रम कराने वाले प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं -

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, जमशेदपुर।
- इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, एमईटी, मुंबई।
- इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, पुणे।
- इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन, मोहाली।

❍ **कृपया मुझे एनीमेशन कार्टूनिंग का कोर्स कराने वाले देश के प्रतिष्ठित संस्थानों की जानकारी प्रदान करें?**

- मनीष दुबे, पनागर (जबलपुर)

● एनीमेशन कार्टूनिंग का कोर्स कराने वाली प्रमुख संस्थाएँ हैं- दिल्ली कॉलेज

ऑफ आर्ट, तिलक मार्ग, नई दिल्ली, सर जेजे स्कूल ऑफ आर्ट, मुंबई, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पाल्दी, अहमदाबाद।

❍ **माइनिंग इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कॅरियर के क्या अवसर हैं? माइनिंग इंजीनियरिंग का कोर्स कहाँ से किया जा सकता है?**

- सचिन परांजपे, गाडरवारा (नरसिंहपुर)

● धरती के गर्भ में मौजूद खनिज संपदा को निकालने का काम प्रशिक्षित लोगों के नेतृत्व में किया जाता है। इस क्षेत्र में प्रशिक्षित होने के लिए विशेष अध्ययन की जरूरत होती है और खनन के क्षेत्र में कॅरियर की शुरुआत यहीं से मानी जानी चाहिए। हमारे देश में भी खनिज संपदा का प्रचुर भंडार है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उड़ीसा, झारखंड, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों से बहुत अधिक मात्रा में खनिज पदार्थ प्राप्त होते हैं। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रशिक्षित माइनिंग इंजीनियरों की मांग दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। माइनिंग इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रवेश के लिए छात्र को बारहवीं की परीक्षा भौतिक, रसायन तथा गणित विषय से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जेईई मेन्स प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही बीटेक/बीई (माइनिंग) या बीएससी (माइनिंग इंजीनियरिंग) पाठ्यक्रम में प्रवेश मिलता है। माइनिंग इंजीनियरिंग का कोर्स कराने वाले प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स, धनबाद, झारखंड।
- बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सिंदरी, बिहार।
- कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग, उदयपुर, राजस्थान।
- गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, रायपुर, छत्तीसगढ़।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

❍ **मैं टूरिस्ट गाइड बनना चाहता हूँ कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें?**

- अवनीश खाती, समनापुर (डिंडोरी)

● किसी भी देश की सामाजिक, सांस्कृतिक परम्पराओं से पर्यटकों को

अवगत कराने में टूरिस्ट गाइड की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। यही वो कारण है, जिसके चलते आज टूरिस्ट गाइड एक आकर्षक कॅरियर विकल्प के तौर पर अपनी जगह बना चुका है। किसी भी योग्य गाइड को संबंधित देश, राज्य या क्षेत्र की भौगोलिक जानकारी के साथ-साथ सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और पर्यटन संबंधी जानकारी होना बहुत जरूरी है। हिन्दी और अंग्रेजी भाषा के साथ-साथ गाइड के लिए संबंधित क्षेत्र की भाषा में भी दक्षता जरूरी है। इसके अलावा विदेशी भाषाओं जैसे- जर्मन, फ्रेंच, इटेलियन, जापानी आदि पर भी अच्छी पकड़ हो तो कहना ही क्या। विभिन्न भाषाओं के माहिर छात्रों को पर्यटन स्थलों के गाइड के रूप में आकर्षक वेतन पर रोज़गार मिलने में बहुत आसानी होती है। अगर किसी टूरिस्ट गाइड को विभिन्न देशों और राज्यों की फ्लाइट, बस सेवा और रेल सेवा संबंधी जानकारी भी हो तो इस क्षेत्र में उसकी पैठ और गहरी हो जाती है। एक टूरिस्ट गाइड के रूप में कोई भी व्यक्ति किसी ट्रेवल एजेंसी या बड़े-बड़े होटलों के साथ जुड़ सकता है। इसके अलावा वह स्वतंत्र रूप से भी टूरिस्ट गाइड का काम कर सकता है। लेकिन इसके लिए आपको भारतीय पर्यटन और ट्रैवल विभाग से टूरिस्ट गाइड का लाइसेंस लेना होगा। लाइसेंस प्राप्त करने के लिए भारतीय पर्यटन और ट्रैवल विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा को पास करना जरूरी होता है। टूरिस्ट गाइड का कोर्स बारहवीं अथवा स्नातक के बाद किया जा सकता है। टूरिस्ट गाइड का कोर्स कराने वाले देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर।
- दिल्ली पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली।
- जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, न्यू महरौली रोड, नई दिल्ली।

❍ **मैं अरोमा मोमबत्ती बनाने का लघु उद्योग खोलना चाहता हूँ। कृपया जानकारी प्रदान करें।**

- रवि खंडेलवाल, वरही (कटनी)

● एक जमाना था, जब मोमबत्तियाँ (कैंडल्स) केवल सफेद, लाल, हरे या पीले रंगों में ही आती थीं और इनका उपयोग क्रिसमस, जन्मदिन, घर में या चर्च में जलाने और रोशनी फैलाने के लिए होता था, लेकिन अब इसका स्वरूप बदल गया है। वर्तमान में पांच सितारा होटलों से लेकर घरों के ड्राइंग रूम, लिविंग रूम, डाइनिंग टेबल आदि में भी सजावट के लिए डिजायनर रंग-बिरंगी मोमबत्तियों तथा अरोमा मोमबत्तियों का उपयोग होने लगा है। इनकी बढ़ती मांग को देखते हुए अब मोमबत्तियों के एक्सक्लुसिव स्टोर भी खुल रहे हैं। आजकल मार्केट में कई तरह की मोमबत्तियाँ मौजूद हैं। इनमें से अरोमा मोमबत्ती बहुत ज्यादा प्रचलित है। अरोमा मोमबत्ती को जलाने पर भीनी-भीनी खुशबू वातावरण अथवा कमरे में फैल जाती है। अरोमा मोमबत्ती का लघु उद्योग खोलने के लिए ज्यादा पूंजी की जरूरत नहीं होती है। इसमें कच्चे माल के रूप में मोम (वैक्स), जैल, विभिन्न खुशबुओं वाले सेंट, रंग तथा इन्हें संवारने के लिए सजावटी सामान की जरूरत पड़ती है। मोम पिघलाने के लिए बड़े बर्तन और चूल्हा तथा मोमबत्तियों को अलग-अलग आकार देने के लिए विभिन्न आकृति के सांचों की जरूरत होती है। चूँकि मोमबत्ती उद्योग लघु उद्योग की श्रेणी में आता है इसलिए सरकार इसे बढ़ावा देने के लिए नए उद्यमियों को प्रोत्साहित भी कर रही है। मोमबत्ती उद्योग हेतु ऋण सुविधा भी उपलब्ध है। अरोमा मोमबत्तियों का निर्माण वैसे तो रचनात्मक काम है। अरोमा मोमबत्ती निर्माण प्रक्रिया को समझने हेतु इस क्षेत्र में प्रशिक्षण की जरूरत होती है। प्रशिक्षण में इसके उत्पादन की बारीकियाँ सीखने को मिलती हैं, जो एक सफल उद्यमी बनने की पहली सीढ़ी है। मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र से प्रशिक्षण हेतु संपर्क किया जा सकता है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा भी प्रशिक्षण एवं ऋण की सुविधा उपलब्ध है।

❍ **मैं मनोवैज्ञानिक बनाना चाहती हूँ। कृपया मार्गदर्शन प्रदान करें?**

- संध्या गरबारे, गैरतगंज (रायसेन)

● आधुनिकता के साथ बढ़ते मानसिक तनाव ने मनोविज्ञानियों के लिए नए अवसर उत्पन्न किए हैं। मनोविज्ञान की सामान्य शिक्षा के लिए स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम देश के लगभग सभी विश्वविद्यालयों में उपलब्ध हैं और अगर इसे कॅरियर के रूप में चुनना है तो विशिष्ट अध्ययन संस्थानों से डिग्री तथा डिप्लोमा के विशेष पाठ्यक्रम किए जा सकते हैं। पब्लिक स्कूल, नर्सिंग होम, अस्पताल तथा प्रायवेट कंपनियों में मनोवैज्ञानिक पद की आवश्यकता बन गई है। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आप निजी स्तर पर भी काउंसलर के रूप में कार्य कर सकती हैं। मनोविज्ञान का पाठ्यक्रम कराने वाले प्रदेश और देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर।
- जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंसेस, बैंगलुरु।
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई।
- बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी।

❍ **कृपया मुझे आर्कियोलॉजी के क्षेत्र में कॅरियर के बारे में बताइए?**

- गीतांजली वर्मा, झिरन्या (खरगोन)

● आर्कियोलॉजी अर्थात पुरातत्व विज्ञान के तहत प्राचीन मानव संस्कृति को खंगाला जाता है। आर्कियोलॉजिस्ट

(पुरातत्व विज्ञानी) प्राचीन मानव के सांस्कृतिक आचार व्यवहार को व्याख्यायित करता है। इसके लिए वह पुरानी सभ्यताओं द्वारा छोड़ी गई चीजों और खंडहरों, उनकी गतिविधियों, व्यवहार आदि का अध्ययन करता है। आर्कियोलॉजी ऐतिहासिक खोज की वह शाखा है जो विशुद्ध रूप से वैज्ञानिक है। इसमें प्राचीन अवशेषों से सामना होता है। मसलन प्राचीन सिक्के, बर्तन, चमड़े की किताबें, भोजपत्र पर लिखित पुस्तकें, शिलालेख, मिट्टी के नीचे दफन शहरों के खंडहर या फिर पुराने किले, मंदिर, मस्जिद और हर प्रकार के प्राचीन अवशेष, वस्तुओं आदि का अध्ययन आर्कियोलॉजी के अंतर्गत किया जाता है। आर्कियो-लॉजिस्ट प्राचीन भौतिक अवशेषों की खोज करते हैं, उनका अध्ययन/परीक्षण करते हैं और फिर अपने तार्किक निष्कर्ष के आधार पर इतिहास की सटीक व्याख्या प्रस्तुत करते हैं। इस प्रक्रिया के कारण जहाँ एक ओर दुनिया को इतिहास की सही जानकारी प्राप्त होती है, वहीं अंधविश्वास और गलतफहमियों का निपटारा भी इस प्रकार की महत्वपूर्ण पुरातात्विक खोजों से संभव होता है। अगर आप इतिहास को खंगालने की शौकीन हैं और इसके जरिए कई तरह की नई चीजों का पता लगाना चाहती हैं तो आर्कियोलॉजी के क्षेत्र में आपके लिए कॅरियर की बहुत संभावनाएँ हैं। आर्कियोलॉजिस्ट बनने के लिए आपको तीन वर्षीय बीए इन आर्कियोलॉजी डिग्री करना होगी, जिसके लिए 12वीं स्तर पर एक विषय के रूप में इतिहास की पढ़ाई आवश्यक है। यदि आगे आप एमए इन आर्कियोलॉजी करना चाहती हैं तो इसकी न्यूनतम योग्यता बीए इन आर्कियोलॉजी या समकक्ष है। इस क्षेत्र में जाने के लिए कम्युनिकेशन स्किल और आईटी स्किल की भी बहुत जरूरत है। आर्कियोलॉजी का कोर्स करने के उपरांत आर्कियो-लॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अलावा देश-विदेश में ऐसे बहुत से प्रतिष्ठित पुरातत्व संबंधी संस्थान हैं जहाँ निदेशक, शोधकर्ता, सर्वेक्षक, आर्कियोलॉजिस्ट, असिस्टेंट आर्कियो-लॉजिस्ट आदि पदों पर रोज़गार उपलब्ध है। म्यूजियमों, आर्ट गैलरियों, विदेश मंत्रालय के हिस्टोरिकल डिवीजन, शिक्षा मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, विश्वविद्यालयों आदि में भी रोज़गार के अच्छे अवसर मिलते हैं। आर्कियोलॉजी में डिग्री लेने के बाद शोध संस्थानों, ट्रेवल एंड टूरिज़्म इंडस्ट्री आदि जगह भी रोज़गार के अवसर उपलब्ध हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक संजय कुमार शुक्ल, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।